e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 259
शुक्रवार
22.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
परिस्थितियाँ जितनी ज्यादा, आपको तोड़ती हैं, उससे कहीं ज्यादा आपको, मजबूत बना देती हैं !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### त्रिपुरा में भारी मात्रा में गांजा और हेरोइन जब्त

**अगरतला :** त्रिपुरा पुलिस ने आज राज्य में अलग-अलग अभियानों के दौरान भारी मात्रा में गांजा तथा हेरोइन बरामद किये। त्रिपुरा पुलिस द्वारा आज दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार राज्य में जहां 29 किलोग्राम गांजा पकड़ा गया। वहीं, 126 ग्राम हेरोइन, 450 बोतल फैंसीड्रिल कफ सिरप जब्त किए गए। अलग-अलग मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत 4 केस दर्ज किए गए। आज राज्य भर में कुल 193 लोगों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। तीन वारंटी पकड़े गये। जबकि, दो गुमशुदा लोगों की तलाश की गई। पुलिस का अभियान जारी है।

### उत्तर प्रदेश में 6 साल में पैदा हुए निवेश के अवसरः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**नोएडा :** राष्टपति द्रौपदी मुर्म ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले छह-सात वर्षों में उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसर पैदा हुए हैं और इसके बुनियादी ढांचे में भी सुधार हुआ है. राष्टपति ने गौतम बुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश अंतरराष्टीय व्यापार प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम में यह बात कही. उन्होंने कहा कि इस व्यापार प्रदर्शनी के जरिये उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्टीय बाजार तक पहुंचाने की कोशिश की गई है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में राष्टपति ने कहा,पिछले छह से सात वर्षों में उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसर पैदा हुए हैं और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

## राज्यसभा में सर्वसम्मति से पास हुआ महिला आरक्षण बिल, पक्ष में पड़े 215 वोट

# ऐतिहासिक विजय : जगदीप धनखड़

## सभी सांसदों ने नारी शक्ति को बढ़ाने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** महिला आरक्षण बिल यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा से पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में चर्चा हुई. चर्चा के बाद इस बिल पर राज्यसभा में भी वोटिंग हुई. इस बिल के पक्ष में 215 वोट डाले गए.सर्वसम्मति से यह बिल अब राज्यसभा से भी पारित हो गया. इस बिल के पक्ष में एक भी सांसद ने वोट नहीं डाला. राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इसे ऐतिहासिक विजय बताया. पीएम ने कहा कि नारी शक्ति को विशेष सम्मान सिर्फ विधेयक से नहीं मिल रहा है. इस विधेयक के प्रति सभी राजनीतिक दलों की सकारात्मक सोच होना, ये हमारे देश की नारी शक्ति को नई ऊर्जा देगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इस बिल से देश के लोगों में एक नया विश्वास पैदा होगा. सभी सदस्यों और राजनीतिक दलों ने महिलाओं को सशक्त बनाने और %नारी शक्ति% को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. आइए देश को एक मजबूत संदेश दें. उन्होंने कहा कि नारी शक्ति को एक विशेष सम्मान सिर्फ विधेयक पारित होने से मिल रहा है ऐसा नहीं है, बल्कि इस विधेयक के प्रति देश के सभी राजनीतिक दलों की सकारात्मक सोच होना, ये हमारे देश की नारी शक्ति को नई ऊर्जा देने वाली है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि जनगणना और परिसीमन महिला आरक्षण विधेयक को अधिक प्रभावी बनाएगा। जनगणना और परिसीमन के बाद एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं को इसका समुचित लाभ मिल पाएगा।



### महिला आरक्षण विधेयक को चुनावी जुमले तक सीमित नहीं रहना चाहिए : खड़गे

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिला आरक्षण बिल पर कहा कि यह स्त्रियों के लिए है, लेकिन यह सिर्फ चुनावी जुमले तक सीमित नहीं रहना चाहिए. एक बार गृहमंत्री अमित शाह ने इसी तरह का एक वादा किया था. लेकिन बाद में जब उन्हें उनका वादा याद कराया गया तो उन्होंने कहा था कि वह चुनावी जुमला था. लेकिन हम चाहते हैं कि यह विधेयक चुनावी जुमला नहीं बनना चाहिए. इस बिल को हम खराब करना नहीं चाहते, लेकिन इस पर मेरी आपत्ति है. इस बिल का क्लोज 5 कहता है कि आरक्षण तभी लागू होगा, जब परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होगी. परिसीमन की प्रक्रिया जनगणना पूरी होने के बाद कराई जाएगी. इस तरह से महिला आरक्षण से पहले दो अनिवार्य शर्त रखी गई है. पहला जनगणना और दूसरा परिसीमन.

### महिलाओं को इज्जत देने का काम पीएम मोदी ने किया : जेपी नड्डा

गुरुवार को महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा नेता जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार के प्रयासों से सेक्स रेशियो बर्थ के हिसाब से 19 फीसदी बढ़ा है. हायर एजुकेशन में भी रेशियो बढ़ा है. आज देश में सेक्स रेशियों भी बढ़ा है और 1000 पुरुषों पर 1020 महिलाएं हैं. नड्डा ने कहा कि जो सिल्वर स्पून के साथ पैदा होते हैं, वो गरीब की तकलीफ क्या जानें. पीएम मोदी समझते हैं. 12 करोड़ बहनों को इज्जत के साथ घर दिया गया है. उनको इज्जत देने का काम पीएम मोदी ने किया और उसे संयुक्त राष्ट ने भी माना और सम्मानित किया. प्रधानमंत्री आवास योजना, एलपीजी गैस कनेक्शन से भी महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है.जेपी नड्डा ने कहा, बीजेपी का काम इससे पॉलिटिकल एडवांटेज लेना नहीं है.

## कुली से मिलने रेलवे स्टेशन पहुंचे राहुल, ड्रेस पहनी, लगेज भी उठाया



एजेंसी

**नई दिल्ली :** गुरुवार को राहुल गांधी कुलियों से मिलने और उनकी समस्याओं को सुनने के लिए नई दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर पहुंचे यहां राहुल गांधी ने कुली की ड्रेस भी पहनी और सामान भी उठाया। राहुल का ये लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। कांग्रेस ने राहुल की कुलियों के साथ फोटो ट्वीट करके लिखा कि राहुल गांधी आज दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुली साथियों से मिले। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें रेलवे स्टेशन के कुली साथियों ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी। आज राहुल जी उनके बीच पहुंचे और इत्मीनान से उनकी बात सुनी। भारत जोड़ो यात्रा जारी है। बता दें कि कुछ दिनों पहले राहुल गांधी सब्जी मंडी में लोगों से मिलने के लिए पहुंचे थे। एक बार राहुल अचानक दिल्ली के करोलबाग पहुंच गए। यहां उन्होंने साइकिल व्यापारियों और साइकिल बनाने वालों से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने बाइक के दुकान में जाकर भी लोगों से बात की। बाइक मैकेनिक की दुकान पर भी राहुल गांधी ने बाजार में आने वाली समस्याओं पर बात की। इसके अलावा राहुल ने 6 घंटो तक दिल्ली-चंडीगढ़ यात्रा में ट्रक ड्राइवरों के साथ बातचीत की थी। इसके अलावा राहुल गांधी दिल्ली के मुखर्जी नगर भी पहुंचे थे। उन्होंने यहां यूपीएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा लेने वाले छात्रों के साथ चर्चा भी की थी।






संक्षिप्त खबरें

## बटाने नदी में डूबने से मजदूर की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** नगर पंचायत क्षेत्र के खाप कटैया गांव निवासी स्व0 लखन राम का 37 वर्षीय पुत्र बबन राम की मौत गुरुवार को बटाने नदी में डूबने से हो गई। परिजनों ने बताया कि घर से एक किलोमीटर दूर घाघरा बटाने नदी की ओर खेती देखने के लिए गया था । जहां वह पैर फिसलने से नदी में बने एक गड्ढा में गिर गया । गड्ढे में अधिक पानी होने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी एवं दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। मजदूरी करके परिवार का वह भरण पोषण करता था । घटना के बाद अब परिजनों के समक्ष आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक निर्भय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से जरूरतमंद लाभुकों को जोड़ें : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कृषि, पशुपालन, गव्य विकास, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान एवं भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन, गव्य विकास, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान एवं भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से गांव के जरूरतमंद लोगों को जोड़ने और योजना का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने हेतु सबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी को निदेशित किया कि जेएसएलपीएस से समन्वय बनाकर जिले के विभिन्न प्रखंडों से चार-चार गांव का चयन कर पशुधन मॉडल विलेज बनाने की दिशा में कार्य करें। उपायुक्त ने बकरी, गाय, सुअर, बत्तख, पॉल्ट्र फॉर्म आदि का लाभ देने के लिए लाभुक का चयन करने का निर्देश दिया। उन्होंने भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत निर्मित हो रहे डिपबोर, परकोलेशकन टैंक आदि कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और ससमय पूरा करने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया। वंही उन्होंने कृषि,आत्मा, मत्स्य, सहकारिता एवं गव्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और ससमय पूरा करने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया। बैठक में उपायुक्त के अलावे कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन अविलंब पांकी मस्जिद चौक से बैरकैटिंग हटाये : डॉ. शशिभूषण मेहता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी मस्जिद चौक पर एक विशेष समुदाय द्वारा सड़क के किनारे बैरकैटिंग लगाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने जिला प्रशासन से अविलंब सड़क के किनारे बैरकैटिंग हटाने की मांग की है उन्होंने कहा कि पिछले 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तोरण द्वार लगाने को लेकर दो समुदाय में हिंसक झड़प हुई थी जिससे क्षेत्र काफी प्रभावित हुआ था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए तत्कालीन उपायुक्त ऐ डोडे व पलामू एसपी के सयुंक्त ने शांति समिति की बैठक आयोजित कर यह निर्देश जारी किया था मस्जिद चौक पर किसी भी पर्व में बास का बैरकैटिंग नहीं किया जायेगा। इसकै बावजूद भी मुस्लिम समुदाय द्वारा सड़क के किनारे अवैध तरीके से बैरकैटिंग किया गया है इसे पुलिस प्रशासन अविलंब हटाये। सड़क पर जल मिनार चाय दुकान खोल दिया गया है आये दिन लोगों को रास्तें से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर बैरकैटिंग नही हटाया गया तो सड़क के बीचों-बीच दस डीप बोर लगाया जायेगा। पांकी विधानसभा क्षेत्र में अमन चैन व शांति के महौल को बिगाड़ने के लिए लगातार एक विशेष समुदाय द्वारा तरह तरह का हथकंडा अपनाया जा रहा है इसे किसी भी किमत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## डीलर के विरोध में पीडीएस लाभुक पहुंचे अनुमंडल कार्यालय



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नरही पंचायत अंतर्गत सलसलादी ग्राम के जनवितरण प्रणाली के लाभुक ग्रामीण मुखिया मनोज ठाकुर के नेतृत्व में डीलर से परेशान हो कर शिकायत करने अनुमंडल कार्यालय पहुंच गये. लाभुको को एसडीओ से मुलाकात नही होने पर आवेदन अनुमंडल कार्यालय में दिये तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलने प्रखंड कार्यालय पहुच गये.लाभुकों ने बीडीओ श्रवण राम को आवेदन देते हुये अपनी परेशानी से अवगत कराया.एसडीओ और बीडीओ को दिए गये आवेदन में लाभुको ने लिखा है कि चिराग महिला समूह द्वारा संचालित जनवितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा दो-दो महीने का राशन नही दिया जा रहा है.दुकानदार द्वारा राशन व ईट पत्थर रख कर मशीन पर अंगूठा लगवा लिया जाता है. उनके द्वारा यह कहा जाता है कि पहले अंगूठा लगाइये तभी राशन मिलेगा। मजबूरी वश हमलोगों को अंगूठा लगाना पड़ता है.बाद में डीलर द्वारा राशन देने से इनकार कर दिया जाता है। लाभुको ने एसडीओ और बीडीओ से जांचोपरांत राशन दिलाने का अनुरोध किया है.बीडीओ श्रवण राम ने लाभुको को आश्वस्त किया कि सभी लाभुको को राशन मिलेगा। आवेदन देने वालो में उप मुखिया शारदा पासवान, राणा सिंह,उदय सिंह, शिवन्ति देवी, सरदार राम, मुन्ना सिंह, गिरवर राम, जोरावर पासवान, विजय पासवान, विश्वनाथ राम, अवधेश कुमार राम, कृष्णा सिंह, चंद्रिका राम, सुरेश राम, अनूप कुमार,बृज किशोर चौधरी, छोटे लाल चौधरी, विद्याधर सिंह, चानो देवी, चिंता देवी, फुना देवी,निरंता देवी सहित बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

# डीलर की मनमानी से तंग आकर मुख्यालय पहुंचे दर्जनों लाभुक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकुन्दपुर और सिंहपुर गांव के राशनकार्ड धारियों ने गुरुवार को जन वितरण प्रणाली मां अम्बे स्वयं सहायता समूह के डीलर के विरुद्ध प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ को आवेदन देकर डीलर पर राशन वितरण में कटौती करने,राशन कार्ड से नाम कटवाने और अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की है। लाभुकों ने आवेदन में उल्लेख किया है की मां अम्बे जनवितरण प्रणाली के डीलर के द्वारा कभी भी समय पर राशन का उठाव नहीं किया जाता है?। जिस कारण राशनकार्ड धारियों में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जन वितरण प्रणाली के संचालक विरेन्द्र पासवान रेणुकूट में नौकरी करते हैं। राशन वितरण करने के लिए एक दो दिन के लिए आते हैं और पुनः रेणुकूट चल जाते हैं। जिससे सिर्फ आधे अधूरे राशनकार्ड धारियों को ही राशन मिल पाता है।डीलर द्वारा अगस्त और सितम्बर माह का राशन वितरण में प्रति व्यक्ति एक किलो एवं 2-5 किलो प्रति राशन कार्ड धारियों का राशन कटौती किया जा रहा है। साथ ही सरकारी तराजू को टेंपरिंग कर राशन की वजन घटाया जा रहा है। आवेदन देने वालों में सुनील साह, अंगद कुमार गुप्ता, उमेश गुप्ता, फेकन साह, सुरजन गुप्ता, संजय वियार, पृथ्वीनाथ साह, सुनीता देवी, दुलारी देवी, प्रमिला देवी, रश्मि रानी, सोनी कुमारी, सीमा देवी, किस्मतिया देवी सहित दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने किया भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** मेन बाजार आरसी लाल चौक के समीप बुधवार की रात गणपति पूजा महोत्सव के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवयुवक गणपति सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राज्य राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष सह कुटुंबा के पूर्व विधायक ललन भुईयां ने फीता काटकर किया । उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने न कहा कि माता-पिता की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। भगवान गणेश भी अपने माता-पिता की पूजा कर प्रथम पूज्य बन गए। आयोजक समिति की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि उक्त स्थान से उनका बचपन का रिश्ता है। पूर्व विधायक ने झारखंड सरकार से क्षेत्र का तीव्र विकास करने की मांग करते हुए कहा कि विकास के उद्देश्य को लेकर संसाधनों से युक्त झारखंड राज्य का निर्माण हुआ है। परंतु वह अभी पूर्ण होता नहीं दिख रहा है। बाद में पूजा समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि को पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं नबीनगर प्रखंड प्रमुख गुड्डू सिंह, बबन भुईयां, भाजपा मंडल अध्यक्ष बब्लू बलराम दिनेश प्रसाद, सत्येंद्र पासवान, वैश्य जागृति मंच के भोला गुप्ता, गंगा जायसवाल, संजय गुप्ता, विजय जायसवाल, अवध प्रसाद गुप्ता, ओमप्रकाश अकेला, दिलीप स्वर्णकार, बिनु जायसवाल, गुंजन सिंह सहित अन्य अतिथियों को पगड़ी दी गई। बाद में कलाकारों ने कई भक्ति गीतों पर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूजा समिति के व्यवस्थापक बंटी गुप्ता, अध्यक्ष रिशु कुमार, पंकज कुमार, अंकित कुमार, कन्हाई विश्वकर्मा, कुणाल कुमार, कमलदीप विश्वकर्मा, हिमांशु गुप्ता, सतेंद्र साह, सौरभ पाठक, गोलू कुमार, संगम यादव, छोटू गुप्ता, चितरंजन गुप्ता, अंकित चंद्रवंशी, शशांक शेखर, विशाल गुप्ता, तुषार कुमार, रौनित कुमार, श्याम पासवान, प्रियांशु जायसवाल, सत्यम जायसवाल सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## जिला स्तर पर होगा यूथ फेस्ट कार्यक्रम, 17 से 25 वर्ष तक के छात्र/छात्राएं ले सकते है भाग

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से जिला स्तर पर यूथ फेस्टिवल कराया जाना है।इसके तहत 26 सितंबर 2023 को प्रातः 7-10 बजे मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा साथ ही 30 सितंबर 2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से लेकर 01.00 बजे अपराह्न तक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शहर के स्थानीय टाउन हॉल में किया जायेगा।इसी क्रम में 01.00 बजे अपराह्न से 03.00 बजे अपराह्न तक स्थानीय टाउन हॉल में ड्रामा का आयोजन किया जाएगा एवं अपराह्न 03.00 बजे से 04.00 बजे शाम तक रील मैकिंग प्रतियोगिता किया जायेगा।इन सभी कार्यक्रमों के समाप्ति के पश्चात शनिवार को ही शाम 4 बजे पुरस्कार वितरण का आयोजन कर सभी विजेताओं को प्रथम,द्वितीय व तृतीय एवं संतावना पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में 17 से 25 वर्ष के छात्र- छात्राएं भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले इच्छुक छात्र-छात्राएं सिविल सर्जन कार्यालय में डीपीएम से संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन 26 सितंबर से पहले या उसी दिन भी करा सकेंगे।

## सेवा सप्ताह के पांचवे दिन आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच किया गया स्लेट-पेंसिल का वितरण



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बंशीधर नगर द्वारा संचालित जायन्ट्स सेवा सप्ताह के पांचवे दिन आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्लेट पेंसिल का वितरण किया गया। जायन्ट्स अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू ने बताया कि बैल बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र व मध्य विद्यालय के बगल में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में लगभग 50 बच्चों के बीच स्लेट पेंसिल का वितरण किया गया। मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका आशा कुमारी, सुमित्रा देवी, जायन्ट्स सचिव अनूप कुमार निराला, सुजीत अग्रवाल, अश्विनी कुमार, राहुल जायसवाल, गोपाल जायसवाल, विनोद कुमार, सुजीत अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामविलास पासवान सेवा समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** रामविलास पासवान सेवा समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक सगमा प्रखंड के सोनडीहा ग्राम स्थित मध्य विद्यालय परिसर में कुमकुम पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक का शुभारंभ रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सगमा प्रखंड समिति का गठन किया गया.सर्वसम्मति से सगमा प्रखंड समिति के लिये मिथलेश पासवान को अध्यक्ष, पंकज विनय पासवान को उपाध्यक्ष, रामलाल पासवान को सचिव, गुलाब पासवान को कोषाध्यक्ष तथा बीडीसी कमलेश पासवान को प्रवक्ता बनाया गया.बैठक में उपस्थित लोगों ने रामविलास पासवान को याद करते हुये तथा उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हुये समाज मे बदलाव लाने तथा शिक्षा व स्वास्थ्य के मुद्दों पर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में संस्थापक अनुराग पासवान, सुमेर पासवान, जितेन्द्र टार्जन, धर्मेन्द्र पासवान, राम प्रवेश पासवान, भवनाथपुर प्रखंड प्रभारी सूरज पासवान, रमना प्रखंड मीडिया प्रभारी सुनील पासवान, विनय प्रकाश, विनोद लाला राम, बुद्धि नारायण, नगीना, सीताराम, राजेन्द्र, कुलदीप, मुरली, राकेश सहित बड़ी संख्या में पासवान परिवार के लोग उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी रमेश पासवान उर्फ सोनू ने दी।

# श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थानीय शाखा में हर्षोउल्लास के साथ 63 वां स्थापना दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** श्री सर्वेश्वरी समूह का 63 वा स्थापना दिवस स्थानीय श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी में पूरे हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया।इस दौरान सुबह प्रभात फेरी निकली गई। सजे हुए वाहन में अपने आराध्य भगवान अवधूत भगवान राम जी का चित्र को पूरे श्री बंशीधर नगर में भ्रमण कराया गया। उक्त अवसर पर भगवान चित्र एवं पूरी गाड़ी को वृहद रूप से सजाया गया था। जो देखने में अलौकिक लग रहा था। मौके पर समूह संस्था के सैकड़ो सदस्य प्रभात फेरी में शामिल हुए प्रभात फेरी में सर्वेश्वरी स्थापना दिवस अमर रहे का नारा लगाते सभी श्रद्धालु शहर का भ्रमण किया उसके बाद विधिवत पूजन अर्चन किया गया।समूह का झंडों तोलन संस्था के मंत्री आनंद जायसवाल के द्वारा किया गया। समूह के सभी अनुयायियों ने सामूहिक सफल योनि का पाठ किया। तत्पश्चात सूक्ष्म प्रसाद का वितरण भी किया गया। पूजन एवं सफल योनि का पाठ के बाद दोपहर में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने समूह के द्वारा चलाए जा रहे हैं उन्नीस सूत्रीय कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दिन हम सबों के लिए मानव मात्र का सेवा करने का संकल्प लेने का दिन है। हमारे आराध्य बाबा अवधूत भगवान राम ने 1961 में सर्वेश्वरी समूह की स्थापना कर समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने का आह्वान किया था। जिसके अंतर्गत कुष्ठ रोगियों का इलाज ,असहायों को सहयोग, नशाखोरी, छुआ छूट,दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरूतियो को मिटाना ,उन्नीस सूत्रीय कार्यक्रम को संचालित कर देश एवं राष्ट्र में अग्रणी भूमिका निभाने का हम सब को संकल्प दिलवाए थे। आज इस संकल्प को याद कर हम सबों को आने वाले कई दशकों तक समाज का सेवा अग्रणी रूप से करना है ।जिससे संस्थान -समूह उच्च कोटि का समाज में उदाहरण प्रस्तुत कर सके। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि समूह शाखा श्री बंशीधर नगर के द्वारा समय-समय पर असहाय लोगों को सहायता दवाई कैंप स्वास्थ्य कैंप छुआछूत सामाजिक कुरीतियों नशाखोरी के प्रति जन जागरण अभियान चलाना ।स्वास्थ्य एवम सफाई के अंतर्गत मंदिरों -मस्जिदों गिरजाघर और विद्यालयों में झाड़ू एवं सफाई में उपयोग होने वाले सामग्री का समय-समय पर वितरण करना, स्वास्थ कैम्प लगा कर असाध्य रोगों से ग्रसित लोगो को मुप्त में दवा वितरण करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। मौके पर समूह के सदस्यों ने अपने खान-पान में सुधार करने का भी बात कही उन्होंने कहा कि बाबा ग्रुपद संभव राम जी का स्पष्ट निर्देश है कि खान-पान में शुद्धता बढ़ाया जाए। जितनी सामग्री शुद्ध मिले उसे ही प्राप्त किया जाए ।उसी के अंतर्गत हमें कोल्हू युक्त तेल को उपयोग करना चाहिए मिलावटी तेलों से मिलावटी खाद्य पदार्थों से आज बचने की आवश्यकता है।

## जेएसएलपीएस आजीविका महिला ग्राम संगठन के महिलाओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान को लेकर निकाली गई रैली



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के दहेड़िया ग्राम में जेएसएलपीएस आजीविका महिला ग्राम संगठन के महिलाओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान को लेकर रैली निकला गया. नशा मुक्ति रैली फुलेश्वरी देवी के घर के निकट से निकलकर झुरकहीं टोला, यादव टोला होते हुए पुनः फुलेश्वरी देवी के घर पास आकर सम्पन्न हुआ। रैली में शामिल महिला संगठन की महिलाएं देश को बचाना है- नशा को बंद करना है,जन-जन का यही संदेश नशा मुक्त हो अपना देश ..हम सब का एक ही नारा नशा मुक्ति हो देश हमारा..घर परिवार बचाना है नशा मुक्ति अपनाना है सहित अन्य नारे लगा रहे थे. इस अवसर पर सीआरपी कमला कुमारी के द्वारा उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया. उन्होंने कहा कि एक घर परिवार चलाने के लिए दारू बनती है और दस घर परिवार को बर्बाद कर देती है। मौके पर सुनीता देवी, सावित्री देवी, देवंती देवी, फुलेश्वरी देवी, सोना देवी,प ुष्पा देवी, नौरंगी देवी, सीमा देवी,रीना देवी किस्मतिया देवी, सुगीया देवी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

# जिले में अवैध खनिजों के खनन, भंडारण व परिवहन के रोकथाम को लेकर डीएमओ हुए सख्त

### हॉट मिक्सिंग प्लांट के मालिक से पूछा गया स्पष्टीकरण, सात दिनों के अंदर मांगा जबाव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार पूरी तरह से सख्त हो गए है। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी पण्डवा अंचल एवं मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत हॉट मिक्सिंग प्लांट का निरीक्षण किया जहां खनिज के भंडारण पाया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्य करवा रहे संवेदक से स्पष्टीकरण कर सात दिनों के अंदर जबाव मांगा एवं ऐसा नहीं करने पर नियम संगत कार्रवाई की करने का निर्देश दिया। अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार 20 सितंबर एवं 21 सितंबर को लगातार दो दिन हॉट मिक्सिंग प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले 20 सितंबर को डीएमओ पण्डवा पहुंचे एवं अंचल के तुकबेरा में स्थापित हॉट मिक्सिंग प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण कि क्रम में पाया कि प्लांट में 10 एमएम का 7500 घनफीट एवं 20 एमएम का 5 हजार घनफीट स्टोन चिप्स रखा हुआ है जिसकी जांच जेम्स पोर्टल पर की तो पाया कि खनिज विक्रेता के द्वारा किसी प्रकार निबंधन स्वीकृति नहीं ली गयी है।निबंधन प्राप्त किए बिना ही खनिज की व्यवसाय किया जा रहा है जिस पर कार्रवाई करते हुए खनिज विक्रेता शैलेन्द्र कुमार सिंह,पिता मटुक सिंह,बाईपास,रोड मेदिनीनगर से सात दिनों के अंदर स्पष्टीकरण का जबाव मांगा,जबकि ससयम जबाव नहीं दिए जाने पर नियम संगत कार्रवाई को लेकर निर्देशित किया। इसी प्रकार 21 सितंबर को मेदिनीनगर अंचल के जोरकट में स्थापित हॉट मिक्सिंग प्लांट एवं पत्थर चटटी बेतला रोड डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज समीप मिक्सिंग प्लांट की जांच की, जहां पर 2500 सौ घनफीट स्टोन चिप्स, 1500 सौ स्टोन चिप्स डस्ट, वही जोरकट में 25 हजार घनफीट स्टोन चिप्स एवं एक हजार स्टोन डस्ट पाया जिस पर कार्रवाई करते हुए खनिज विक्रेता रणधीर कुमार सिंह, पिता महेन्द्र प्रसाद, चियांकि विजय नगर एवं जीएस कंस्ट्रक्शन, गुरूजीत सिह से स्पष्टीकरण करते हुए सात दिनों के अंदर जबाव मांगा एवं जबाव नहीं दिए जाने पर कार्रवाई की कार्रवाई की बात कही। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्ति बख्सें नहीं जाएगें। उन्होंने बताया कि उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में विभाग के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है एवं अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### मानव सेवा का प्रयाय बन गया है सर्वेश्वरी समूह : राजन

## विश्रामपुर सर्वेश्वरी समूह का मनाया गया 63 वां स्थपना दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर के साथ-साथ देश के हर कोने में स्थापित श्री सर्वेश्वरी समूह मानव सेवा का प्रयाय बन गया है। इस समूह के सभी समर्पित कार्यकर्ता मानवता को आत्मसात कर अपनी ओर से सेवा कार्य को अंजाम दे रहे हैं। जिस उद्देश्य के साथ अवधूत भगवान श्री राम ने 63 वर्ष पूर्व इसकी स्थापना की थी। इस परंपरा का निर्वहन समूह के लोगों की ओर से किया जा रहा है। उक्त बाते बतौर मुख्य अतिथि विश्रामपुर के विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा। वे समूह की ओर से आयोजित 63 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। कहा कि आज समाज बंट रहा है। इसे रोकना होगा। आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्रामपुर सर्वेश्वरी समूह के महामंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने किया। मौके पर समूह के महामंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडे ने सर्वेश्वरी समूह की स्थापना व समूह की ओर से चलाई जा रही कार्यों पर प्रकाश डाला। कहां की 1961 ईस्वी में अवधूत भगवान श्री राम ने मानव सेवा व जरूरतमंदों की सेवा को लक्ष्य बनाकर इसकी स्थापना की थी। जिस पर समूह कार्य करते हुए समूह अपनी एक अलग पहचान स्थापित करती रही है। वहीं समूह के 19 सूत्री कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व विश्रामपुर सर्वेश्वरी समूह आश्रम की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। जो शहर के सभी मुख्य मार्गो से होते हुए बी मोड़, रेहला महावीर मंदिर होते हुए रेहला स्टेशन रोड, योगी वीर मंदिर परिसर तक समूह के संदेशों को प्रचारित करते आगे बढ़ते रहे। प्रभात फेरी में शामिल स्थानीय सैकड़ो लोग जयकारा के साथ चारपहिया वाहन व मोटरसाईकल से शामिल हुए। सभी भगवान के नामों का स्मरण करते भ्रमण करते हुए आश्रम वापस लौटे। वहीं आश्रम परिसर में झंडोतोलन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साथ ही सर्वेश्वरी समूह की ओर से चलाए जाने वाले सभी कार्य योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शामिल विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, अजय बक्सराय, पूर्व विश्रामपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद सुनील चौधरी, देवनाथ चौधरी, राजेश मार्शल, सुमन बक्सराय, बबन बक्सराय, अच्युतानंद पांडेय, गोपाल पांडेय, सच्चिदानंद पांडेय, विनय पांडेय, अंशु पांडेय, दिलीप चंद्रवंशी, नरेंद्र पाल, आदि ने बताया कि देश के हर कोने में स्थापित सर्वेश्वरी समूह केवल मानव मात्र की सेवा के लिए ही स्थापित हुई है। वहीं अवधूत भगवान श्री राम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया।

## कुरैशी मुहल्ला की खराब स्ट्रीट लाइटें बनाई गई, अब गलियों में होगी रौशनी



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 11 का कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला की गलियों में पोल खंबा पे नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। कुछ स्ट्रीट लाइटें पिछले लगभग 3 महीना से खराब थी, कुछ स्ट्रीट लाइट में कार्बन आने और स्विच खराब होने से स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही थी। जिस कारण से आम जन को समस्याएं हो रही थी। खासकर बरसात का दिन है और रात में अंधेरा होने से और भी दिक्कतें हो रही थी। इन सब समस्याओं को देखते हुए मुहल्ले के लोगों ने इसकी जानकारी जमीयतुल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज कुरैशी से की, परवेज कुरैशी ने इसकी सूचना नगर निगम को दिया और नगर निगम के द्वारा टीम भेज कर करीब चार स्ट्रीट लाइटों की मरमति करा दी गई । कुछ स्ट्रीट लाइटें के तार टूट गए थे, कार्बन आ गए थे, कुछ स्विच का में कार्बन था, सभी स्ट्रीट लाइटों को मिस्त्री ने चेक करके बना दिया। देर शाम सभी लाइटें जलने से मुहल्ले के लोगों ने खुशी जाहिर की।

## डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया व टायफाइड का हुआ निःशुल्क जांच



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) ने रांची के हिंदपीड़ी गवालाटोली में डेंगू चिकनगुनिया, मलेरिया और टायफाइड के खिलाफ एक निःशुल्क मेडिकल कैम्प लगाया। कैम्प में कंसल्टेंट फिजिशियन डॉक्टर एसएम हसन और जेनरल फिजिशियन डॉक्टर ताबां रिज़वी ने रोगियों का इलाज किया। लगभग 90 रोगियों ने कैम्प में इलाज करवाया, जिन्हें नि शुल्क दवाइयाँ और जाँच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। माही के अध्यक्ष, इबरार अहमद ने कहा कि रांची में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और टायफाइड जैसी संक्रामक बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। इन बीमारियों से निपटने के लिए माही ने अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर शहर में जगह-जगह मेडिकल कैम्प लगाने का फैसला लिया है। इसी क्रम में हिंदपीढ़ी गवालाटोली में लगाया गया। हम नगर निगम के सीईओ से माँग करते हैं कि विशेषकर हिंदपीड़ी इलाक़ों में जल-जमाव पर क़ाबू पाया जाए और जरूरी रसायनों की छिड़काव युद्धस्तर पर किया जाए ताकि ये बीमारी और विकराल रूप धारण न कर सके। गद्दी पंचायत के मेराज गद्दी, ने कहा कि माही का यह प्रयास सराहनीय है और इससे ग़रीब तबके को महंगी जाँच से काफी राहत मिली। इस हेल्थ कैम्प में हाजी नवाब, शकील अहमद, मोहम्मद सलाहउद्दीन, नदीम अख़्तर, ख़ालिद सैफुल्लाह, मेराज गद्दी, जमील गद्दी, सरवर ईमाम खान, इबरार गद्दी, इमरान गद्दी, कलीम गद्दी, जुनैद गद्दी, इरफ़ान गद्दी, इस्लाम गद्दी, मुस्तक़ीम आलम, जमाल गद्दी, फ़िरोज़ जीलानी, मोहम्मद जावेद, माहताब आलम, साजिद गद्दी, रोजन गद्दी, आरिफ गद्दी, साजिद गद्दी, वाहिद गद्दी आदि लोग मौजूद थे।

## विधानसभा ने हाई कोर्ट को बताया, छह राज्यों से मिले मंतव्य में तीन राज्यों में है नमाज कक्ष

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड हाईकोर्ट में झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किए जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि छह राज्यों से विधानसभा में नमाज कक्ष पर मंतव्य आया है। इनमें से तीन राज्यों ने कहा है कि उनके यहां विधानसभा में नमाज का कक्ष है।विधानसभा को यह भी बताया गया कि कुछ और राज्यों से नमाज कक्ष के बारे में मंतव्य अभी आना है। इसके बाद नमाज कक्ष को लेकर विधानसभा द्वारा गठित सात सदस्य वाली सर्वदलीय कमेटी अपना निर्णय लेगी, जिसे कोर्ट को अवगत कराया जाएगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की। विधानसभा की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि बिहार, तमिलनाडु ,पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों से विधानसभा में नमाज कक्षा के बारे में मंतव्य आ गया है। इनमें से तीन राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल एवं बिहार की ओर से बताया गया है कि उनके यहां विधानसभा में नमाज कक्ष है। कोर्ट ने मामले में 14 दिसंबर को कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश विधानसभा को दिया है।विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई में उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि विधानसभा में सभी राजनीतिक पार्टियों में से सात विधायकों की एक कमेटी बनाई गई है, जो विधानसभा में नमाज कक्ष के बारे में अपनी रिपोर्ट देगी।

## अदाणी फाउंडेशन ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अदाणी फाउंडेशन की ओर से स्वच्छता को लेकर सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय मोतिया, डुमरिया और गुम्मा में एक कार्यशाला आयोजित किया गया एवं छात्र-छात्राओं द्वारा स्वेच्छा से कक्षाओं व विद्यालय मैदान में सफाई का अभियान चलाया गया। कार्यशाला में अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने छात्र-छात्राओं को बताया कि स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। स्कूल में स्वच्छता नहीं होगी तो बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और उन्हें स्वच्छता के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। मध्य विद्यालय मोतिया के प्रधानाचार्य ने अदाणी फाउंडेशन के इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान से स्कूल का वातावरण स्वच्छ और सुंदर होगा। अदाणी फाउंडेशन की ओर से स्कूल में कूड़ेदान आदि का वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं ने गंदगी को कूड़ेदान में डालने की शपथ ली।

# एचइसी को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन ने दिल्ली में दिया धरना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड इंडिया गठबंधन एवं श्रमिक संगठनों की ओर से हिंदुस्तान हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन कारखाना को बचाने के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना आयोजित किया , जिसकी अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुस्ताक अंसारी और संचालन अजय कुमार सिंह ने किया, जिसमें सैकड़ो की तादाद में झारखंड से लोग शिरकत किए , धरना में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान, डॉक्टर भालचंद्र कांगो, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यसभा सांसद पी संतोष , झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज्यसभा सांसद महुआ माजी, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, जनता दल यूनाइटेड के राज्यसभा सांसद उत्तर प्रदेश अध्यक्ष खिरु महतो, कांग्रेस विधायक राजेश कश्यप, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ,राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पांडे, भाकपा नेता के डी सिंह, सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा केंद्र की मोदी सरकार सारे सार्वजनिक कल कारखानों को अपने दोस्त अडानी अंबानी को हवाले कर रही है । नेताओं ने कहा कि धरती के नीचे की खनिज संपदा अदानी को धरती के ऊपर कल कारखाने अदानी का और आसमान में उड़ने वाली हवाई जहाज भी अदानी को, इसी तरह झारखंड के कोयला आयरन ओर ,गैस सहित कई खनिज संपदा अदानी को सौप जा रहा है। किसानों के हजारों एकड़ जमीन कौड़ी के दाम लूटा जा रहा है । चंद्रयान के लिए लॉन्चिंग पैड बनाने वाले कारखाना हिंदुस्तान हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन हटिया रांची बंद पड़ा हुआ है । मजदूरी बकाया है, इसीलिए गठबंधन एवं श्रमिक संगठनों के लोग रांची से 1200 किलोमीटर की दूरी तय कर जंतर मंतर पर आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन किया और केंद्र की मोदी सरकार को चेतावनी देते हुए कहा एच इसी बचाया नहीं गया तो उसे जीर्णोद्धार नहीं किया गया , मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया तो आने वाले दिन में केंद्र सरकार के विरुद्ध बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी। जरूरत पड़ा तो आर्थिक नाका बंदी कर राज्य से खनिक संपदाओं को बाहर नहीं जाने दिया जाएगा और मोदी सरकार को झारखंड आगमन पर राज्य की जनता काला झंडा दिखाकर स्वागत करेंगे । प्रदर्शन में सीटू नेता भवन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया । प्रदर्शन में डॉ हेमलाल महतो, अश्वनी शर्मा, कलाम आजाद, संजय राय,परवेज गुड्डू , अनवर अंसारी, सी पी रामचंद्रन, तनु सिंह, रवि सिंह ,जोगिंदर सिंह ,मनोज पाठक, कमल पांडे ,सीटू के महासचिव तपन सेन, संतोष राय, कांग्रेस के कमल ठाकुर ,सुंदरी तिर्की, गणेश रवि, डॉक्टर ए पी सिंह ,सुप्रीम कोर्ट का अधिवक्ता अशोक सिंह चौहान ,राष्ट्रीय जनता दल के धर्मेंद्र जे एम एम के साहिल यादव गोपाल पांडे राहुल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## पत्रकार ओमप्रकाश चौधरी की बुजुर्ग मां न्याय के लिए खा रही है दर-दर की ठोकरें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपने बड़े पुत्र भानू प्रकाश चौधरी से परेशान विधवा बुजुर्ग इन्द्रासिनी देवी अपने पति के गुजर जाने के बाद अपने छोटे पुत्र ओमप्रकाश चौधरी बहू,पोते के साथ पिछले कई सालों से अपने स्वामित्व घर में रहती आ रही है। उनका छोटा पुत्र ओमप्रकाश चौधरी अपनी बुजुर्ग मां इन्द्रासिनी देवी का देखभाल सेवा करते आ रहे हैं। बुजुर्ग महिला इन्द्रासिनी देवी ने रोते हुए बताया कि मेरा बड़ा बेटा,बहू कभी मेरा देखभाल करने नहीं आए मेरे पति के मृत्यु के बाद अनुकंपा के आधार पर मैंने बड़े पुत्र भानू प्रकाश चौधरी को नौकरी देने का लिखित आवेदन दे दिया। नौकरी मिलने के बाद मेरा देखभाल, भोजन, दवा देना बंद कर दिया। मेरा छोटा बेटा ओमप्रकाश चौधरी पत्रकारिता करता है नियमित आय नहीं होते हुए भी मेरा छोटा बेटा,बहू हमेशा मेरी देखभाल, सेवा, दवा, भोजन, वस्त्र देते रहे हैं जब जब बीमार हुई मेरा बड़ा बेटा भानू प्रकाश चौधरी उसकी पत्नी मुझे देखते कभी नहीं आये। लेकिन मेरा छोटा बेटा ओमप्रकाश चौधरी और बहू मेरा इलाज करवाया। मैंने अपने माता-पिता से मिले धन और अपनी कमाई से जमीन खरीदी और घर बनवाई थी मैंने अपना घर, जमीन छोटे बेटे ओमप्रकाश चौधरी के नाम पर रजिस्ट्री कर दी हुं ताकि बेरोजगार छोटा पुत्र,बहू, पोता या मुझे तंग नहीं करें और मेरा घर को हड़पने के लिए मेरा बड़ा बेटा भानूप्रकाश चौधरी उसकी पत्नी मुझे जान से मार न दे इसलिए मैंने अपने छोटे बेटे ओमप्रकाश चौधरी के नाम पर अपना जमीन,घर को रजिस्ट्री कर दी हूं। उसके बावजूद भानूप्रकाश चौधरी शुरू से मेरा घर कब्जा करने की गंदी नियत से मेरे घर के ग्राउंड फ्लोर में बिना मेरी इजाजत के मेरा बड़ा पुत्र भानूप्रकाश चौधरी रहते आ रहा है उससे मुझे और छोटे बेटे बहू पोते का जान माल का खतरा है मुझे गाली-गलौज करने के साथ मुझे जान से मारने की धमकी देते रहता है वह मेरा पुरा घर को कब्जा करने की नियत से अवैध रूप से भानूप्रकाश चौधरी ने अपने नाम का विद्युत कनेक्शन लगवा लिया। मैंने सहायक विद्युत अभियंता, अरगोड़ा, रॉंची को 5 फरवरी 2022 को अवैध विद्युत कनेक्शन काटने का लिखित आवेदन दिया।

## क्रेडिट कार्ड से एक करोड़ का ठगी करने वाले तीन ठग गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपराध अनुसंधान विभाग के पुलिस अधीक्षक कार्तिक एस, डीएसपी नेहा बाला और महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि आजकल साइबर ठगी के नए-नए तरीके साइबर ठग द्वारा अपनाए जा रहे हैं। इसी एक मामले का उद्बेदन करते हुए एक करोड़ 10 लख रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में तीन साइबर ठगों की गिरफ्तारी हुई है। नीरज कुमार पांडेय जो बिक्रमगंज रोहतास वर्तमान पता बोकारो और उसके साथी अशोक कुमार जो रांची के रहने वाले हैं और मोहम्मद काजीम शामिल हैं। काजिम को चेन्नई से लाया जा रहा है उससे भी पूछताछ की जाएगी।

**बरामद किया गया:** गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के पास से पांच मोबाइल फोन, 4 पोश मशीन और 15 एटीएम कार्ड बरामद किया गया है।

### कैसे हो रहा है ठगी

महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि आरबीएल बैंक के मुख्य कार्यालय शाहपुरी कोल्हापुर के रहने वाले पंकज भगत ने एक आवेदन दिया, उसी के आधार पर नीरज कुमार पांडेय जो बोकारो का रहने वाला है उसे अभियुक्त बनाया गया और उसके विरुद्ध एक करोड़ 10 लख रुपए की धोखाधड़ी करने का धारा उसे पर लगाया गया और फिर उसकी गिरफ्तारी कर उससे पूछताछ किया गया । अभियुक्त नीरज कुमार पांडेय द्वारा क्रेडिट कार्ड आरबीएल बैंक से लेने के लिए आवेदन किया गया। बैंक द्वारा उसे खाता के माध्यम से क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। शुरुआत में बैंक द्वारा नीरज कुमार पांडे के खाते की स्थिति के आधार पर एक लाख का क्रेडिट लिमिट निर्धारित की गई थी। इसके उपरांत नीरज पांडे के खाते में विदेशी बैंक के खातों से काफी बड़े-बड़े रकम की काल्पनिक स्थानांतरण होने लगा। उक्त खाता में काल्पनिक धनराशि देखते हुए नीरज कुमार पांडेय ने उक्त खाते का क्रेडिट समय पर बढ़ाई जाती रही जो बैंक द्वारा एक करोड़ 10 लाख 20 हजार 570 रुपया निर्धारित कर दी गई। इसके पश्चात नीरज कुमार पांडेय द्वारा अल्पावधि में क्रेडिट कार्ड का पूर्ण संपूर्ण लिमिट को अपने सभी साथियों के साथ मिलकर विभिन्न पोस मशीन के माध्यम से उपयोग कर लिया। उक्त सूचना का तकनीकी रूप से जांच उपरांत संदीप साइबर अपराधी को चिन्हित किया गया । इसके पश्चात अपराध अनुसंधान विभाग झारखंड रांची के द्वारा तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

## सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए निकाली गई है संकल्प यात्रा : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस प्रधानमंत्री ने गरीबों महिलाओं और देश के विकास के लिए अपना सब कुछ न्योच्छावर कर दिया, उसे फिर से प्रधानमंत्री के पद पर सत्तासीन करने और भ्रष्टाचार में लिप्त राज्य की निकम्मी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ही भाजपा ने संकल्प यात्रा शुरू की है। बाबूलाल मरांडी गुरुवार को तोरपा के प्रखंड मैदान में आयोजित संकल्प रैली को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को हर समय देयश की मां-बहनों की चिंता रहती है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। प्रधानमंत्री गरीबों और महिलाओं के दर्द को समझते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में मा-बहनों की पूजा सदियों से होती आ रही है। उन्होंनें कहा कि हम शक्ति के रूप में दुर्गा जी की आराधना करते हैं। धन के लिए लक्ष्मी की और ज्ञान के लिए सरस्वती माता की पूजा होती है। उन्होंने कहा कि जिस घर में महिलाओं की पूजा होती है, उनका सम्मान होता है, वहां जन्म लेने के लिए तो देवता भी लालायित रहते हैं। मरांडी ने कहा कि हमारे देश की वित्त मंत्री भी एक महिला ही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मातृशक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा से पास कराकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जब कोरोना काल में सब कुछ बंद हो गया था, कल कारखाने बंद हो गये थे, गाड़ियां बंद हो गई थी, उस समय गरीबों को चिंता थी कि उन्हें खाना मिलेगा या नहीं, लेकिन प्रधानमंत्री ने उस समय भी 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिया और आज भी हर परिवार को पांच किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

## कांटा टोली क्षेत्र में फैल रहा है डेंगू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूरे राज्य में डेंगू और चिकनगुनिया का प्रसार तेजी से हो रहा है। अबतक झारखंड में लगभग डेंगू के 1111, जबकि चिकनगुनिया के 271 मरीज बताया जा रहा है। बुधवार तक राज्य भर में डेंगू के 43 नए मरीज मिले, इनमें सबसे ज्यादा 18 रामगढ़ में मिले हैं। वहीं चिकनगुनिया के भी चार मरीजों की पुष्टि हुई है। इसके अलावा रांची नगर निगम के हिंदपीढ़ी, चुटिया , कांटा टोली और इसके आसपास के कई क्षेत्रों में इस तरह के मरीज पाए जा रहे हैं। डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही साथ सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की मांग बढ़ गयी है। बता दें की मिल रहे मरीजों के मुकाबले सिर्फ 10 से 15 फीसदी मरीजों को ही प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत पड़ रही है। वैसे मरीज जिनका प्लेटलेट्स 20 हजार से कम हो रहा है, उन्हें प्लेटलेट्स चढ़ाने की आवश्यकता पड़ रही है। इसमें भी बीमारी की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सक प्लेटलेट्स चढ़ाने को लेकर निर्णय ले रहे हैं। डेंगू पीड़ित मरीजों को प्लेटलेट्स चढ़ाने को लेकर मरीज से लेकर उसके परिजन तक परेशान हो रहे हैं। जिन मरीजां को प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत नहीं, उनके परिजन भी बेवजह परेशान हो रहे हैं।

**सावधानी जरूरी:** बरसात का मौसम है और ऐसे मौसम में साफ सफाई बहुत जरूरी है। खासकर नालियों में कचरा ना जमने दें, गंदगी ना रहे , गड्ढे ,टीन के बर्तन, टायर इत्यादि में पानी जमा न होने दें, इन सब जगहों पर ही मच्छर बैठता है। लार्वा छोड़ता है जिससे डेंगू जैसी बीमारी फैलती है। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें , नगर निगम के माध्यम से फॉकिंग करवाएं,गोबर जमा न होने दें।गर्म भोजन खाएं, मच्छरदानी लगाकर सोए, पानी उबालकर पिए, बाहर का खाना खाने से बचे।

## डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया के रोकथाम के लिए निगम से करें सम्पर्क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगर निगम रांची क्षेत्र में इन दिनों डेंगू ,चिकनगुनिया और मलेरिया का प्रकोप तेजी से फ़ैल रहा है।लोग परेशान हैं। वहीं इस डेंगू , चिकनगुनिया और मलेरिया की रोकथाम के लिए रांची नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डो के रोस्टर के अनुसार गुरुवार को वार्ड 26 हरमू हाउसिंग कॉलोनी, वार्ड 22 मारवाड़ी कॉलेज, वार्ड 51 प्रेम नगर, वार्ड 41 धुर्वा, हिंदपीढ़ी, बर्धमान कंपाउंड, कांटाटोली, लोवाडीह, बरियातू, दर्जी मोहल्ला डोरंडा, कर्बला चौक, इत्यादि क्षेत्रो में छिड़काव किया गया। वृहद स्तर पर मच्छरों के प्रजनन स्रोत को नष्ट करने के लिए लार्विसाइडल का छिड़काव एवं फॉगिंग किया गया है। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बीट प्लान बनाकर सभी क्षेत्रों में फॉगिंग मशीन, थर्मल फॉगिंग



मशीन, एंटी स्मॉग गन एवं हैंड स्प्रे का उपयोग कराया जा रहा है। इसके तहत गली-मोहल्ले एवं वैसे घर जहां लार्वा पाया गया है, उसमें छिड़काव कराया जा रहा है।इसके अलावा डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया से बचाव के लिए पंप्लेट क वितरण का प्रचार- प्रसार भी किया जा रहा है।

**इन नंबरों पर करें संपर्क :** रांची नगर निगम ने आम नागरिकों से अपील की है कि अपने घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें। किसी भी तरह के पानी को जमने ना दें। साथ ही अगर किसी नागरिक को लगता है कि उन्हें अपने क्षेत्र में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव , फॉगिंग कराना है तो वह निगम से इसके लिए संपर्क कर सकता है। रांची नगर निगम की ओर से इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। निगम क्षेत्र में एंटी लार्वा दवा के छिड़काव के लिए फोन नंबर 0651-2200025, 0651-2200011 या 9431104429 पर संपर्क किया जा सकता है।

## ईडी के गवाहों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने ईडी के गवाहों अशोक यादव और मुकेश यादव के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। यह आदेश विजय हांसदा द्वारा उक्त दोनों के खिलाफ एसटी-एससी एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर के खिलाफ दायर की गई याचिका पर हाई कोर्ट ने दिया। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में गुरुवार को अशोक यादव और मुकेश यादव की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई, ईडी और झारखंड सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट की अधिवक्ता ऋतु कुमार ने बहस की। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।

## गौ सेवा आयोग गौ हत्या पर लगाए रोक : श्री महावीर मंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा ने झारखंड गौ सेवा आयोग से तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड गौ सेवा आयोग की बैठक में गौ रक्षा के नाम पर अराजकता नहीं फैलाने की बात की है गौ रक्षा के नाम पर अराजकता फैलाने का अधिकार किसी को नहीं यह स्वागत योग है, परंतु इसमें कहीं ना कहीं तुष्टिकरण की बु नजर आती है। गौ सेवा आयोग को पता होना चाहिए कि झारखंड में गौ हत्या अधिनियम 2015 से प्रतिबंधित है उसके बावजूद झारखंड में प्रतिदिन 500 से ज्यादा गौ हत्या हो रही हैं और यही नहीं झारखंड से खास कर रांची, लोहरदगा, हजारीबाग , धनबाद से गो तस्करी बड़े पैमाने पर , बांग्लादेश, चीन तक ट्रक में भरकर भेजा जाता है। इस पर आयोग को बताना चाहिए की गाय माता की हत्या पर कैसे रोक लगाई जाएगी । इस पर क्या कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर भी स्थिति आयोग को स्पष्ट करना चाहिए। साथ ही झारखंड में गौ तस्करी चरम पर है। झारखंड के संथाल परगना इसका मुख्य केंद्र बिंदु है। संथाल परगना से हजारों की संख्या में गाय को गंगा नदी में बहाकर बांग्लादेश तक भेजा जाता है। संथाल परगना का मुख्य व्यापार है पशु तस्करी 25 करोड़ से अधिक का हर हफ्ते का कारोबार है । गौ तस्करी प्रशासन की मिली भगत से यह धंधा फल फूल रहा है। करोड़ों रुपया की उगाई हर महीने होती है , जो पूरे सिस्टम को दिया जाता है । गौ तस्करी का पैसा किस पार्टी नेताओं को जाता है इसका भी पर्दाफाश बहुत जल्द होगा। अब जरा गौ आयोग बताएं कि गो तस्करी और गौ हत्या पर क्या उनकी मनसा है और इसे कैसे रोका जाएगा । मंडल गौ सेवा आयोग गौ माता की रक्षा कैसे करें, इस पर योजना बनाए, उनका स्वागत है परंतु तुष्टिकरण की राजनीति का विरोध है।

## आजसू 23 सितंबर को विनोद बिहारी महतो का 100वीं वर्षगांठ मनायेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 23 सितंबर को स्व.विनोद बिहारी महतो की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजसू पार्टी पूरे राज्य में 100 सभाओं का आयोजन करेगी। इन सभाओं में बिनोद बिहारी महतो जी के पढ़ो और लड़ो के सिद्धांत एवं उनके द्वारा झारखंड अलग राज्य निर्माण में किए गए संघर्षो को याद किया जाएगा एवं राज्य की वर्तमान परिदृश्य पर उनके प्रासंगिक मूल्यों पर चर्चा की जाएगी। इन सभाओं की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त जानकारी पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने मीडिया को इस आयोजन की जानकारी देते हुए कहा कि सभी विधानसभा प्रभारियों को इस आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। राजमहल - एम.टी.राजा, बरेहट - चतुरानंद पांडे, पाकुड़- अकील अख्तर सिकरीपाड़ा - सुजीत मुर्मू,दुमका - अजय सिंह, नाला - माधव चंद्र महतो,जामताड़ा - तरुण गुप्ता, मधुपुर - ध्रुव प्रसाद साह, देवघर - राजा साहनी, गोड्डा - सुरेश महतो, महागामा - संजीव कुमार महतो, कोडरमा - विजय कुमार साहू, बरकट्ठा - प्रदीप मेहता, बरही - राज सिंह चौहान, मांडू - तिवारी महतो (निर्मल महतो), हजारीबाग - विकास राणा, बड़कागांव - रौशन लाल चौधरी, रामगढ़ - सुनिता चौधरी, सिमरिया - दिलीप दांगी, चतरा - अशोक गहलोत, बगोदर - अनूप पाण्डे, गांडेय - अर्जुन बैठा, गिरिडीह - गुड्डू यादव, डुमरी - यशोदा देवी, गोमिया - डॉ लंबोदर महतो, बेरमो - काशीनाथ सिंह, बेरमो - सचिन महतो, चंदनक्यारी - उमाकांत रजक, सिंदरी - मंटू महतो (सदानंद महतो), झरिया - अवधेश कुमार, टुंडी, बाघमारा - हलधर महतो, बहरागोड़ा - फनीभूषण महतो, घाटशिला - श्याम मुर्मू, पोटका - सागेन हांसदा, जुगसलाई - रामचंद्र सहिस, जमशेदपुर पूर्वी - सपन सिंह देव, जमशेदपुर पश्चिमी - कन्हैया सिंह, ईचागढ़ - हरेलाल महतो, सरायकेला - रवि शंकर मौर्या, खरसावां - संजय जय, चाईबासा - सिद्धार्थ महतो, मझगांव - नंदलाल बिरुआ, जगरनाथपुर - मंगल सिंह सुरीन, मनोहरपुर - सुदेश कुमार महतो, चक्रधरपुर - रामलाल मुंडा, सिल्ली - सुदेश कुमार महतो, खिजरी - हसन अंसारी, हटिया- भारत कांशी,कांके-राजेन्द्र मेहता, मांडर- निर्मला भगत, तोरपा एवं खूंटी- गुंजल इकिर मुंडा, सिसई, गुमला, बिसनपुर-देव शरण भगत, सिमडेगा एवं कोलेबिरा - गोपीनाथ सिंह,धर्मेंद्र पांडेय, लोहरदगा- नीरू शांति भगत, मनिका एवं लातेहार - लाल गुड्डू नाथ शाहदेव और अमित पांडेय, पांकी- इम्तियाज अहमद और विकेश शुक्ला, डालटनगंज- शिव शंकर और बबलु गुप्ता, बिश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद - शिव पूजन मेहता + दिलीप चौधरी, गढ़वा और भवनाथपुर- सतीश प्रसाद और दीपक शर्मा को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। डॉ देव शरण भगत ने रांची के मोरहाबादी मैदान में धरती आबा बिरसा मुंडा के परिसर में स्व. बिनोद बिहारी महतो की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर समर्पित तीन दिवसीय महाधिवेशन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 29 सितंबर को उद्घाटन सत्र में झारखंड के सभी अमर वीर शहीदों को श्रधांजलि दी जाएगी और झारखंड आंदोलनकारी आजसू के पूर्व नेतृत्व कार्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का 13 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा के 13 वां स्थापना दिवस गुरुवार को डकरा अम्बेडकर पार्क में धूमधाम से मनाया गया. मौके पर मुख्य अथिति के रूप में रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा विशिष्ट अथिति रैयत विस्थापित मोर्चा के महासचिव सैनाथ गंझू मौजूद थे.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फागु बेसरा ने कहा कि खनिज संपदा रहते हुए भी रैयत विस्थापित बोरोजगर है. आज स्तिथि ऐसा है कि लोग पलायन करने पर मजबूर है. आदिवासियों के भूमि लूटी जा रही है. जबकि रैयतों को अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। अब व्यपक आंदोलन की जरूरत है. आदिवासियों व मूलवासियों के जीविका का स्रोत जल जंगल जमीन है. इसके बाद भी केंद्र सरकार एंव निजी कंपनियों को उनकी जमीन दी जा रही है.आगे उन्होंने कहा कि सीसीएल जिस तरह रैयतों का जमीन लेकर खदान चला रही है.यैसे में रैयतों को अनदेखी किया जा रहा है. जबकि नियमतः रैयतों को विस्थापित करने के बाद पक्का मकान देना है. परन्तु एनके एरिया में रैयतों को पांच डिसमिल जमीन देकर छोड़ दिया जा रहा है.वही रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सचिव सैनाथ गंझू ने कहा कि रैयत विस्थापितों को एकजुट होकर हक व अधिकार की लड़ाई लड़नी होगी,तभी हक अधिकार मिलेगा.रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन जिस तरह से रैयतों का शोषण कर रही है.बर्दास्त नही किया जायेगा।सीसीएल प्रबंधन रैयतों को रोजगार से जोड़े। नही तो बड़ा आंदोलन होगा.आगे उन्होंने कहा कि 60त्न पॉवर प्लांट को कोयला दिया जाय. और 40त्न लोकल सेल के माध्यम से दिया जाय। जिसको लेकर रैयतों को रोजगार मिल सके. इससे पूर्व अथिति को डकरा पुल से कार्यक्रम स्थल तक आदिवासी पारंपरिक नृत्य ढोल नगाड़े मंदार के थाप के साथ स्वगत किया गया. मौके पर रंथु उराँव, नरेश गंझू,बिनय खलखो,अब्दुल्ला अंसारी,अमृत भोगता, इकबाल हुसैन, मुक्कदर लोहरा,मनोज चंद्रा, रामचंद्र उराँव,जेपी महाराज, इस्लाम अंसारी,देवपाल मुंडा,कन्हाई पासी,प्रकाश महतो,इंद्रा देवी,सरस्वती देवी,कासिम उर्फ मुन्ना, सोनू पांडेय,सुनील सिंह,अनिता एक्का,गोल्डन यादव, सुनील सिंह,पुतुल देवी,पुष्पा खलखो,दीपमाला कुमारी,ललिता देवी,सुनीता देवी,शांति सेवी,जगनारायण महतो, आदि लोग मौजूद थे.

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में 284 मरीजों की हुई जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सीएचसी बुढ़मू द्वारा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला लगाया गया. स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन उप प्रमुख सुमन देवी व जिप सदस्य सरस्वती देवी ने फीता काटकर किया. इसके बाद बीडीओ लेखराज नाग, सीओ शिशुपाल आर्य, उप प्रमुख, जिप सदस्य, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी सीएचसी बुढ़मू इशानी सिंह, पीएचसी खलारी के चिकित्सक डा इरशाद ने बारी बारी से दीप प्रज्वलित किया.

इसके बाद शिविर में जांच आरंभ कर दिया गया. स्वास्थ्य मेला में अलग अलग विभागों के काउंटर बनाए गए थे.निबंधन के बाद रोगियों की संबंधित रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा जांच की गई.सलाह के अनुसार खून जांच किया गया तथा मुफ्त दवाएं दी गई. कुल 284 मरीजों की जांच की गई.जिसमें 80 लोगों के नेत्र की जांच की गई। 14 का टीबी जांच, 57 का होमोग्लोबिन, 105 का बीपी, 60 का एचआईवी, 105 का सूगर, 26 का सिफलिस, 10 का लेप्रोसी, 11 का मलेरिया जांच किया गया. एक को वैक्सीन दिया गया. शिविर में डा रवीन्द्र कुमार, डा पूजा, डा इरशाद, एमओआईई डा इशानी सिंह, आयुष चिकित्सक, योगा प्रशिक्षक, सभी पारा मेडिकल स्टाफ, सभी एएनएम, सभी सहिया, सभी बीटीटी, नेत्र सहायक अभिमन्यु लोकेश, एमपीडब्लू सुमित कुमार, लैब तकनीशियन परवेज खान, स्थानीय प्रमुख लोगों में रामसूरत यादव, कुलदीप लोहरा, चतुरगुण भुइयां, शशिप्रसाद साहु, एतवारा महतो, सागर राम आदि मौजूद थे.

## तमाड़ में चलो पुरा करें आवास अभियान के तहत लुंगटू व पारासी पंचायत का भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखण्ड क्षेत्र में आवास लाभुक दिवस पर लाभुकों की समस्या के निराकरण हेतु प्रखंड प्रशासन द्वारा पंचायत भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना समय पर पुरा करने को कहा गया। ग्रामीणों क्षेत्रों में लंबित आवासों को पूरा करने के लिये दिनांक 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक ÷ चलो करें आवास पूरा अभियान ÷ अंतर्गत पंचायतों में लाभूक दिवस का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो की अध्यक्षता में अब न रहे कोई आवास अधूरा, चलो करें आवास पूरा अभियान को लेकर लुंगटु एवं परासी पंचायत का भ्रमण किया गया। पंचायत सेवक/जनसेवक से सभी लंबित आवास के बारे में जानकारी ली गयी। लंबित आवास पूर्ण करने के लिए लाभुकों को प्रेरित कर आवश्यक सहयोग प्रदान कराने का निर्देश दिया गया। पंचायतों के भ्रमण में प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी अवनि कांत सेठ प्रखण्ड समन्वयक अविनाशकुमार पंचायत सचिव रसवाल मुंडा मंगल सिंह मुंडा, मुखिया विश्वभूषण सिंह मुंडा,मुखिया ब्रह्मानंद मुंडा सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## चलो करें आवास पूरा अभियान के तहत चचकोपी पंचायत का दौरा

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत लंबित आवासों को पूरा करने के लिये चलो करें आवास पूरा अभियान चलाया जा रहा है। प्रखंड में कुल 79 आवास लंबित है। इसे लेकर गुरूवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीन कुमार और थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम ने चचकोपी पंचायत का दौरा कर आवास निर्माण का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान डूरु गांव में लाभुक पंचु उरॉव व चचकपी गांव के रूफीउल्लह मलिक के घर निरीक्षण किया और दोनों लाभुकों को 10 अक्टूबर तक किसी भी परिस्थिति में आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बताया गया प्रतिदिन विभिन्न पंचायतों में निरिक्षण किया जायेगा जिन लाभुकों के द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है उनपर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। निरीक्षण में बीपीओ संजय तिर्की,प्रखंड समन्वयक रामनाथ महतो, जनसेवक अनवर व कनिया अभियंता सद्दाम हुसैन साथ में थे।



## अड़की प्रखंड सभागार में टीबी मुक्त कार्यशाला का किया गया आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले केअड़की प्रखंड के सभागार में स्वास्थ विभाग, जिला यक्ष्मा केंद्र खूंटी पंचायत राज विभाग एवं पिरामल स्वास्थ के सहयोग से टी. वी. मुक्त ग्राम पंचायत पर समुदाय के. प्रभावशाली व्यक्ति का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा ने किया।उक्त बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुजीत कुमार मांझी ब्बक्रू(ह।।रू) राजेश कुमार ,उपप्रमुख,पिरामल स्वास्थ के निगार यासीन मनोज कुमार साव, नीतु कुमारी मुकेश कुमार तथा सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सभी पंचायत के मुखिया शामिल हुवे।

## एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यू.सी.सी., वन संरक्षण संशोधन अधिनियम 2023, डीलिस्टिंग और मणिपुर हिस्सा के खिलाफ लोवाडीह स्थित निर्मला विद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। एक दिवसीय सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि डीलिस्टिंग हुआ तो झारखण्ड के अधिकतर विधान सभा की आरक्षण की सीट खत्म हो जाएगा। विधानसभा की सीट कम हो जाएगी। उन्होंने कहा मणिपुर में शांति कायम होना चाहिए। हिंसा बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरना ईसाई को एक होना होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि यह देश विविध धर्मो व जाति का है सरना , ईसाई, हिंदू झारखंड में मिलकर रहते हैं। उन्होंने कहा जाति धर्म की राजनीति बंद होनी चाहिए। विशेष अतिथि के ऊपर में उपस्थित डॉ बास्की किड़ो ने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम आदिवासियों के लिए डेट वारंट है जंगल छीन लिया जाएगा। आदिवासी जीवित नहीं रह पाएंगे। हजारों मुकदमें लग जाएंगे। 2006 का अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों के अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 पेसा कानून सीएनटी एक्ट , एसपी एक्ट विल्किन्सिन रूल इत्यादि का महत्व खत्म कर दिया गया।

## तीन दिवसीय गणेश चतुर्थी विसर्जन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र मे चल रहे तीन दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव बड़ी धुमधाम के साथ सम्पन्न हो गया। तीन दिनों तक पंडालों मे भक्तों की भीड़ जमी रही।रंग बिरंगी रोशनी से क्षेत्र जगमग हो गया था। पुरा क्षेत्र गणपति बप्पा मोरया से गुंजामय हो गया। गुरुवार को गणेश जी की पुजा अर्चना करने के बाद आरती की गई साथ ही बाल भोजन का आयोजन किया गया। बाल भोजन मे बढ़ चढ़ कर भक्तों ने आंनद उठाया। शाम के समय गणेश भगवान् की आरती कर बड़ी धुमधाम के साथ एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर नम आखों से विदाई दिया गया।

## सुरक्षा व्यवस्था के बीच मांडर सीओ ने अतिक्रमण कर बनाई गई दर्जनों दुकान के शेड पर चलाया बुलडोजर

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनएच 75 मांडर थाना क्षेत्र के ब्राम्बे, मुड़मा सड़क के दोनों किनारे दर्जनों मकान एवं दुकान पर गुरुवार को प्रशासनिक बुलडोजर चलाकर सड़क से अतिक्रमण खाली कराया जा रहा है। मांडर अंचल अधिकारी विजय हेमराज खलखो के नेतृत्व में मांडर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं दर्जनों सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया जा रहा है। वहीं इस बीच कई दुकानदार प्रशासन से अतिक्रमण खाली करने के लिए समय मांग रहे थे लेकिन प्रशासन एक नहीं सुने। सीओ विजय हेमराज खलखो द्वारा यह कार्रवाई जिला पदाधिकारी के निर्देश पर की गई है।

## प्रखंड के झारखंड आन्दोलनकारियों ने सीओ को ज्ञापन सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के झारखंड आन्दोलन कारियो ने गुरूवार को नौ सूत्री मांग को लेकर नव पदस्थापित अंचलाधिकारी वंदना भारती को ज्ञापन सौंपा गया,. साथ ही झारखंड आन्दोलन कारियों ने सीओ वंदना भारती को भेट स्वरूप बुके देकर स्वागत किया. झारखंड आन्दोलन कारियों ने मांग पत्र में झारखंड के अन्य अंचल कि तरह कर्रा अंचल में भी झारखंड आन्दोलन कारियो को चिन्हित करने में आवेदन पर हस्ताक्षर करने, सीएनटी एसपीटी एक्ट को लागू करने, प्रखंड के सभी रैयतों का जमीन को ऑफलाईन पंजी टू को ऑनलाईन पंजी टू में दर्ज करने, जमीनदारों द्वारा सदा हुक्मनामा से बेची गयी जमीन को पट्टाधारी रैयतों के नाम से बिना शर्त ऑनलाईन पंजी टू में दर्ज किया जाए, जल -जंगल, जमीन की रक्षा हेतू ग्राम सभा को सभा को अधिकार दिया जाए, प्रत्येक गांव में गैर मजरूवआ आम एवं खास जमीन का ग्राम सभा के अनुमती के बिना हनन ना हो, प्रखंड के प्रत्येक गांव के भिलेज नोट को ऑनलाईन किया जाए, ऑफलाईन जमीन लगान रसीद को मिलान कर ऑनलाईन रसीद भूमी धारकों को निर्गत हेतू स्वीकृत दिया जाए की मांग रखी गयी. साथ ही अंचलाधिकारी से झारखंड आन्दोलन कारियों को सहयोग करने कि अपील के साथ सरकारी कार्यो पर सहयोग करने कि बात कही गयी. वही 29 सितंबर को नगर भवन कर्रा में अबुआ झारखंड पार्टी एवं झारखंड आन्दोलन कारियों की संयुक्त बैठक रखी गयी है. ज्ञापन सौंपने में अबुआ झारखंड पार्टी के खूंटी जिला अध्यक्ष विजय सिंह, झारखंड आन्दोलनकारी के प्रखंड अध्यक्ष फ्रेंकलिन धान, रोहित मुंडा, सूरज गोप, सलीम संगा, ख्रीष्ट आईन्द, सुलेमान धान, दशा उरांव, इब्राहिम स्वांसी, बन्धु मुंडा विश्वनाथ मुंडा, बेनेदिक धान, कल्याण संगा के अलावे अन्य सैकड़ों आन्दोनकारी मौजूद रहे।

## भूमि अधिग्रहण बिल और विस्थापन नीति सख्ती से हो लागू : फागु बेसरा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने गुरुवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।पिपरवार पहुंचने पर बचरा संगम विहार गेस्ट हाउस मे पिपरवार जीएम सीबी सहाय,एसओपी आलोक मनीष सोय और मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बुके देकर उनका स्वागत किया।जिसके बाद फागु बेसरा ने स्थानीय कार्यकर्ताओं और सीसीएल प्रबंधन के साथ बैठक की।इस बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित रैयतो के ज्वलंत समस्याओ पर चर्चा की गई,जिसमे लंबित नौकरी, मुआवजा,पुनर्वास,रोजगार सहित रैयतों के मूलभूत सुविधा पर चर्चा की गई।पत्रकारो से बातचीत करते हुए उन्होने कहा कि राज्य के विस्थापित प्रभावित रैयतो के हक और अधिकार के लिए मोर्चा के द्वारा संघर्ष जारी रहेगा।भूमि अधिग्रहण बिल और विस्थापन नीति लागु करने को लेकर मोर्चा सरकार पर दबाव बना रही है।जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए विस्थापितों को एकजुट करने का काम मोर्चा कर रही है।सीसीएल और एनटीपीसी से विस्थापित हुए प्रभावित रैयतो की समस्या को मुख्यमंत्री से अवगत कराया गया है।सरकार भी रैयतों के समस्या को लेकर गंभीर है और रैयतो के साथ खड़ी है।उन्होंने कहा कि वर्तमान मे विस्थापित रैयत अपने ही हक और अधिकार के लिए दर-दर को भटकने को मजबूर है।

## वेतन समझौता में उत्पन्न विवाद को लेकर अशोका में गेट मिटिंग का आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना पीट और वर्कशॉप कार्यालय मे संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन के द्वारा गेट मिटिंग किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता धनेश्वर गंझु और संचालन मोहम्मद रहमतुल्लाह ने किया।कार्यक्रम मे 11वां वेतन समझौता को लेकर उत्पन्न हुई विवाद के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई,साथ ही गेट मीटिंग के माध्यम से जल्द इस विवाद का निष्पादन करने की मांग कोयला प्रबंधन से की गई। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यदि जल्द इस विवाद का निष्पादन नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में कोयला उद्योग में मजदूर जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होंगे।गेट मीटिंग के माध्यम से सभी कोयला मजदूरों से एक बड़ी आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया, साथ ही सभी मजदूरों को एकजुट होने की अपील की गई।गेट मीटिंग में उपस्थित श्रमिक प्रतिनिधि एवं मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की।इस कार्यक्रम को सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य अरविंद शर्मा, रहमतुल्लाह,रामेश्वर भोक्ता,सोमर गंझु,अर्जुन गंझु,गीता देवी ने भी संबोधित किया।इस मौके पर साहेब राम सतनामी,बासुदेव गंझु,नागिया देवी,गेंदीय देवी फोकली देवी,जुगेश उरांव, हरि दुसाद,ललित ठाकुर, शत्रुघन केसरी,सोनिया देवी, दिनेश दुसाध,पुष्पि देवी, सहित सैकड़ो मजदुर उपस्थित थे।

## बसंत विहार में गणेश पूजा पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी मे आयोजित गणेश पूजा महोत्सव के अवसर पर कॉलोनी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह मौजुद थी।इस कार्यक्रम मे कॉलोनी के छोटे-छोटे बच्चों ने कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।बच्चों द्वारा गीत,संगीत,नृत्य,कविता सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया।बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों का उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।मुख्य अतिथि गुंजन कुमारी सिंह ने कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया।इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह, पूजा समिति के बसंत कुमार, गांधी राम साहू,ओमप्रकाश सिंह,किशुन केवट,संतोष दास,राहुल पाण्डेय,बुचुन पाण्डेय सहित पूजा समिति के सभी लोग मौजूद थे।




कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जाँच हेतु लैब सामग्रियों का क्रय किया जाना है।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता लैब सामग्रियों का न्यूनतम दर मूहरबंद लिफाफे में दिनांक 03.10.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं जो उसी दिन अपराह्न 5:00 बजे दरदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

लैब सामग्रियों की सूची एवं शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 307442 (Rural Work Department)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा मे0 साई शोभानन्द कन्स्ट्रक्शन, अग्रवाल मुहल्ला, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत ग्राम जोबरईया के बिन्द टोला में प्रयाग बिन्द के घर से अवध बिहारी पाण्डेय के घर होते हुए श्री रामेशवर उपाध्याय के घर के समीप तक पी0सी0सी0 पथ, नाली एवं गार्डवाल का निर्माण कार्य (लम्बाई–0.420 कि0मी0) का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 03.08.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 02.11.2022 था, परन्तु आपके द्वारा उक्त निर्माण कार्य बिना पूर्ण किये लम्बे समय से बन्द रखा गया है, जिसे पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय का पत्र पत्रांक 1542 दिनांक 09.09.2023 के द्वारा आपको सूचित करने के बावजूद भी अवशेश कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। अतः प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको सूचित किया जात है कि अवशेश कार्य को 15 दिनों के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित करे, अन्यथा आपके विरूद्ध एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप अग्रेतर कार्रवाई करना अधोहस्ताक्षरी की बाध्यता होगी, जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR.NO.307424 Rural Work Department(23-24):D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,चंदवा, लातेहार

नामांकन से संबंधित सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षाण संस्थान, चंदवा, लातेहार में सत्र–2023–24–25 में नामांकन लेने हेतु वैसे अभ्यार्थी जिनका रजिस्ट्रेशन www.iti.jharkhand.gov.in पर किया जा चुका है एवं नामांकन Third Round Counselling के पश्चात् भी अब तक किसी भी संस्थान में नहीं हुआ है, नामांकन हेतु इच्छुक वैसे अभ्यार्थी दिनांक–22.09.2023 एवं 23.09.2023 को Spot Round Online Admission में भाग लेकर रिक्त बचे सीटों के विरूद्ध अपना नामांकन करा सकते हैं। संस्थान में नामांकन हेतु रिक्त सीटों की जानकारी https://iti.jharkhand.gov.in/ITI_Admission_Module/seatmatrixinfo.aspx के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। झारखण्ड सरकार के अधीन सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन से संबंधित नियमों का पालन नियमानुसार करते हुए नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,चंदवा,लातेहार

PR 307416 Labour Employment and Traning(23-24).D

|| जिला पशुपालन कार्यालय, लोहरदगा ||

-: आवश्यक सूचना :-

लोहरदगा जिलान्तर्गत वैसे सभी Pet shop एवं Dog Breeding सेन्टर जो राज्य जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड झारखण्ड, राँची से बिना निबंधन कराये अपनी संस्था का संचालन कर रहे है या निबंधित थे परन्तु वर्तमान में बिना नवीनीकरण के ही संस्था का संचालन का रहे है उन्हे सूचित किया जाता है कि एक माह के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन जिला पशुपालन कार्यालय, लोहरदगा से सम्पर्क कर आवेदन जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड झारखण्ड हेसाग, राँची में जमा करे। अन्यथा नियमानुसासर पशु क्रय–विक्रय एवं तदविषयक नियम के विभिन्न सुसंगत धराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 307401 Lohardaga (23-24)_D

कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा
(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

आम सूचना

एतद् द्वारा सभी नगर वासियों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के तहत् बिना अनुमति के बोरिंग करना वर्जित है सभी नागरिको से अनुरोध है कि अपने परिसर में बोरिंग करने से पूर्व कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा से अनुमति लेना सुनिश्चित करें। बिना अनुमति के बोरिंग कराने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के तहत् बोरिंग कराने वाले तथा बोरिंग करने वाली गाडी के विरूद्ध जुर्माना वसूली करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पचांयत कोडरमा

PR.NO.307382 Urban Development(23-24):D

कार्यालय
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा

Bidding Document No :- 01/2023-24

1. Civil Surgeon, Simdega invites sealed Bids in two bid systems for "Supply of Medicines & others for PHC/Refferal Hospital & APHC" is invited from Manufacturer/Authorised Dealer /reputed agency through tender Notice detailed as in the Bidding Document.
2. Award Methodology: -Bidder shall be awarded considering least cost i.e., L1 (Lowest Bidder). Bidder qualifying the Technical bid and meeting the pre-Qualifying criteria shall only be considered for opening of Price Bids. For details regarding "Methodology for selection of Supplier" refer Terms & conditions
3. Salient Features of Bidding Document:-

| Sl. No. | Details | Timelines/other Particulars |
|---|---|---|
| a. | Tender Document Fee (Non-Refundable) | ₹ 2000/- (Rupees Two Thousand Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega.", payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| b. | Earnest Money Deposit (EMD) | ₹ 100000/- (Rupees One lakh Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega." payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| c. | Bid Start Date of Submission | 21.09.2023 |
| d. | Last Date and time for submission of Bids | 04.10.2023 till 3.00 PM |
| e. | Opening of Technical Bid-PART A | 04.10.2023 at 4.00 PM |
| f. | Opening of Financial Bid-PART B | 04.10.2023 at 04:30 PM |

**Note:-** *If any of the cut-off date identified above happens to be holiday, the next working day shall be implied.*

***Details bid document*** can be downloaded from the official website of Simdega district i.e. www.Simdega.nic.in

Civil Surgeon cum
Chief Medical Officer, Simdega

PR 307362 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D

## ट्रूकॉलर ने धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए एआई आईडेंटिटी फीचर्स लॉन्च किया

**जमशेदपुर/ रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्रूकॉलर ने आज कॉर्पोरेट रीब्रांडिंग और एक नए ऐप आइकन के लॉन्च की घोषणा की, जिसे गूगल प्ले स्टोर तथा एप्पल ऐप स्टोर पर तुरंत पहचाना जा सकेगा। ट्रूकॉलर के उद्देश्य, ऊर्जा और उत्साह की नई भावना ही इस रीब्रांडिंग की बुनियाद है। इस घोषणा के बारे में बताते हुए एलन ममेदी, सह-संस्थापक एवं सीईओ, ट्रूकॉलर, ने कहा, %हमें अपने ब्रांड की नई पहचान और लोगो को लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह दर्शाता है कि हम अपने यूजर्स से किए गए वादे को पूरी तरह निभा रहे हैं, साथ ही हर दिन लगातार विकसित और बेहतर होने पर ध्यान दे रहे हैं। यह ऐप इस उपयोगी संदेश को तीन अलग-अलग रंगों में भी बाँटता है- नीला रंग न्यूट्रल चेंज, यानी सामान्य बदलाव को दर्शाता है; पीला, जो संभावित रूप से संदिग्ध हो सकता है यदि नाम पिछले 7 दिनों में 3 से अधिक बार बदला गया हो; और अंत में लाल रंग कई बार और लगातार नाम में बदलाव को दर्शाता है, जो काफी हद तक धोखाधड़ी और स्कैम से जुड़ी गतिविधियों का संकेत देता है। ट्रूकॉलर के सभी यूजर्स को एंड्रॉइड, आईफोन और ट्रूकॉलर वेब पर सभी सर्च रिजल्ट में यह संदेश दिखाया जाएगा। नए ऐप आइकन और इसमें किए गए बदलावों को देखने के लिए, यूजर्स को एंड्रॉइड पर ऐप वर्जन 13.34 या नए वर्जन को अपडेट करना होगा, जबकि आईओएस पर वर्जन 12.58 या नए वर्जन को अपडेट करना होगा।

## अमेज़न इंडिया सबके साथ मिलकर मना रहा है खुशी का जश्न

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीब आ रहे फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए अमेज़न इंडिया ले कर आया है अपना लेटेस्ट कैंपेन खुशियां अपनों की, और अपनी भी, जो कस्टमर्स को साल की खुशियों के इन पलों में प्रियजनों के साथ-साथ खुद का ध्यान रखने के लिए भी प्रोत्साहित करने के लिए एक अनूठा/दिल छू लेने वाला दृष्टिकोण अपनाता है। फेस्टिव सीजन हमेशा दूसरो को देने की भावना, खुशियां बांटने और अपने प्रियजनों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए जाना जाता है, लेकिन अक्सर, दूसरों की फिक्र करते-करते, हम खुद पर ध्यान देना भूल जाते हैद्य यह कैंपेन इस फेस्टिव सीज़न में खुद का ध्यान और खुद से प्यार के महत्व को याद दिलाता है और श्हमश् में तुम भी ज़रूरी हो' की भावना को प्रोत्साहन देता है। इस संबंध में नूर पटेल, वाइस प्रेजीडेंट, अमेज़न इंडिया ने कहा, यह कैंपेन आज के समय में खुद को जानने और खुद का ख्याल रखने के विषय पर आधारित है। हमारा कैंपेन कस्टमर्स इनसाइट्स पर आधारित है और कस्टमर्स को अपने प्रियजनों के साथ-साथ अपनी जरूरतों का ख्याल रखते हुए फेस्टिव सीजन मनाने को प्रेरित करता है। मालूम हो कि कैंपेन 15 सितंबर, 2023 को सभी डिजिटल मीडियम पर शुरू हुआ है। कैंपेन के लिए एक दिलचस्प यूजर-जनरेटिड कंटेंट तैयार किया गया है, जिसमें कस्?टमर्स से खुशियां अपनों की, और अपनी भी की अपनी कहानियों को शेयर करने का आग्रह किया गया है। चुनी गई विजेता कहानियों को अलग-अलग मीडियम पर प्रकाशित किया जाएगा।

## आजसू का राज्य स्तरीय महाधिवेसन 29 से रांची में, जिले के कार्यकर्ताओं की रहेगी सशक्त उपस्थिति




**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परिसदन सरायकेला में गुरुवार को आजसु पार्टी सरायकेला खरसावा जिला अध्यक्ष सचिन कुमार महतो की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस बैठक में आजसू पार्टी द्वारा आगामी 29 सितंबर से रांची के मोरहाबादी मैदान में आहूत राज्य स्तरीय महाधिवेशन मे जिले से कार्यकर्ताओं के सशक्त उपस्थिति की तैयारी की रूपरेखा पर चर्चा किया गया। बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामरतन महतो, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश हांसदा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अंगूर महतो, छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मराज प्रधान, एसटी मोर्चा जिला कार्यकारी अध्यक्ष रूप सिंह मुंडा, वरीय नेता चुनका मार्डी, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा चरण महतो एवं शिव कुमार शाह सहित जिले के सभी प्रखंडों के अध्यक्ष व सचिव तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कमलपुर गांव से लापता हुई महिला बंगाल से बरामद



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को कमलपुर गांव से लापता हुई महिला आज पश्चिम बंगाल से बरामद हो गई है। पटमदा के कमलपुर गांव निवासी करीब 45 वर्षीय महिला बालिका गोराई मंगलवार की सुबह 11 बजे लापता हो गई थी। उनके पति निधिराम गोराई ने बताया कि वह मंगलवार को अपने घर में सुबह से ही गांव स्थित बजरंगबली मंदिर में पूजा के लिए जाने की तैयारी कर रही थी। इसी बीच घर में पूजा की थाली छोड़कर कहीं निकली और वापस नहीं लौटी। इस संबंध में बुधवार को कमलपुर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उनके पुत्र ने बताया कि वह शारीरिक व मानसिक रूप से बिल्कुल स्वस्थ थीं इसके बावजूद घर से क्यों निकली, समझ नहीं पा रहे हैं। दूसरी ओर गुरुवार की दोपहर को पश्चिम बंगाल के बराबाजार थाना क्षेत्र के सिंदरी गांव में किसी परिचित व्यक्ति द्वारा महिला को देखे जाने पर इसकी सूचना उनके पुत्र को दी गई। शाम तक घर लौटने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ने भी महिला के घर लौटने की पुष्टि की है।

# जर्जर हो चुका टीकर पुल दे रहा किसी बड़ी दुर्घटना को दावत, मरम्मती की उठी मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला- खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र का सिल्ली-रांगामाटी पथ अंतर्गत जर्जर हालत में पहुंच चुके टीकर पुल की ग्रामीणों ने मरम्मती की मांग की है। विदित हो कि इस मार्ग से होकर रोजाना हजारों की तादाद में भारी वाहन गुजरते हैं।



इस संदर्भ में गुरुवार को युवा कांग्रेस नेता सह स्थानीय समाजसेवी अजय कुमार साहू के एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पत्रकारों को बताया कि टाटा-रांची उच्च पथ से रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग आदि शहरों में जाने के लिए यह मार्ग सीधा और शॉर्ट कट है। यही नहीं इस सड़क पर टाटा-पटना , टाटा-धानवाद ,टाटा - बनारस बस भी चलती है। किंतु इस मार्ग में करकरी नदी पर बना काफी पुराना टीकर पुल पूरी तरह से जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। रड भी निकल चुका है। लगातार बारिश की वजह से नदी का जलस्तर भी उफ़ान पर है। ऐसे में यदि यथाशीघ्र इस पुल की मरम्मत नहीं की गई तो किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना हो सकती है और पुल धरासायी हो सकता है। श्री साहू ने तत्काल इस पुल की मरम्मती की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को तत्काल भारी वाहनों पर रोक लगा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग इस पर त्वरित कार्रवाई कर मरम्मती नहीं करती है, तो उस स्थिति में वाहनों के आवागमन को रोकते हुए बड़े जनांदोलन किया जाएगा।

### बोड़ाम प्रखंड के आंधारझोर में हिन्दी पखवाड़ा आयोजित

**पटमदा :** नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 14 से 28 सितंबर तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन देश के सभी प्रखंडों में किया जा रहा है। गुरुवार को नेहरू युवा केन्द्र ,पूर्वी सिंहभूम द्वारा बोड़ाम प्रखंड के आंधारझोर गांव में आदिवासी सांस्कृतिक कला केन्द्र भवन मे हिन्दी नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम धनंजय सिंह, द्वितीय राकेश कुमार सिंह और तृतीय स्थान सुब्रत सिंह ने प्राप्त किया। इस संबंध में स्वयंसेवक धरनी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य गांवों में हिन्दी भाषा को बढ़ावा और प्रोत्साहन देना है। आयोजन को सफल बनाने में पंचायत समिति सदस्य महापद सिंह, बोड़ाम प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक धरनी सिंह, बिरसा युवा क्लब के सदस्य राकेश कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह व प्रदीप सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# टाटा स्टील ने चाइल्डहुड कैंसर पर जागरूकता सत्र का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने अपने सुकिंदा क्रोमाइट माइन परिसर में चाइल्डहुड कैंसर पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। सत्र में क्षेत्र के किशोरों और छोटे बच्चों के माता-पिता सहित 150 से अधिक लोगों ने भाग लिया। बचपन के कैंसर के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से, टाटा स्टील के असिस्टेंट डिविजनल मैनेजर(एम्प्लॉयी वेलनेस) डॉ. एवेलिना प्रशांत मुजुमदार ने सत्र में इस विषय पर विचार-विमर्श किया और गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दे से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के जवाब दिए। सत्र में डॉ. मुजुमदार ने बचपन के कैंसर से संबंधित मिथकों को दूर किया और बीमारी से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य प्रस्तुत किए। उन्होंने सभा को ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, मस्तिष्क कैंसर, सॉलिड ट्यूमर और चेतावनी संकेतों जैसे बचपन के कैंसर के सबसे सामान्य प्रकारों के बारे में बताया। कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए, टाटा स्टील के फेरो अलॉय और मिनरल्स डिवीजन के एग्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज सतीजा ने कहा, उच्च आय वाले देशों और निम्न-मध्यम आय वाले देशों में कैंसर से पीड़ित बच्चों की जीवित रहने की दर के बीच अंतर बहुत अधिक है और अब समय आ गया है कि हम घातक बीमारी से पीड़ित सभी बच्चों को ठीक करने के लिए कैंसर देखभाल में अंतर को मिटाने के लिए आगे आएं।

# टीआरएफ ने पद्मश्री जमुना टुडू को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टीआरएफ लिमिटेड ने प्रकृति के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के लिए वन संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार विजेता और झारखंड की लेडी टार्ज़न के नाम से लोकप्रिय जमुना टुडू को आमंत्रित किया। जमुना टुडू ने झारखंड और उसके पड़ोसी क्षेत्रों में वनों की कटाई को रोकने के लिए अपने नेतृत्व के प्रयासों और वन भूमि के संरक्षण में अपने सकारात्मक प्रभाव के बारे में अपना अनुभव साझा किया।



उन्होंने कुछ समान विचारधारा वाली महिलाओं को लेकर एक वन सुरक्षा समिति बनाई। इस अवसर पर सीएफओ आनंद चंद, सीएचआरओ अभिजीत सिंह, टाटा रॉबिन्स फ्रेजर लेबर यूनियन के महासचिव एम एच हीरामणिक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और स्वयंसेवक कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर सीएफओ आनंद चंद ने श्रीमती टुडू को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और सीएचआरओ अभिजीत सिंह ने उन्हें टीआरएफ परिवार की ओर से एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन एम एच उस्मानी ने किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत कौशिक दत्ता एवं संतोष कुमार सिंह द्वारा की गई।

# ट्रायल रन के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस पहुंची टाटानगर, 24 को पीएम दिखाएंगे हरी झंडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को वंदे भारत एक्सप्रेस का रांची-हावड़ा रूट पर ट्रायल रन किया गया. इस दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस शाम 4.35 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंची. इस दौरान टाटानगर स्टेशन में लोगों में काफी उत्साह देखा गया. लोग ट्रेन के साथ सेल्फी लेते देखे गए. टाटानगर स्टेशन पहुंचने के बाद ट्रेन के लोको पायलट बदल दिए गए. यहां सात मिनट रुकने के बाद ट्रेन हावड़ा की ओर रवाना हो गई. रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से सुबह 5.15 खुलेगी और सुबह 8.40 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंचेगी. टाटानगर स्टेशन में 5 मिनट रुकने के बाद 8.45 बजे टाटानगर स्टेशन से हावड़ा के लिए रवाना हो जायेगी. यह ट्रेन 12.20 बजे हावड़ा स्टेशन पहुंचेगी. दोपहर 15.45 बजे यह ट्रेन हावड़ा से खुलेगी और 19.05 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंचेगी. 5 मिनट रुकने के बाद यह ट्रेन 19.10 बजे रांची के लिए रवाना हो जायेगी. रांची के रेल कर्मी ब्रजकिशोर ने बताया कि फिलहाल इसका किराया तय नहीं किया गया है पर रांची से इसका किराया लगभग 1 एक हजार रुपए होगा वहीं टाटानगर से इसका किराया लगभग 600 से 700 रुपए होगा.



## केरा हाट-बाजार में चक्रधरपुर कांग्रेस प्रखंड कार्यकारिणी बैठक संपन्न



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी बैठक का आयोजन केरा हाट-बाजार केरा में प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य विजय सिंह सामाड के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री चन्द्र शेखर दास उपस्थित थे। श्री दास ने उपस्थित पंचायत अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा आगामी आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी बूथों पर पन्द्रह - पन्द्रह सदस्यों को बूथ कमेटी बनाना है तथा सभी पंचायत अध्यक्षों को निर्देश दिया, गांव एवं पंचायत स्तर पर जन समस्याओं को भी चिन्हित कर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा जन समस्याओं को समय पर निष्पादन कराया जाए। ताकि अधिक से अधिक जनता हमारे पार्टी से जुड़े। इस कार्यक्रम के कार्यकारिणी बैठक में मुख्य रूप प्रखंड उपाध्यक्ष आर्यन हासदा, प्रखंड कोषाध्यक्ष पूर्णचंद्र मुखी, प्रखंड महासचिव भोलेनाथ बोदरा, निम्न अध्यक्षों जैसे सुरेश पुरती,सूरज आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष पोण्डे राम सामाड ने किया।

## मारवाड़ी सम्मेलन खरसावां प्रखंड के अनूप अग्रवाल बने अध्यक्ष व महेश अग्रवाल सचिव



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने अपना संगठन विस्तार करते हुए पहली बार खरसावां,आमदा व कुचाई क्षेत्र को मिला कर खरसावां प्रखंड समिति का गठन किया है. इसको लेकर जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी की अध्यक्षता में खरसावां में एक बैठक हुई. बैठक में सर्वसम्मति से कुचाई के अनूप अग्रवाल को अध्यक्ष, मनोज अग्रवाल को उपाध्यक्ष, महेश अग्रवाल को सचिव, संजय अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, दीपक अग्रवाल कार्यक्रम प्रभारी, प्रवीण अग्रवाल को मीडिया प्रभारी चुना गया. मौके पर खरसावां शाखा में छह महिलाओं ने भी सदस्यता ग्रहण किया. मौके पर मुख्य रुप से सरायकेला खरसावां शाखा के जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी,जिला उपाध्यक्ष अरुण सेक्सरिया,जिला महासचिव प्रेमचंद अग्रवाल,सरायकेला शाखा अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

## जेएलएन कॉलेज में प्रज्ञा केंद्र का हुआ उद्घाटन



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को जवाहर लाल नेहरू कॉलेज परिसर में प्राचार्या डॉ. प्रो श्रीनिवास कुमार ने कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का उद्घाटन किया। मौके पर प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से उठाए गए यह एक सराहनीय पहल है। प्राचार्या ने कहा सीएससी छात्रों के लिए काफी फायदेमंद साबित हुए हैं। उन्होंने कहा सरकारी दर पर छात्र छात्राएं अपना पैन कार्ड व आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आया प्रमाण पत्र साहित अन्य निकाल सकते है। इस अवसर प्रो एक ओझा, प्रो आदित्य कुमार, प्रो एसपी रावत, प्रधान लिपिक पंकज कुमार प्रधान, भाबानी मिश्रा,धीरज कुमार महतो, किशन बाहदुर, सौरभ कुमार, विकास मंडल आदि मौजुद थे।

## नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल में मना अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल में आज अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम शांति के लिए कार्रवाई- वैश्विक लक्ष्यों के लिए हमारी महत्वाकांक्षा है। एनएचईएस में छात्र कैबिनेट ने एक इंट्रा स्कूल उत्सव - सेरेनिटी - समानम के माध्यम से शांति और अहिंसा के बारे में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी ली है, जिसमें शांति के विषय पर घूमने वाले कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शामिल है - व्हिस्परर्स ऑफ पीस (डिक्लेमेशन), आर्ग फ्यूजन (बहस), रिदमज़ (बैंड प्रदर्शन), द बायोलॉजी मस्किटियर्स (क्विज़), आयरनिक बॉन्ड्स (क्विज़), पज़ल - ओ - मेनिया (पहेली सॉल्विंग), कोड्स पैराडॉक्स (कोडिंग), आर्टिस्टिक यूटोपिया (वेस्ट से सर्वश्रेष्ठ), हार्मनी इन डिजाइन (मंडला आर्ट), बियॉन्ड फोर्सेज एग्जीबिशन (मॉडल मेकिंग), ब्रांड ब्लिट्ज (विज्ञापन), क्रिसस ट्रिविया (स्टार्ट अप कॉन्सेप्ट) और साइलेंस ऑफ हार्पोक्रेट्स (ट्रेजर हंट)। कार्यक्रम की परिकल्पना प्रिंसिपल पारमिता रॉय चौधरी ने की और क्लास 12 के छात्रों द्वारा डिजाइन किए गए थे। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रबंध समिति के संयुक्त सचिव देवांग गांधी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। पुरस्कार स्कूल प्रबंध समिति के संयुक्त सचिव श्री देवांग गांधी, उसके बाद स्कूल प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष चंद्रकांत जटाकिया और स्कूल प्रबंध समिति के सदस्य शशिकांत जटाकिया ने दिए।

## चांडिल बाजार में कचरा उठाओ गाड़ी का हुआ शुभारंभ



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होटल राहुल प्लेस चांडिल के सौजन्य से आज कूड़ा उठाओ वाहन का शुभारंभ चांडिल बाजार में सुखराम हेंब्रम, चांडिल अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी डॉ एचएस शेखर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान राहुल प्लेस के मालिक सुखराम हेंब्रम ने बताया कि चांडिल बाजार को साफ - सफाई रखने एक प्रयास है। उन्होंने बताया कि चांडिल बाजार में जगह जगह कूड़ा कचड़ा के अंबार के कारण लोग सड़क पर चल भी नहीं पाते थे। आज से चांडिल बाजार के लोग अपने-अपने घर का कचड़ा गाड़ी में डालें, जिससे पूरा चांडिल बाजार साफ और स्वच्छ रखने में सहायता करें। कुछ दिन के अंदर बाजार के सभी ठेला होटल या सार्वजनिक स्थल पर तीन सौ डस्टबिन(कचरे की डब्बा) रखा जाएगा। मौके पर देवासीस राय, विद्युत दा, नीतीश, आशिष कुंडू, बुद्धेस्वर गोप, नन्दू गुप्ता, अधिवक्ता महेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

# युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर गम्भीर है हेमंत सरकार : भोक्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानन्द भोक्ता गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर लातेहार पहुँचे।जहां पहुंचने के उपरांत परिसदन भवन में राजद प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत कार्यक्रम किया गया, सभी कार्यकर्ताओं ने फुल माला पहनाकर मंत्री श्री भोक्ता का स्वागत किया। परिसदन में स्वागत कार्यक्रम के बाद मंत्री श्री भोक्ता ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लातेहार जिले के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन स्टेशन रोड में आयोजित कौशल उत्सव सह प्लेसमेंट ड्राइव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जहां मंत्री श्री भोक्ता एवं जीप अध्यक्षा पुनम देवी, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह उपायुक्त हिमांशु मोहन राजद उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। इसके उपरांत माननीय मंत्री ने हजारों युवक युवतियों को विभिन्न निजी संस्थानों का ऑफर लेटर प्रदान किया। साथ ही श्रम विभाग के द्वारा चयनित लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का भी वितरण किया। इस उत्सव सह प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री भोक्ता ने कहां कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर काफी गम्भीर है। पूरे राज्य में ऐसे आयोजन कर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। शिक्षित अशिक्षित युवा युवतियों को पहले प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बना रही है और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करा रही है। उक्त कार्यक्रम में, मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह, उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन जीप अध्यक्षा पुनम देवी समेत राजद उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव एसडीएम शेखर कुमार, राजद के जिला उपाध्यक्ष रंजीत कुमार यादव समेत जिले के पदाधिकारी गण व कार्यकर्तागण तथा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## क्लस्टर स्तर पर पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के चेतर ग्राम पंचायत के अंतर्गत रुदमुर्तिया अंगनवाडी केंद्र में क्लस्टर स्तर पर पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।संजू देवी, रीना देवी, लालमुनि देवी, उषा देवी, अमिता देवी एवं विमला देवी ने मिलकर कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराया, इस अवसर पर नीति आयोग के एडीसी कार्यक्रम के अंतर्गत फेलो सत्यम द्विवेदी भी उपास्थि रहे एवं उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि, जरूरत है कि सभी महिलाएं अपने स्वास्थय के प्रति जागरूक हों । सरकार बेहतर पोषण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। धातृ और गर्भवती महिलाओं को बेहतर पोषण के साथ समय-समय पर गर्भ में पल रहे शिशु के विकास के लिए तीन रंगा भोजन ( हरी सब्जियां, दाल, चावल, दूध, अंडा आदि) खाने की बात कही। सही पोषण, देश रोशन के नारे के साथ कार्यक्रम क्रियान्वयन पूर्ण हुआ एवं इस सुअवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद-भराई क्रिया भी संपन्न हुई, वहाँ उपस्थित सभी ने पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद स्वरूप शिशु के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

## वैष्णवी केक शॉप एंड गिफ्ट कॉर्नर का हुआ भव्य उद्घाटन



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बेतला नेशनल पार्क से सटे कुटमू मोड़ स्थित वैष्णवी केक शॉप एंड गिफ्ट कॉर्नर का विधिवत पुजा अर्चना के बाद मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र व युथ कांग्रेस के स्टेट कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह उर्फ गुड्डु समेत कई अन्य अतिथियों के हाथों भव्य रूप से फिता काट कर उद्घाटन किया गया।इस दौरान पहुंचे हुए अतिथि के द्वारा कई तरह का दुकान का सामान खरीदारी कर शुरुआत कर शुभारंभ किया गया। साथ ही प्रतिष्ठान का प्रोपराइटर सोनू कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारे यह प्रतिष्ठान में सभी तरह का केक गिफ्ट का सामग्री उचित मुल्य पर उपलब्ध है। इस दौरान केचकी पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, बेतला पूर्व मुखिया संजय सिंह, अरुण सिंह, मनोज मांझी, आशीष प्रसाद, तेजन बैठा, देव कुमार प्रजापति, केचकी उप मुखिया पति हरेंद्र राम समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता मौजूद थे। इस तरह के प्रतिष्ठान खुल जाने से स्थानीय लोगों को काफी सहुलियत हुई है।

## स्वास्थ्य सहियाओं का एक दिवसीय ऑनलाइन आंकलन परीक्षा सम्पन्न



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे प्रखंड क्षेत्र के 26 सहियाओं को ऑनलाइन आंकलन परीक्षा लिया। उक्त सम्बन्ध मे ई-वेलुवेटर सह बीटीटी दिलीप दांगी व हिरामन पाण्डेय ने बताया की (एनआईसी) राष्ट्रीय मुक्ति विद्यालय के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान मे स्वास्थ्य सहियाओं को आशा प्रमाणिक ऑनलाइन आंकलन परीक्षा के साथ मौखिक हैंडवाश और ओआरएस की विधि से सम्र्बंधित जानकारी लिया गया।लिखित परीक्षा आगामी 24 सितम्बर को लिया जायेगा।मौके पर सहिया रीता देवी, प्रमिला देवी, पूनम देवी, बसंती देवी, राजमनी देवी सहित सभी 26 सहिया मौजूद थे।

## दलालों के खिलाफ ग्रामीणों ने की बैठक, कंपनी दलालों के खिलाफ की जमकर नरबाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र में इन दोनों कंपनी के दलालों से कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीणों काफी परेशान है। जिसको लेकर ग्रामीण बैठक करके दलालों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में कोल वासरी व ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण के विरुद्ध मिश्रोल, फुलवरिया,टेकठा गांव के सैंकड़ों ग्रामीण विरोध करते हुए गोलबंद होने लगे हैं। गुरुवार को हाई स्कूल मिश्रोल के समीप एक महा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रमजान मियां तथा संचालन प्रयाग राम ने किया। बैठक में मिस्रोल के दलालों होश में आओ व अंचल प्रशासन होश में आओ के जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। बैठक में लोगों ने निर्णय लिया कि कोल वासरी व ट्रांसपोर्टिंग सड़क ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण किसी कीमत नहीं होने दिया जाएगा साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में दलाली कर ग्रामीणों को गुमराह करने वाले दलाल को गांव में नो इंट्री लगाया गया है। वहीं लोगों ने कड़ा विरोध कर कहा ग्रामीणों जान देंगे पर जमीन नही देंगे। आक्रोशित लोगों ने मिस्रोल के दलालों होश में आओ, कंपनी होश में आओ, जल जंगल जमीन हमारा है, अंचल प्रशासन होश में आओ के नारे लगाये। बताया गया अंचल अधिकारी के पत्रांक 1119 के आलोक में अनापत्ति को लेकर आयोजित बैठक का ग्रामीण बहिष्कार कर चुके हैं। इस मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, भाजपा नेता प्रमोद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रवि सिंह, राम नगीना सिंह, राजेन्द्र यादव, संजीव तिवारी, मो. शमीम, योधन साव, नरेश यादव, जयप्रकाश तिवारी, विशुन गंझू, उमेश पाठक समेत सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ मुख्यालय अंतर्गत बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में गुरुवार को भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम व उप प्रमुख कामेश्वर राम ने फुटबॉल में किक मारकर किया इसके पूर्व स्टूडेंट क्लब बालूमाथ की बालिकाओं द्वारा झारखंड की आदिवासी वेश भूसा में मांदर की थाप पर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इस टूर्नामेंट में पहला मैच एकता क्लब आरा चमातू तथा सरना क्लब चामा के बीच खेला गया जिसमें सरना क्लब ने एकता क्लब को 3 गोल से हराया वही इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सरना क्लब के मोहित उराँव को अंचलाधिकारी द्वारा एक हजार का नगद पुरुस्कार दिया गया। बता दे कि भगवान बिरसा मुंडा फुटबाल टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग लिया है जिसका प्रथम पुरस्कार 25,051 हजार रुपये, द्वितीय पुरुस्कार 20,051 रुपये, तृतीय पुरुस्कार 12551 रुपये, व चतुर्थ पुरुस्कार 8551 रुपये का प्राइज रखा गया है। इस मौके पर अंचलाधिकारी आफताब आलम, उप प्रमुख कामेश्वर राम, टूर्नामेंट का उपाध्यक्ष अशोक पासवान, सचिव पिंटू नायक, दिलीप मल्टीपल, कोषाध्यक्ष अर्जुन गंझू, आयोजन प्रभारी दिवाकर प्रसाद, बाबूलाल उराँव, राजन सिंह, कृष्णा कुमार, रंजीत उराँव, सर्वेश उराँव, विशाल उराँव, रेफरी राजकिशोर पासवान समेत कई लोग मौजूद रहे। वही मंच का संचालन प्रेम गुप्ता ने किया।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, लातेहार शाखा में बुधवार को ग्राहकों एवं कर्मचारियों को धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। इसमें केंद्रीय सतर्कता आयोग के द्वारा प्रायोजित तीन माह के पूर्ववर्ती गतिविधि के तहत ग्राहकों को जनहित प्रकटीकरण और मुखबिरों की सुरक्षा संकल्प, 2001 (पी आई डी पी आई, 2001) के बारे में जागरुक किया गया। इस अवसर पर आंचलिक सतर्कता विभाग, रांची के मुख्य प्रबंधक मनीष कुमार, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, लातेहार शाखा के आशीष कुमार गुप्ता, हलन कुल्लू, श्वेता वर्मा, मनोज कुमार भगत, प्रेम प्रकाश शुक्ला एवं प्रियंका तिर्की, ग्राहक समेत मौजूद थे।

## राज्यपाल सी पी राधाकृष्ण से सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने राज्यपाल सी पी राधाकृष्ण से रांची स्थित राजभवन में मुलाकात किया है। विधायक किशुन कुमार दास ने राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा है जिसमें मां भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति को फिर से बहाल करने की मांग की है। गौरतलब है कि हिंदू धार्मिक न्यास परिषद के द्वारा मां भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति को भंग कर दिया है और मनमाने तरीके से, नियमों को ताक पर रखकर कमेटी का गठन किया है। इससे मंदिर प्रबंधन समिति और पूरे जिलेवासी आहत हैं। हिंदू धार्मिक न्यास परिषद के द्वारा गठित टीम में स्थानीय लोगों की अपेक्षा के साथ-साथ पदेन अध्यक्ष रहने वाले मंदिर अनुमंडल पदाधिकारी को भी पद से हटा दिया गया है और जितेंद्र चौहान को अध्यक्ष बना दिया गया है।राज्यपाल से मिलने वालों में मंदिर प्रबंधन समिति के सुरेंद्र सिंह, रत्न शर्मा सहित अन्य शामिल थे।

# धूम धाम के साथ मनाई जा रही है गणेश पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** महुआडांड़ प्रखंड के विभिन्न गांव में शुक्रवार को धूमधाम से गणेश पूजा मनाई गई। मां महाकाली नवयुवक संघ (थाना गेट के बगल) द्वारा 5 दिवसीय भगवान गणेश की मूर्ती की स्थापना की गई। इसमें सर्वेश पाठक ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर मूर्ती की स्थापना करवाई। पंडाल परिसर में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे से गुंज उठा। वही संघ के सदस्य भोला ने बताया कि मां महाकाली नवयुवक संघ के द्वारा गणेश पूजा अगले दो वर्षों से बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। आगामी 5 दिनों तक मंगल मूर्ति विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की पूजा बड़ी श्रद्धा से की जाएगी। इस उत्सव में लोगों का विशेष सहयोग मिल रहा है। भंडारे का भी आयोजन दिन गुरुवार को किया है भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर पप्पू कुमार, सूरज कुमार, विकास कुमार एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे। वहीं आर्यन संघ बाज़ार स्थित शिव मंदिर के प्रागंण में गणेश भगवान की मूर्ति स्थपित कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने मनाया परिवार नियोजन दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों ने बृहस्पतिवार को परिवार नियोजन दिवस मनाया। जहां लोगों के बीच निशुल्क दवाई का वितरण भी किया गया। एवं परिवार नियोजन से संबंधित कई जानकारियां बताई गई। मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी के सभी एएनएम व ग्रामीण उपस्थित थी।

## पोषण माह पर योग शिविर का आयोजन



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखड़ के एदला आंगनबाड़ी केंद्र समूह के द्वारा गुरुवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एदला भाग 2 आंगनबाड़ी केंद्र अंतर्गत तुरी टोला विद्यालय परिसर में किया गया। शिविर में पंचायत की सभी सेविकाओं के साथ बड़ी संख्या में महिला पुरुष ने योगाभ्यास किया। इस दौरान शिविर में उपस्थित ग्राम पंचायत की मुखिया शकुंतला देवी ने आम लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग को अपनाने की सलाह दी। मालूम हो कि इन दिनों राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। जिसमें 1 से 30 सितंबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पोषक क्षेत्र के बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। उनमें गर्भवती महिलाओं को गोद भराई, बच्चों की वृद्धि निगरानी, अन्नप्राशन, कुपोषण मुक्त अभियान, मेहंदी रश्म, बच्चों के बीच हेल्दी बेबी शो, नियुट्रेशन गार्डन, रंगोली आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को पोषण, संतुलित आहार सहित स्वास्थ्य और स्वच्छता के संदर्भ में जागरूक कराना है।

## जेएसएलपीएस के तहत गिद्धौर क्लस्टर में ग्राम सभा का हुआ आयोजन, कई एजेंडा पर किया गया चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत गिद्धौर क्लस्टर में गिद्धौर आजीविका महिला संकुल स्वावलंम्बि सहकारि समिति लिमिटेड के तहत बृहस्पतिवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां उपस्थित महिलाओं को कई जानकारियां अधिकारियों द्वारा बताई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंससं सरिता देवी बीपीएम अभिषेक श्रीवास्तव व अन्य लोग थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस ग्राम सभा में मुख्य प्रवक्ता द्वारा स्वागत सहकारी समिति की वित्तीय स्थिति पर विचार करना। सहकारिता की अब तक की प्रगति से अवगत कराना। लेखा परीक्षक नियुक्ति पर विचार करना। अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक योजना एवं बजट का अनुमोदन करना। सहकारिता की व्यवस्था योजना का अनुमोदन करना। सहकारिता में मेमोरेंडम आफ एसोसिएशन और आर्टिकल्स का संगठन का अनुमोदन और अग्निकरण करना। सहायता संस्थाओं के साथ सेवा अनुरोध को मंजूरी देना। बोर्ड सदस्यों का चुनाव, आमंत्रित व्यक्ति द्वारा संदेश, एवं ध्यान्वद ज्ञापन करना। जैसे कई बातों की जानकारियां उपस्थित सदस्यों को बताया गया। सहकारिता के वित्तीय पहलुओं पर विचार करना सहकारी समिति की उधार सीमा को मंजूरी देना और बोर्ड को ऐसी अनुमोदित सीमा को उधार लेने के लिए अधिकृत करना सूक्ष्म ऋष्टा के माध्यम से धन जुटाना को मंजूरी देना अधिक शेष घटा प्रबंधन प्रावधानों पर विचार करना विभिन्न निधियां की स्थापना करना संरक्षण बोनस गणना और वितरण योजनाओं को अपनाने के लिए अप आरक्षित निधि में लाभ का स्थानांतरण योजनाओं को अपनाना इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित आईपीआरपी अजय कुमार सुनीता कुमारी अनिल प्रजापति विजय रजक शीला कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# गणपति महोत्सव के मौके पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार/बरवाडीह :** प्रखंड मुख्यालय के रेलवे कॉलोनी और बाजार पंचमुखी मंदिर रोड में आयोजित तीन दिवसीय गणपति महोत्सव बुधवार की शाम भगवान गणपति के प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गई। रेलवे कॉलोनी 21 वें गणपति महोत्सव के दौरान जहां बुधवार की देर शाम भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर के साथ यूथ कांग्रेस प्रदेश संयोजक सह खिजरी विधानसभा प्रभारी विजय बहादुर सिंह और वरीय अनुभव अभियंता विवेकानंद बसु के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और फीता काटकर किया गया।जहां भक्ति जागरण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय और बाहरी कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत पेश पूरी रात करने का काम किया गया।वहीं गुरुवार को भगवान गणपति की प्रतिमा विसर्जन के पूर्व पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान को विदाई देने की सभी परंपरा को करते हुए रेलवे कॉलोनी स्थित पूजा पंडाल में महिलाओं के द्वारा बंगाली परंपरा के अनुसार सिंदूर होली खेली गई जहां मौजूद महिलाओं के द्वारा एक दूसरे को सिंदूर लगाकर उनके सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई। वहीं भगवान को विदाई देते हुए मौजूद श्रद्धालुओं के द्वारा अपने और अपने प्रिय जनों के लिए मनोकामनाएं भी मांगी गई।इसके बाद गाजे बाजे के साथ भगवान गणपति की प्रतिमा को नगर भ्रमण करते हुए आदर्श नगर स्थित घाट में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। जहाँ मौके पर इस दौरान मौके पर सायमली डे, मनीष ड़े, आदित्य कुमार यदुवंशी, शिल्पी डे पायल डे, भोला बारिक, उतम रॉय, गोपाल दास, गीता दास, शिखा रॉय, कोयल मन्ना, विवेकानद बासू, अर्पिता बासु, माहुली डे, विजय कुमार मन्ना, शुभांकर बारिक, चंद्रकांता कुमारी सोनू बारिक, विनोद कुमार सिंह उज्जवल कुमार सिंह सुनील कुमार सिंह आँचल सिंह कुमार, प्रिया कुमारी, लकी सिंह पंकज विश्वकर्मा अभय नाथ साहिल सिंह अमरकांत गौतम समेंत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल परिसर सभागार में बृहस्पतिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम प्रखंड प्रमुख अनीता यादव के अध्यक्षता में की गई।संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। जहां थाना प्रभारी कन्हैया कुमार भी उपस्थित थे। आगे बताते चले की अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक का कुछ दिन पहले गिद्धौर से लातेहार जिला के चंदवा अंचल में स्थानांतरण हो गई है। जिनकी विदाई गिद्धौर प्रखंड के अधिकारी जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं गन्य मान्यलोगों ने सीओ को गुलदस्ता दे फूलों की माला पहनाकर एवं उपहार दे विदाई किया गया। उनके कार्य शैली से लोगों ने अत्यंत संतुष्ट थे जिसकी व्याख्या भी किया इन्होंने गिद्धौर अंचल में लगभग 31माह सेवा दिया। इस मौके पर पूर्व मुखिया महेंद्र राम पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बसंत सिंह उमेश को प्रणेश गुप्ता कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह पप्पू कुमार यादव उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा मनोज मिश्रा महादेव दांगी अनिल प्रजापति अमरजीत सिंह एवं दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव थाना कांड संख्या 91/2023 धारा- 46, 379, 411, 34 भा0द0वि0 के प्राथमिक अभियुक्त प्रखंड अंतर्गत ग्राम तेलियतरी निवासी 23 वर्षीय जदू कुमार को बड़कागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जय प्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार हजारीबाग भेज दिया। बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि आरोपी जदु कुमार महतो कई दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिलते ही गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया।

### बीस सूत्री सदस्य ने कार्यपालक अभियंता हजारीबाग सिंचाई विभाग को ज्ञापन सौंपा

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ झामुमो प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति विष्णुगढ़ की जनसमस्या को लेकर अधिकारियों को अवगत रहते रहे हैं। इसी कड़ी में झामुमो प्रखंड सचिव ने कार्यपालक अभियंता हजारीबाग सिंचाई विभाग को ज्ञापन देकर विष्णुगढ़ की जनसमस्या से अवगत कराया है। जिसमे जमुनिया डैम से लेकर ग्राम टंडा तक पक्कीकरण नहर बना है,उस पक्कीकरण नहर में बहुत जलखरी, घास एवं गंदगी भर गया है। जिसके चलते जमुनिया डैम से पानी निकासी होती है, लेकिन वह पानी टंडा तक नहीं पहुंच पाती है। आपको बताते चलें कि अच्छी वर्षा नहीं होने से बीस से पच्चीस एकड़ जमीन में पानी नहीं पहुंचने से सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।किसानों के हित को देखते हुए जमुनिया डैम से लेकर ग्राम टंडा तक नहर का साफ सफाई होने से वह पानी टंडा तक आसानी से पहुंच पाती। जिससे किसानों के बीस से पच्चीस एकड़ जमीन में पटवन हो जाती जिससे किसानों का लहलहाते खेत फिर से हरे भरे हो जायेगे। इन सभी समस्या को देखते हुए कार्यपालक अभियंता हजारीबाग सिंचाई विभाग से झामुमो प्रखंड सचिव ने एनओसी की मांग की है, ताकि मनरेगा से साफ सफाई का कार्य हो सके।

### महाधरना को लेकर जयनगर में ग्रामीणों की बैठक

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जयनगर पंचायत के देवी मंडप में विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नागेश्वर मुंडा और संचालन राजेन्द्र रजक ने किया। बैठक में आगामी 29 सितंबर को पीवीयूएनएल लेबर गेट के समीप महाधरना को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही साथ अधिक से अधिक संख्या में उक्त धरना में शामिल होने की बात कही गई।मौके पर पंचायत मुखिया और बिजेंद्र मुंडा शकिल अंसारी रवि कुमार बालेश्वरी देवी विनय मुंडा नरेश राम और दिनेश्वर मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### गणपति उत्सव पर मेहता हास्पिटल ने ग्रामीण को भेंट किया झारखंडी वाद्य यंत्र

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आधुनिक युग में पुराने भारतीय एवं झारखंडी संस्कृति के वाद्य यंत्र लुप्त होते जा रहा है, वही हृदय को रोगी बनाने वाला डिजे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है सही मायने में डीजे हृदय रोग को निमंत्रण दे रहा है डीजे के कारण लोग बहरे एवं डिप्रेशन में जा रहे हैं। समझदार लोगों को पुरानी संस्कृति मांदर ढोल नगाड़े ढोलक ताशा करताल का उपयोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं त्योहार में करनी चाहिए। उक्त बातें मेहता हॉस्पिटल की निर्देशिका मंजू प्रसाद ने मेहता अस्पताल के कांफ्रेंस हॉल में कही। साथ ही उन्होंने नवाडिह पंचायत के गांव रहिया को झारखंडी वाद्य यंत्र ढोलक, मांदर, झाल मंजीरा, करताल का वितरण किया और कहा कि हर शुभ कार्य को भगवान गणेश के स्मरण के बाद किया जाता है, इसीलिए आज के दिन से अब लोगों को पुनः प्रकृति की ओर वापस आने की जरूरत है। स्कूली बच्चों को मोबाइल की जगह बैडमिंटन, क्रिकेट, शतरंज की तरफ मोड़ने का प्रयास करें। कंप्यूटर मोबाइल के कारण बच्चों में चिड़चिड़ापन आ रहा है, जो भारत के लिए अशुभ है। वाद्य यंत्र वितरण कार्यक्रम में इचाक प्रखंड प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी ,प्रो बीके मेहता, प्रयाग मंडल ,रहिया गांव के कृष्णा राम गोविंद वरिष्ठ कांग्रेस नेता संदीप धवन, सरफुल हक ,मनोज मेहता, अरुण राम, पंचायत अध्यक्ष बसंत राम ,सपना देवी ,मालती देवी, सोनिया देवी एवं अशोक राम उपस्थित थें।

### सदर विधायक ने स्व.रुपेश पांडेय की प्रतिमा बरही वासियों को सौंपा

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही के करियातपुर, नईटांड़ में स्व.रुपेश पांडेय की प्रतिमा जल्द लगेगी। जिसे लेकर गुरुवार को हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने अपने विधायक सेवा कार्यालय परिसर में बरही वासियों को स्व.रुपेश पांडेय की प्रतिमा भेंट किया। ज्ञात हो की स्व.रूपेश पांडेय की मौत मूर्ति विसर्जन के दौरान एक भीड़ द्वारा कर दिया गया था जिसके बाद पहले दिन से लगातार विधायक मनीष जायसवाल मृतकों के परिजनों के साथ तन, मन और धन से खड़ा थे। स्व. रूपेश पांडेय के अंतिम यात्रा से लेकर उनके परिजनों को न्याय दिलाने के लिए विधायक मनीष जायसवाल सड़क से लेकर सदन तक लगातर संघर्ष किए थे और आर्थिक रूप से भी मृतक के परिजनों को सहयोग किया था। वहीं उन्होंने बताया की स्व.रुपेश पांडेय के मामले में सीबीआई जांच चल रही है और जल्द न्याय की उम्मीद जताई जा रही है। बरही से प्रतिमा लेने पहुंचे लोगों ने बताया की आज ही यह प्रतिमा स्व.रुपेश पांडेय के परिजनों को सौंप दिया जाएगा जिसके बाद उनके परिजनों के द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक इसे अधिस्ठापित किया जायेगा। मौके पर सदर विधायक कार्यालय में विशेषरूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, रसोइया धमना के पूर्व पंसस प्रमोद कुमार यादव, नागेश्वर यादव, विजय यादव, मिथलेश यादव सहित कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा और अन्य लोग बरही से प्रतिमा लेने पहुंचे थे। सभी ने विधायक मनीष जायसवाल के प्रति आभार जताया और उन्हें धन्यवाद दिया ।

### दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट के छात्र गणेश कुमार का अग्निवीर में हुआ चयन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस के विद्यार्थियों ने प्रत्येक वर्ष बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए सरकारी एवं गैर सरकारी नौकरीयों में अपनी सफलता का परचम लहराते हुए नज़र आ रहे है। बैंक, रेलवे, आर्मी, एसएससी जीडी की बात हो या निजी कंपनी में अकॉउंटेंट की बात हो। सभी जगह संस्थान के विद्यार्थियों ने अपनी सफलता हासिल किए है। विगत वर्ष में संस्थान के पूर्व विद्यार्थी पुरहारा निवासी संदीप यादव ने बीएसएफ में चयनित हुए एवं सूरज कुमार अग्निवीर में सफलता हासिल किए। और इस वर्ष बरही बेन्दगी निवासी हरि साव के पुत्र गणेश कुमार ने अग्निवीर में प्रथम प्रयास में सफलता हासिल कर संस्थान के साथ साथ पूरे अपने क्षेत्र का नाम रौशन किए। उन्होंने ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं घर के सभी सदस्यों के साथ साथ संस्थान संचालक अरुण शर्मा को दिए। अरुण शर्मा ने कहा कि हमारे संस्थान में 8वी क्लासेज़ से ही विद्यार्थियों को जीवन पथ पे चलने एवं अपने सपनो को साकार करने के लिए हमेशा बच्चों को प्रेरित किया जाता है। और जिसको ध्यान में रख कर विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सभी क्लासेज़ जैसे 8 वी से स्नातक तक एवं कम्पटीशन की क्लासेज़ दी जाती है। ताकि विद्यार्थी समय अनुकूल अपनी तैयारी क्रमबद्ध तरीके से कर सके। शुभकामनाएं देने में संस्थान के शिक्षक अरुण शर्मा, शशि कुमार, कमलकांत, नीतू यादव, सिमा यादव, कमल प्रजापति,राजेन्द्र महतो, अमित कुमार, प्रेम कुमार, रमेश महतो, प्रियंका प्रजापति शामिल है।

## चेहल्लुम के अवसर पर लाठी प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** चेहल्लुम के उपलक्ष्य पर होसिर गांव में शानदार लाठी प्रतियोगिता हुई इसका उदघाटन अतिथियों ने किया प्रतियोगिता में कई टीमों ने भाग लिया. सभी टीमों के बीच मुकाबला हुआ. इसमें प्रथम स्थान पलानी, द्वितीय तोपा, तृतीय रतवे, चौथा मगनपुर, पांचवां पिरी व छठा स्थान अंबाटांड़ की टीम ने प्राप्त किया. कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायक ममता देवी, कर्मचारी कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो तबारक कांग्रेस के सीपी संतन, उपप्रमुख सुमन देवी, मो रिजवान ने



विजयी टीमों के बीच पुरस्कार का वितरण किया. अतिथियों ने कहा कि चेहल्लुम के उपलक्ष्य पर लाठी प्रतियोगिता करायी गयी है. लाठी भारत का बहुत ही पुराना खेल है. इस खेल का आनंद ही अलग है. इस अवसर पर रंजीत पांडे, पुरुषोत्तम पांडे, हुकुमनाथ महतो, कुमेश्वर महतो, शशिभूषण सिंह, विजय कुमार, मो फारूख, एनामुल अंसारी, मन्नु राइन, नौशाद अंसारी, मो तमीम, मो आसिफ उपस्थित थे.

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने विगत एक माह में अवैध खनन अथवा परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी ली। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल सहित अन्य एजेंसियों के महाप्रबंधकों, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें अच्छी तरह से बंद कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को वन भूमि एवं गैरमजरूआ सहित अन्य सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अवैध खनन, ईट भट्टों का संचालन न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने वर्तमान में गैरमजरूआ सहित अन्य सरकारी जमीनों पर चल रही अवैध गतिविधियों को चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ प्रखंड का प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन गुरुवार को प्रखंड सभागार, रामगढ़ में प्रखंड विकास पदाधिकारी, रामगढ़ की अध्यक्षता में चुनाव कराया गया। जिसमे रामगढ़ प्रखंड के सभी 10 गांव के ग्राम स्तरीय पर गठित सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के पदाधिकरियो एवम कार्यकारिणी सदस्यो ने चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी 1. प्रदीप कुमार 2. सुधीर कुमार 3. जलेश्वरी देवी 4. कंचन देवी 5. मनोहर कुमार 6. अमित बेदिया , उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी,1.धीरज कुमार 2. धर्मनाथ मुंडा 3. सुनील करमाली 4. अनिल करमाली , सचिव पद के प्रत्याशी, 1. सनोज कुमार महतो 2. सुनील कुमार बेदिया 3. महेंद्र कुमार 4. संदीप करमाली 5. तेजू कुमार बेदिया ने अपना नामांकन किया।

## ग्रामीणों संग सीपीआई ने किया अदानी कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राज्य में जल जंगल जमीन की हो रही लूट के खिलाफ हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। जिला समाहरणालय परिसर में अदानी कंपनी के खिलाफ बड़कागांव के ग्रामीण ,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, खतियानी परिवार और समता सैनिक दल ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन कर अदानी कंपनी वापस जाओ नारे लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व सांसद ने कहा कि



गोंदलपूरा कोल ब्लॉक जो अदानी को आवंटित किया गया है जिसमें गोंदलपूरा, गाली, बालोदर, हाहे के ग्रामीण 12 अप्रैल से शांति पूर्ण धरना पर बैठे हुए हैं।जिन्हे गलत मुकदमे में फसाया जा रहा है जो सरासर गलत है। गैरमजरूआ जमीन ,वन भूमि, नदी नाला, तालाब एवं श्मशान घाट की अवैध बंदोबस्ती की जा रही है जिसमें सरकारी पदाधिकारी संलिप्त है। जिले के सभी अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज में व्याप्त भ्रष्टाचार और लूट बंद किया जाए। हजारीबाग में धान की फसल अच्छी नहीं हुई है और सूखे की मार झेल रहे हैं इसलिए हजारीबाग को अविलंब सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया जाए ।एक दर्जन मांगों पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और उनके सहयोगियों ने मांग पत्र प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी को सौपा। श्री मेहता ने कहा कि जब तक आम जनमानस को राज्य सरकार सहूलियत नहीं देती है तब तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का धरना प्रदर्शन चलता रहेगा।

## डीएवी स्कूल पतरातू में मना कृमि मुक्ति दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू में गुरुवार को कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने स्कूल के बच्चों और शिक्षको को कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार पूरे देश से कृमि रोग को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके लिए देश के हर राज्य, जिला तथा प्रखंड स्तर पर हर घर और स्कूल के बच्चो तक को इस कृमि बीमारी को रोकने के लिए मुफ्त में दवाइयां उपलब्ध



करा रही है। मौके पर शिक्षको में विनय पाठक, प्रमोद पाठक ,सुधीर कुमार सिंह,राकेश चौधरी, बिनोद पाठक, विमलेश कुमार, राजेश कुमार, कुमार अनिल सिंह, पी के झा, अनिल सिंह, सुनील चौधरी, आर सी महतो और के के शर्मा आदि उपस्थित थे।

## कटिया में राशन कार्डधारियों का आधार सिडिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के पंचायत भवन में विशेष कैंप कर राशन कार्डधारीयो का आधार सिडिंग एवं मृत लाभुकों का सूची तैयार की गई। लाभुको को मुखिया किशोर कुमार महतो द्वारा जानकारी दी गई कि अब बचा हुआ लाभुकों का आधार सिडिंग का काम डीलर के द्वारा किया जाएगा । सभी लाभुक अपने-अपने डीलर से संपर्क कर सकते है। इसके अलावा वर्ष 2016 से निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मृत्यु अथवा स्थायी पलायन किये गये मतदाताओं /विवादित महिलाओं की सूची भी उपलब्ध



करवाना है । ताकि राशन कार्ड से उनका नाम हटाते हुए तैयार रिक्ति के विरुद्ध नाम जोड़ा जा सकता है । इस कैंप में पंचायत समिति अनीता जैन उप मुखिया नंद किशोर महतो पंचायत सेवक सामिया कुमारी प्रज्ञा केंद्र से संतोष सिंहा रंजन कुमार नरेश महतो कृष्णा कुमार रूपलाल महतो सुखन महतो रमेश महतो रविंद्र कुमार बालकिशुन महतो रामटहल महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आम रास्ता अवरुद्ध होने से हुआ जल जमाव लोग परेशान, अवागमन प्रभावित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड मुख्यालय समीप पश्चिमी पंचायत के मल्हाटोली स्थित बड़ा शिवालय क्षेत्र के लोग गंदे जल जमाव से परेशान हैं। जिसका मुख्य कारण किसी एक व्यक्ति के द्वारा पीसीसी रोड पर सीमेंट पिलर व अन्य समाग्री से जाम कर दिया है। नतीजा है कि मल्लाह टोली का नाली का पानी और बरसात का पानी बड़ा शिवालय परिसर में इकठ्ठा होकर तालाब बन गया है। आम रास्ता पर गंदे जल का जमाव की स्थिति बना है। जिसके वजह से बड़ा शिवालय सहित राजकीय प्राथमिक विद्यालय मल्लाह टोली व भामशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय प्रभावित हो रहा है। आम लोगों को आवागमन प्रभावित हो गया है। स्कूली बच्चे गंदे जल जमाव में डूब कर जाने पर मजबूर हैं। बारिश होने पर गंदे पानी लोगों के घरों में घुस रहें हैं। वहां के ग्रामीणों का कहना है कि पहले नाली और बरसात का पानी इसी पीसीसी सड़क के किनारे से निकासी होती थी। लेकिन एक व्यक्ति अपना आवास बनाने के बाद पीसीसी रोड को जाम कर दिया है। इस बीच सड़क अवरुद्ध करने पर ग्रामीणों के साथ कई बार बहस भी हो चुकी है। पंचायत मुखिया को भी स्थिति से अवगत कराया गया। लेकिन वे व्यक्ति किसी को सुनता नहीं है। जल जमाव के कारण डेंगू जैसी बीमारी से लोगों को भय बना है। इधर सार्वजनिक दुर्गा समिति भी इसी बड़ा शिवालय मंदिर परिसर में भव्य पंडाल बना रही है, जहां पूजा समिति के द्वारा मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया जाता है। यदि समय रहते आम रास्ता के पीसीसी रोड पर जाम को नहीं हटाया गया तो लोगों की मुश्किलें बढ़ेंगी और आम अवाम हलकान होंगें।

## संयुक्त सनातन गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश संयोजक बने अबू हसन, क्षेत्र वासियों ने दी बधाई

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के घुटवा अंबवाटांड निवासी अबुतालीम उर्फ अबू हसन को संयुक्त सनातन गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर आज रामगढ़ जिला वासियों ने उन्हें बधाई दी और क्षेत्र वासियों ने नवनियुक्त संयुक्त सनातन गौरक्षा वाहिनी प्रदेश संयोजक का बूके देकर स्वागत किया। आपको बताते चलें कि यह संगठन गैर-राजनीतिक संगठन है जिनका कार्य सर्वांगीण विकास गौरक्षा करना है। आज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीशान चौहान, राष्ट्रीय संरक्षक अनंता सरस्वती जी महाराज राजगुरु, आचार्य पंकज कृष्णा महाराज, कपाली बाबा महाराज के दिशा-निर्देश पर संगठन एवं गव माता की देख-रेख की जिम्मेवारी एक अल्पसंख्यक के कंधे पर दिए जाने से जिले में चर्चा का विषय और काफी प्रशंसा हो रही है।

## हिन्दी भाषा की लोकप्रियता आज पूरे विश्व में बढ़ी है : प्राचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में गुरुवार को हिन्दी दिवस के अवसर पर 20 सितम्बर को हिन्दी पखवाड़ा महोत्सव हिन्दी विभाग द्वारा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन एवं अध्यक्षता हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हीरामन साव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बिमल किशोर के साथ इतिहास विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अरुणा रानी, अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार बर्णवाल, राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय रविदास, समाज शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. गिरिधारी लाल यादव, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मदेव मोदी, अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय प्रताप सिंह, उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नय्यर इकबाल, भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरूण कुमार रामानुज, दर्शन शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. सरिता सिन्हा, सहित हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. बद्री साव, डॉ. सुषमा कुमारी, संजय कुमार बख्शी, डॉ. संगीता चौधरी, जागेश्वर यादव, महेश यादव, डॉ. अशोक कुमार, अंजलि कुसूम ओम, डॉ. सीमा सिन्हा, अब्बास अंसारी, तमन्ना परवीण सभी प्राध्यापक गण के साथ महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मचारी प्रधान लिपिक जिनेश्वर प्रसाद यादव, लेखापाल नागेश्वर यादव, सुमित्रा कुमारी, आनन्द कुमार मौर्य, दिनेश यादव, त्रिभुवन यादव, राजू यादव , महेन्द्र ठाकुर, गामा कपरदार, हरेन्द्र सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष निजामुद्दीन अकेला, अर्चना कुमारी, गीता, रीना सहित सैकड़ों छात्र,, छात्राओं ने भाग लिया।

## लॉन टेनिस कोर्ट के पुनर्निर्माण के लिए एनटीपीसी ने जिला प्रशासन को 5 लाख का चेक सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** समाज के प्रति संवेदनशील एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने एक बार पुनः अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सामाजिक नैगमिक दायित्वों के तहत जिला प्रशासन को 5 लाख रुपए का चेक सौंपा है। इस राशि के माध्यम से हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में स्थित लॉन टेनिस कोर्ट का पुनर्निर्माण किया जाएगा। लॉन टेनिस कोर्ट के पुनर्निर्माण से जिले के कई खिलाड़ियों को खेल में आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी वे और भी बेहतर ढंग से अपने अभ्यास को जारी रख पाएंगे। इससे पहले भी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की ओर से जिला प्रशासन को निरंतर विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए सहायता



राशि दी जाती रही है। वो बात चाहे ओपन एमपी थिएटर के सौंदर्य करण की हो या फिर पुलिस बल को सशक्त बनाने के लिए पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट के लिए राशि देने की पकरी बरवाडीह ने हमेशा से ही जिला प्रशासन को विभिन्न कार्यों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की है। हजारीबाग उपायुक्त ने पकरी बरवाडीह परियोजना द्वारा दिए जाने वाले समय समय पर सहयोग की सराहना की और कहा कि ज़िले के विकास में इस तरह का सहयोग काफी महत्व रखता है। मौके पर उपयुक्त नैंसी सहाय, अपर समाहर्ता राकेश रौशन, अनुमंडल पदाधिकारी विद्याभूषण कुमार के अलावा एनटीपीसी पकरी बरवाडीह से उप-महाप्रबंधक भू-अर्जन गुंजन राव एवं कार्यपालक अधिकारी सीएसआर रिचा नंदा के साथ ही एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी फैज़ तैयब, नवीन गुप्ता, प्रवीण अनंतराम पांडे सहित एनटीपीसी एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन से पंसस मोहन महतो हत्याकांड का जल्द उद्भेदन करने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड सभागार भवन में गोंदलपुरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो हत्या मामले को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक की गई। बैठक में हत्या मामले पर चर्चा किया गया। चर्चा के पूर्व दिवंगत मोहन महतो की आत्मा की शांति के लिए सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा 2 मिनट का मौन रख आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा एसडीपीओ कार्यालय एवं बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की से मिलकर अब तक हुई जांच पर जानकारी ली गई। पंचायत प्रतिनिधियों ने हत्याकांड का जल्द से जल्द उद्भेदन कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। पुलिस प्रशासन के द्वारा जल्द



से जल्द मामले का उद्भेदन कर दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने दिवंगत मोहन महतो के निवास स्थान जोराकाठ पहुंच कर घर के सदस्यों से मुलाकात कर हमेशा अपना सहयोग देने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, सुनीता देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र कुमार प्रसाद, प्रभु राम, निर्मल राम, सुनीता देवी, गणेश साव, कोशिला कुमारी, फ्यूम अंसारी, मुखिया पारस नाथ प्रसाद, वासुदेव यादव, कविता देवी, प्रभु महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया, गिरधारी साव, बृजेश कुमार, सुरेश चौधरी, अरुण महतो, मिथिलेश साव राजकुमार साव, सनित महतो उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## एस डी पब्लिक स्कूल में मनाया गया सातवां स्थापना दिवस



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर प्रखंड अंतर्गत गादी में गुरुवार को झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन यूनिट गिरिडीह का सातवां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन एस डी पब्लिक स्कूल गादी में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संघ के प्रखंड अध्यक्ष माननीय सहदेव महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। वही मंच संचालन राम वर्मा एवं अध्यक्षता संरक्षक अजित कुमार मिश्रा ने किया ।वही कार्ययोजना एवं कार्यक्रम का उद्देश्य को अध्यक्ष सहदेव महतो ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अजीत कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा कि संघ में एक फण्ड निर्माण किया जायेगा जिससे एक ही विद्यालय में योगदान देने वाले शिक्षकों को संघ के नियमानुसार प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जायेगा । वही उपस्थित अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा की संघ को एकता में रहते हुवे संघ के अंतर्गत सारे विद्यालयों को एक छुट्टी लिस्ट जारी करें और एक सिलेबस हो । वही संघ के मीडिया प्रभारी विकाश वर्मा ने कहा कि संघ अगर एकता में रहेंगें तो सरकार और प्रशासन को भी हम सब की बात माननी होगी । जगदीश वर्मा ने संबोधित करते हुवे कहा कि हम सभी को नैतिकता पर जोर देना हैं । पूर्व पंचायत समिति सदस्य बसंत कुमार वर्मा ने कहा कि निजी विद्यालय के विकास के लिए सरकार फण्ड दें क्योंकि सरकारी विद्यालयों से बेहतर शिक्षा गाँव के निजी विद्यालय में होती है।मौके पर उपस्थित प्रमेश्वर प्रसाद वर्मा , विकाश वर्मा, राजेश कुमार रवानी , राम वर्मा , दुखन सिंह, गुल मोहम्मद अंसारी महेश कुमार वर्मा, भालो मंडल, संजय कुमार राम , प्रिया भदानी, संध्या वर्मा, स्वेता सिंह, दीपक वर्मा, संतोष कुमार, कपिलदेव पांडेय, तेजलाल यादव , सत्येंद्र वर्मा, नरेश चौधरी, पवन, अनुराधा,संदीप समेत संबंधित विद्यालय के शिक्षक एवं प्रधानाचार्य सैकड़ों की संख्या में मौजूद थें ।

## गणेश पूजा के अवसर पर हुआ भंडारे का वितरण प्रसाद के लिए जुटी श्रद्धालुओं की भीड़



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कतरास कोयलांचल में विघ्नहर्ता गणेश की पूजा आज तीसरे दिन भी बहुत ही धूमधाम से की जा रही है। सभी पूजा पंडालो में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। श्री श्री गणेश पूजा समिति रेलवे कॉलोनी के द्वारा रेलवे इंस्टिट्यूट दुर्गापूजा के मैदान में केदारनाथ धाम आकृति का पंडाल बनाया गया जो आकर्षण का केंद्र बना है। गुरुवार को कमेटी की ओर से महा भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी, बुंदिया का वितरण किया गया। समाजसेवी वशिष्ठ चौहान ने भंडारे का प्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया। गणेश पूजा पंडाल में समाजसेवी वशिष्ठ चौहान का श्री श्री गणेश पूजा समिति के सदस्यों ने बुके एवं अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। पंडित हरि उपाध्याय के देखरेख में पूरे विधि विधान से पूजन किया गया। शाम को प्रसिद्ध मंडलियों के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। 22 सितंबर को पूर्णाहूति के बाद मूर्ति का विसर्जन किया जायेगा। मौके पर कमेटी के अनुज रवानी, प्रवीण सिंह, बिपिन यादव, निहाल रवानी, शिवम रवानी, सुमित रवानी, सौरभ रवानी, निखिल रवानी, अनिकेश सिंह, शिवम कुमार, विक्की चौधरी, अनिकेत सिंह, अंकित सिंह आदि के अलावा काफी संख्या में कमेटी के सदस्य व श्रद्धालु मौजूद थे।

## ट्राफिक पुलिस कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार के निर्देशानुसार आज ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस उपाधीक्षक, यातायात राजेश कुमार के नेतृत्व में यातायात पुलिस कर्मियों को यातायात संकेत एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस केंद्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षण दिया गया।

# आजादी के 75 वर्ष बाद भी नदी का पानी पीने को मजबूर है जोगड़िया के ग्रामीण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** बिरनी एक ओर जहां देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मना रही है। चांद पर विजय पा कर अपनी पीठ थपथपा रही है, इसके बावजूद बिरनी प्रखण्ड के पूर्वी भाग में स्थित लगभग 400 की जनसंख्या वाले जोगड़िया गांव के लोग आजतक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीण आज भी नदी व नाले का दूषित पानी पीने को मजबूर है । इस बीच ग्रामीण सबिता हेम्ब्रम, बड़की दीदी, देवमुनि, शांति कुमारी, तारा सोरेन, शिबू टुड्डू समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि आज तक इस गांव में विकास का कोई भी काम नही हुआ है। एक ओर जहां सरकार आदिवासियों के हित के लिए बड़ी बड़ी दावे करती है बावजूद आदिवासी बहुल इस गांव में कोई सड़क, चबूतरा, कुआं, चापाकल इत्यादि नहीं है। गांव के लोग आज भी तीसरी दुनिया में रहने को मजबूर है। लोग पगडंडी के रास्ते आवागमन करते है ।साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव के लोगों का पेयजल की सुविधा नही रहने की समस्या जानने के बाद भी सांसद, विधायक, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य यहां तक कि स्थानीय मुखिया भी कोई सकारात्मक पहल नहीं कर रहे हैं । अलबत्ता वोट के समय लगभग सभी पार्टियों के कार्यकर्ता इस गांव में वोट के लिए आते हैं और समस्या को दूर करने की बात व वादा करके जाते हैं और फिर दिखाई नहीं देते हैं। इधर बिरनी प्रमुख रामु बैठा ने बताया कि एक चापाकल का बोरिंग किया गया लेकिन वह सफल नही हो पाया।

वहीं जिलापरिषद सदस्य सूरज सुमन ने बताया कि इस सम्बंध में कोई जानकारी नही है।

## टुंडी : जन वितरण प्रणाली के दुकानदार की मनमानी से कार्डधारियों में भारी रोष



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड अंतर्गत पुरनाडीह पंचायत के चकामानपुर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा इन दिनों उपभोक्ताओं के साथ बहुत ही अन्याय किया जा रहा हैं । ज्ञात हो कि चकामानपुर पी डी एस दुकानदार श्रीनाथ टुडू के द्वारा प्रत्येक कार्डधारियों से तकरीबन पाँच किलो अनाज की कटौती कर लिया जा रहा है उपभोक्ताओं द्वारा कहने पर बोलता है जहाँ जाना है जा सकता हैं। आज सभी कार्डधारियों ने मिलकर अपने पंचायत के मुखिया बसंत नारायण तिवारी को पणन पदाधिकारी के नाम एक आवेदन दिया गया जहाँ मुखिया ने अगसारित करते हुए अंचलाधिकारी टुंडी को भेज दिया ।

## गोविंदपुर क्षेत्र के जीएम ने किया पुरस्कृत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस के अवसर पर पर्यावरण विभाग गोविंदपुर क्षेत्र द्वारा निबंध लेखन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मध्य विद्यालय भटमुरना तथा जमुआ पंचायत स्थित अम्बेडकर मध्य विद्यालय के 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पाने वाले विद्यार्थियों (आशिका कुमारी, आयुष कुमार, काव्या कुमारी) को महाप्रबंधक जीसी साहा ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक पर्यावरण विवेक शर्मा, शशि रंजन आदि मौजूद थे।

## नाबार्ड ने किया आरआईडीएफ के तहत क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नाबार्ड द्वारा ग्रामीण आधारभूत सुविधा विकास निधि (आर.आई.डी.एफ.) के तहत धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, चतरा, कोडरमा तथा रामगढ जिले में स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यान्वन विभागों के नोडल अधिकारियों के लिए आज लूबी सरक्युलर रोड स्थित एक होटल में धनबाद में नाबार्ड के उप महाप्रबंधक एस.सी. गर्ग की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक एस.सी. गर्ग ने बैठक की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह बैठक किया जाना अपेक्षित था। जिससे परियोजनाओं के कार्यान्वयन को गति प्रदान करने, कोई बाधा हो तो उसे दूर करने तथा परियोजना के ससमय क्रियान्वयन किया जा सके। उन्होंने कहा कार्यान्वयन कर रहे विभागों से यह अपेक्षित है कि वे परियोजना में हुए खर्चे का मासिक ब्योरा नाबार्ड को उपलब्ध कराए ताकि नाबार्ड समय पर राशि निर्गत कर सके और राज्य सरकार नाबार्ड के इस किफ़ायती वित्तीय सहयोग का समुचित लाभ ले सके। उन्होने यह भी बताया कि नाबार्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप में परियोजना से संबन्धित ÷डिसप्ले बोर्ड÷ हर परियोजना में लगाना आवश्यक है क्योंकि यह सोशल मोनिटरिंग का एक अंग है। इस अवसर पर जिला विकास प्रबन्धक (डी.डी.एम.) नाबार्ड रवि कुमार लोहानी ने बताया कि नाबार्ड द्वारा झारखंड राज्य में आर.आई.डी.एफ. के तहत राज्य सरकार को कुल 4639 परियोजनाओं के लिए 21578.96 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें 15765.62 करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं। उन्होने योजना पूर्ण होने के पश्चात तुरंत प्रोजेक्ट कंपलीशन सर्टिफिकेट (पीसीसी) तथा उसके 6 महीनो के अंदर प्रोजेक्ट कंपलीशन रिपोर्ट नाबार्ड को समर्पित करने का आग्रह किया।

बैठक में धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, चतरा, कोडरमा तथा रामगढ. में पदास्थापित नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक तथा इन सात जिलो के आर.आई.डी.एफ. परियोजनाओं के कार्यान्वयन विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता तथा अन्य पदाघिकारीयों ने हिस्सा लिया।

# गणपति बप्पा मोरया की जयकारे से गूंजा हरि मंदिर परिसर

## भक्तों के बीच खीर का वितरण



प्रभात मंत्र सवांददाता

**धनबाद :** गणपति बप्पा मोरया... की जयकारे से गूंजा मनईटांड़ हरि मंदिर परिसर। करीबन हजारों भक्त पूजा में शामिल हुए और श्रद्धा भक्ति से गणपति का आशीष लिए। मनईटांड़ बैंक कालोनी, हरि मंदिर स्थित श्रीश्री गणेश पूजा समिति की ओर से लगातार तीन वर्षों से आकर्षक पंडाल का निर्माण कर गणपति उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को पंडित प्रवीण मिश्रा के सानिध्य में विधि विधान से पूजन किया गया। तीन दिन में भगवान गणेश को 251केजी लड्डू अर्पित किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष रवि सोनी ने बताया कि इस बार गणेश पूजा धूमधाम से आयोजित किया गया है। बुधवार को करीबन तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद के रूप में खिचड़ी का भोग वितरण किया गया एवं गुरुवार को पांच सौ केजी दूध का खीर वितरित हुआ। समिति के सचिव सप्पू महतो ने बताया कि शुक्रवार को भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

# निगम के टेंडर को लेकर दिन भर रही गहमा गहमी, पहुंचे सैकड़ों ठेकेदार




प्रभात मंत्र सवांददाता

**धनबाद :** नगर निगम में 13 करोड़ की 56 योजनाओं के लिए गुरुवार को टेंडर डालने को लेकर दिन भर गहमा गहमी रही। सभी योजनाएं वार्ड 1 से 55 तक के लिए निकाली गई है। पेपर डालने के लिए सुबह से ही 100 से अधिक ठेकेदारों का जमावड़ा निगम कार्यालय में लगा रहा। सुरक्षा के मद्देनजर निगम के मेन गेट के सामने बैरीकेडिंग भी लगाई गई थी। बैरिकेडिंग पर सुरक्षा को लेकर पुलिस जवानों की भी तैनाती की गई थी। वही गेट के बाहर सिंह मेंशन और रघुकुल के समर्थक ठेकेदार गुट बनाकर खड़े नजर आए। बता दें कि इससे पहले बीते 12 सितंबर को टेंडर डालने को लेकर सिंह मेंशन के समर्थक और रघुकुल के समर्थक आपस में भिड़ गए थे।

## प्रणाम संगठन के बैनर तले एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

# पंचायत समिति के प्रस्ताव को प्रशासन नजर अंदाज करती है : प्रमुख मीना

दौलत वर्मा@प्रभात मंत्र

**बेंगाबाद/गिरिडीह :** बेंगाबाद प्रखंड गुरूवार को प्रनाम संगठन के बेनर तले एक दिवसीय धरना प्रर्दशन किया गया । इस धरना प्रर्दशन के मुख्य अतिथि बेंगाबाद प्रमुख मीना देवी ने सम्बोधित करते हुए कही की बेंगाबाद पंचायत समिति के प्रस्तावों को यहाँ के प्रशासन नजर अंदाज करती है जनता जर्नादन का काम नहीं करना चाहती है उदाहरण देते हुए कही की जमीन सम्बधी समस्या समाधान के लिए पंचायत समिति बेंगाबाद ने एक प्रस्ताव पास किया इस प्रस्ताव में केम्प लगा कर जमीन का दस्तावेजों को ऑन लाइन करना था जिसे बेंगाबाद प्रशासन ने ऐनकेन प्रकारेन बहाना बनाकर केम्प लगाने से इन्कार किए तो ष्ठष्ट कार्यालय से सम्पर्क स्थापित का समस्या से अवगत करावाया गया समस्या सुनकर उपायुक कार्यालय द्वारा सराहना करते हुए एक आदेश राजस्व शाखा द्वारा जारी कर केम्प लगाने का निर्देश अंचाल अधिकारी बेंगाबाद को किए परन्तु आदेश सुनकर वियौलिया दलाल उपायुक्त कार्यालय पर आदेश रद करने का दबाव बनाये तात्पश्चात आदेश को रद कर दिया गया । एक और प्रस्ताव पंचायत समिति बेंगाबाद का आय स्त्रोत बढाने को लेकर किया गया उसपर भी कोई पहल बेंगाबाद प्रशासन द्वारा नहीं किया गया । राशन कार्ड में सुधार व नए सदस्यों को जोडने इत्यादि और भी जन मुद्दों पर प्रस्ताव लिया गया हैं इस प्रशासन सुस्ती दिखाते हैं इसलिए बेंगाबाद जनता का काम हो बेंगाबाद जनता भी सोचे नही जगे हैं और बेंगाबाद प्रशासन के रवैये में सुधार के लिए यह धरना पर्दशन किया गया है प्रनाम संगठन के संरक्षक ने संबोधित करते हुए कहे कि आज हमारे बेंगाबाद प्रखण्ड पंचायत समिति द्वारा कई यहम फैसला लिया जा रहा है परन्तु विधायक व संसद द्वारा प्रशासन पर दबाव बना कर रोकने का प्रयास किया जाता है आप तमाम को मालूम है कि मार्च 2023 तक कच्चे मकान वाले परिवारों को पक्का मकान बनाने का वादा सरकार द्वारा किया गया था परन्तु प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत प्रतीक्षा सूची के अनुशार 6167 परिवारों को आवास अब तक नहीं बनाना सरकार की तथा प्रशासन सांसद विद्यायक के कार्य संस्कृति पर सवाल तो स्वतः उठता है कर्णपुरा पंचायत के 331 परिवारों को पाँच एकड़ लिख कर रिजेक्ट किया जाना प्रशासन सरकार के कार्य संस्कृति पर पौल खोल कर रख देता है % पंचायत समिति द्वारा केम्प लगा कर जमीन का दस्तावेज ऑन लाइन के सवाल पर जिला से आदेश निर्गत के बाद जिला को बिना किसी के दबाव के रद्द करने की आवश्यक्ता क्या हो सकती है आप स्वतः समझ सकते है जब तक विधायक या सांसद या वैसा शक्ती जो जिला में पकड़ रखते है वो जन समस्या का निवारण नहीं चाहते हुए केम्प लगा कर जमीन दस्तावेज ऑन लाइन हेतू आदेश को रद करवा दिया गया इसलिए कहना है कि हम बेंगाबाद की जनता लड़ कर अपना हक लेने के लिए जानते है आपलोगों का साथ निरंतर रहा तो अपना हक आवस , शिक्ष स्वास्थ, जमीन दस्तावेज ऑन लाइन , राशन सुभी अधिकारों ड्ड मौलिक अधिकारों को प्राप्त कर ही मानेगें जन सरोकार के खिलाफ काम करने या सोच रखने वाले पदाधिकारी व नेता को सबक दे कर पढाने का काम आने वाले समय में करना है हनारों महीला पुरुषों ने भाग लिए।

# पटना-हावड़ा वंदे भारत का पटना और हावड़ा से सप्ताह में 6 दिन होंगा परिचालन

**पटना-हावड़ा वंदे भारत में होंगे कुल 08 कोच सीटों की कुल संख्या 530**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और हावड़ा के मध्य अत्याधुनिक एवं विष्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिनांक 24.09.2023 को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पटना-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन सहित कुल 09 वंदे भारत ट्रेनों का के परिचालन का शुभारंभ किया जायेगा । यह बिहार राज्य की दूसरी वंदे भारत ट्रेन है । पटना-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन पटना से हावड़ा के मध्य लगभग 532 किमी की दूरी 06 घंटे 30 मिनट में तय करगी जो इस रेलखंड पर मौजूदा तेज ट्रेनों की तुलना में लगभग 01 घंटा 30 मिनट कम यात्रा समय होगा । यह ट्रेन पटना और हावड़ा से बुधवार को छोड़कर सप्ताह में 06 दिन परिचालित की जायेगी । पटना-हावड़ा वंदे भारत में कुल 08 कोच होंगे जिसमें एग्जीक्यूटिव चेयर कार श्रेणी का 01 कोच तथा वातानुकूलित चेयर कार के 07 कोच होंगे । एग्जीक्यूटिव चेयर कार में सीटों की कुल संख्या 52 होंगी तथा वातानुकूलित चेयर कार में सीटों की कुल संख्या 478 होंगी ।

# झारखंडी सभ्यता बचाने के लिए 23 सितंबर को शक्ति सेवा करेगी करम महोत्सव का आयोजन : दीपक महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** टाटा सिजुआ, 12 नंबर स्थित शक्ति समाधि स्थल के प्रांगण में शक्ति सेना ने गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें शक्ति सेना ने इस बार भव्य रूप से करम परब महोत्सव आयोजन करने का सर्व समिति से निर्णय लिया। अध्यक्षता शक्ति सेना के सचिव दीपक कुमार महतो ने किया। उन्होंने बताया कि करम परब महोत्सव में झारखंड के विभिन्न स्थानों से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। साथ ही बताया कि झारखंडी सभ्यता को बचाने का एक छोटा सा प्रयास शक्ति सेना के द्वारा किया जा रहा है। इसमें करम की विशेषता, हर एक तरह की झारखंडी सभ्यता की झांकी और करम नृत्य प्रस्तुत की जाएगी। इस कार्यक्रम में कुल 16 पहले नामांकन करवाने वाले टीम भाग लेंगे। नामांकन का अंतिम समय 23 सितंबर को सुबह आठ बजे तक होगा। कार्यक्रम में प्रथम पुरुस्कार के रूप में बड़ा कप 2000 रुपया नगद, साड़ी और पूरे टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार के रूप में मध्यम कप 1500 रुपया नगद, साड़ी और पूरे टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। तृतीय पुरुस्कार के रूप में मध्यम कप 1000 रुपया नगद, साड़ी और पूरे टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा महोत्सव में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को 500 रुपया सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

# सेवा कार्य के लिए तैयार रहती है भाजयुमो : रंजीत राय



**सेवा पखवाडा के तहत भाजयुमों ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले में गुरुवार को भाजयुमों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत साहू धर्मशाला मधुबन होटल के निकट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।जिसका नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा ज़िला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय के द्वारा किया गया। श्री राय ने बताया कि मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत यह कार्यक्रम आयोजन किया गया है । जिसमे गिरिडीह ज़िले से युवा मोर्चा के सदस्यों ने रक्तदान शिविर में बढचढकर कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह के रूप मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा की हमारी पार्टी हमेशा से पहली प्राथमिकता देश और देश वासी को देती हैं जिसका जीता जागता उदाहरण हैं की अपने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भी पूरे देश में पार्टी सेवा पखवाड़ा चला रही हैं । इसमें लगातार 15 दिनों तक लोगो का भला कैसे हो उसपे पार्टी काम कर रही हैं । इसी को लेकर पार्टी की युवा मोर्चा जो है पूरे देश में रक्त दान शिविर लगा रही हैं वैसे तो युवा मोर्चा के सदस्य 24 घंटा 365 दिन जब भी जरूरत पड़ती रक्त दान या कोई भी सेवा कार्य के लिए तैयार रहती हैं । मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से जमुवा विधायक केदार हाजरा, निर्भय शाहबादी, आकाश सिंह, शालिनी वैश्कियार, सुरेश साव, सुनील पासवान, प्रकाश सेठ, रंजीत राय,मीना गुप्ता, विकी गुप्ता, गोतम भदानी, आलोक केसरी, कीर्तिक यादव, शुभम पांडे, गौरव विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, जुगनू , लखन, बबलू, अमित, कुंदन, राहुल, विक्रम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता भाजयुमो के उपस्थित थे।

# आदिवासी संस्कृति व सभ्यता को आगे बढ़ाना ही मेरा लक्ष्य : डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बृहस्पतिवार को माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्यकर विभाग खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार के द्वारा कुडू प्रखंड मुख्यालय कला संस्कृति,खेल कूद-कूद विभाग द्वारा आयोजित मांदर वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव हुवे शामिल। मुख्य अतिथि का स्वागत ग्रामीण एवं प्रखंड प्रशासन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि करमा परब लोहरदगा के जनता धूम धाम से मनाये इसको लेकर त्योहार से पूर्व मांदर वितरण किया जा रहा है। जिससे आदिवासी समाज अपने संस्कृति एवं सभ्यता को दिखाते हुवे खुशियों के साथ मनाए इसको लेकर हमारे द्वारा कार्य किया जा रहा है,साथ ही मेरे द्वारा लोहरदगा के ग्रामीण जनता एवं लोहरदगा का विकास हो इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है। वर्तमान समय में मांदर वितरण किया जा रहा। ताकि वाद यंत्र वितरण से लोहरदगा आदिवासी धुन के साथ पूरा आदिवासी करमा परब मानये इसको लेकर सुभकामना दिए कहा किनगाड़ा और मांदर की आवाज आदिवासियों की पहचान है। गीत संगीत हमारी संस्कृति है ,जिससे हम आगे बढ़ा रहे है। आदिवासी संस्कृति को बचाने से पहले सजाना है,अंखड़ा आदिवासियों का धरोहर हैं हमारे विधायक मद से पूरे लोहरदगा विधानसभा में आदिवासी बहुल क्षेत्र में अखडा का निर्माण लगभग 100 से अधिक निर्माण किया ताकि हम अपनी धरोहर में ही त्योहार मनाएंगे। रात में अखडा में नृत्य किया जाता है परंतु रौशनी नही होने से परेशानी होती थी। लेकिन मेरे द्वारा एवं जिला प्रशासन के द्वारा आदिवासी बहुल गांव के अखड़ा में सोलर लाइट निर्माण किया जाएगा। ताकि अंधेरे से उजाले के और लाया जा सके । इस तरह के कार्य से संस्कृति सभ्यता को आगे बढ़ाया जा रहा है। और आगे भी किया जाएगा, साथ ही कहा आम गरीब जनता के लिए की 20 लाख राशन कार्ड कार्ड बनाया गया जिससे राशन एवं स्वास्थ का लाभ ले सके। 65 लाख कार्ड धारी को लूंगी साड़ी दिया जा रहा है, पेंशन योजना जिससे हर बिरधा एवं विधवा, विकलांग लोगों का कोटा खत्म कर के सभी लोगो को 1000 रुपया पेंशन देना सुरु किया गया ताकि आर्थिक रूप से लोग मजबूत हो सके। बच्चो के लिए आंगनबाड़ी में गर्म कपड़ा का वितरण किया जा रहा है ताकि आम ग्रामीण जनता का कल्याण हो सके।

## भंडरा लुरकुरिया भवन परिसर में प्रखंड स्तरीय करम पूर्व संध्या समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत लुरकुरिया भवन परिसर में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा, विशिष्ट अतिथि शिवराम कच्छप, भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार,केंद्रीय सरना समिति के संतोष तिर्की, चारो उरांव सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि ने भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों का स्वागत आदिवासी महिलाओं ने आदिवासी रीति-रिवाज से किया। मौके पर मुख्य अतिथि बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति-सभ्यता को बरकरार रखने के लिए अपने पूर्वजों से मिली सभ्यता को बरकरार रखने की आवश्यकता है। आज के आधुनिकता के दौर पर लोग अपनी पुरानी संस्कृति को भूलते जा रहे है। इससे हमारे आने वाली पीढ़ियों को अपने संस्कृति का बोध नहीं हो हो पाएगा। उन्होंने कहा कि करम पूर्व संध्या का उद्देश्य हमें समाज के अनुष्ठान व कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक करना है।आदिवासी प्रकृति पूजक के रूप में जाने जाते है। करम का पेड़ ऑक्सीजन देने के साथ-साथ लोगों के लिए औषधि का भी काम करता है। इस दौरान उन्होंने प्रखंड में पहुंचे 50 खोड़हा मंडलियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज गुरूवार को जिला अनुकंपा समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। इसमें पशुपालन विभाग के 02, कल्याण विभाग का 01, शिक्षा विभाग का 01, आयुष कार्यालय का 01 और सिविल सर्जन कार्यालय का 01 मामला समेत कुछ 06 मामलों पर चर्चा हुई और आवश्यक निर्णय लिये गये। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी, स्थापना उपसमाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कैरो गितिलगढ़ में विद्युत विभाग का छापामारी अभियान, सात लोगों पर थाना मे मामला दर्ज

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो थाना के गितीलगढ़ गाँव मे सीएमडी झारखंड ऊर्जा वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर 19 सितंबर को विद्युत विभाग के द्वारा चलाया गया छापामारी अभियान। अभियान मे गितिलगढ़ गाँव मे अवैध रुप से विद्युत ऊर्जा चोरी करते हुये 07 लोगों के प्रति कैरो थाना मे भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत धारा 135/137 के तहत मामला किया गया दर्ज। जिसमे गितिलगढ़ गाँव निवासी वसीम अंसारी, जसीम अंसारी, दोनो पिता इकबाल अंसारी, फिरोज अंसारी पिता रियाज अंसारी, जाकीर अंसारी पिता रमजान अंसारी, संजय कुमार ओझा पिता प्रभू राम ओझा, अनिता उराँईन पति प्रमोद उराँव, राजु उराँव पिता माडू उराँव उक्त 07 लोगो के प्रति विद्युत ऊर्जा की चोरी, बकाया बिल और छ्तीपूर्ति राशि को लेकर कैरो थाना मे मामला दर्ज किया गया है। छापामारी दल के द्वारा विद्युत ऊर्जा चोरी किये जाने वाले तार को जप्त कर विद्युत अवर प्रमंडल कुडु मे जमा कर दिया गया है। उक्त छापामारी दल मे विभाग के सहायक अभियंता मो0 जिशान, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी मनरेगा एई राजीव कुमार, कनीय सारिणी पुरुष मजुल अंसारी, मानव दिवस कर्मी सुनील कुमार के अलावा कैरो थाना के सशस्त्र बल छापामारी अभियान मे शामिल थे।

# विद्यालय प्रांगण में करमा पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के कल्हेपाट ग्राम में संचालित बिरसा पब्लिक स्कूल प्रांगण में छात्र छात्राओं द्वारा गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया सह करमा पर्व पूर्व संध्या गया.इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम प्रारम्भ से पूर्व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा मेजर स्वर्गीय बिरसा उराँव के चित्र पर माल्यार्पण कर अतिथियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्हे छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से शिक्षक के प्रति आभार प्रकट करते हुए विद्यालय के बच्चों ने अपने कर्तव्य का निर्वाहन किया और शिक्षक दिवस पर आधारित गीत संगीत के साथ नाटक व नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही करमा पूर्व सांध्य भी मनाया गया। बताया जाता है कि बिरसा पब्लिक स्कूल मेजर स्वर्गीय बिरसा उराँव के याद में बनवाया गया है। जिसके माध्यम से गरीब असहाय बच्चों को शिक्षा संस्थान से जोड़ते हुए शिक्षा का अध्यन कराते हुए उच्चतर शिक्षा तक बच्चो के जीवन को उच्च स्तर तक ले जाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यकप करमदेव उराँव ने कहा बच्चों के प्रति जीवन सवारने में अपना बहुमूल्य समय व्यतीत कर रहा हूँ। और उन बच्चों से आशा करते हुए कहा की गुरु के मर्यादा को कायम रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नाम रौशन करें। बीआरसी के समन्वयक पंकज कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में गुरु का महत्व सर्वोपरी है। जिसका मर्यादा रखते हुए छात्र छात्राएं अपने भविष्य को सवारने में लक्ष्य को निधारित करें। मौके पर कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक करमदेव उराँव, सरोज महतो, बिशु उराँव, सरिता उराँव, नेहा कुमारी, रीना कुमारी, जयप्रकाश साहू सहित अविभावक एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# झारखंड पार्टी के युवा कार्यकर्ता की बैठक कोलेबिरा स्टेडियम में हुई सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड के स्टेडियम में झारखंड पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई । इस बैठक में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित हुए इस बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत से युवा कार्यकर्ता उपस्थित हुए इस बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया की पूरे प्रखंड में झारखंड पार्टी के युवा समिति को सशक्त बनाने के लिए पूर्वी और पश्चिम दो भागो में बाटा गया दोनों भाग में के अलग-अलग जवाबदेही कार्यकर्ताओं को दी गई अपने संबोधन में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि आज पूरा देश की बागडोर को आगे ले जाने में युवाओं का अहम भूमिका होता है युवा अपने अनुभव और शिक्षा का प्रयोग करते हुए अपने क्षेत्र अपने प्रदेश और अपने देश को आगे बढ़ा सकते हैं इसलिए झारखंड पार्टी युवाओं को आगे लेकर चल रही है साथ ही दोनों ही भागों के कार्यकर्ताओं को सलाह दिया गया की आप एक तिथि निर्धारित करते हुए दोनों ही भाग की कमेटी को तैयार करें और जल्द ही एक वृहद युवा सम्मेलन के लिए संगठन को मजबूत करें झारखंड पार्टी जल्द ही पूरे जिले में प्रत्येक प्रखंड में युवा सम्मेलन करने जा रहे हैं आप सभी बैठक के साथ-साथ पंचायत और बूथ स्तर तक की कमेटी तैयार करें और युवा सम्मेलन की तिथि जिला संगठन को बताएं इस बैठक में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का के अलावा झारखंड पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बदरुद्दीन अहमद झारखंड पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष शुगड जड़िया जिला के पदाधिकारी सैमुअल धनवार के अलावे सैकड़ो युवा उपस्थित थे।

## कर्मा पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिले सरना समिति के सदस्य



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में गुरुवार को केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष रघु उरांव के नेतृत्व में जिले के पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा से मिले जिले की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया खास करके कर्मा पूर्व संध्या सांस्कृतिक समारोह एवं पूजा समारोह को लेकर पूरे जिले में विधि व्यवस्था पुलिस गश्ती को तेज करने की बात कही गई पुलिस अधीक्षक लोहरदगा ने अवगत करते हुए कहा कि त्योहार को लेकर दिनांक 24 सितंबर 2023 एवं 26 सितंबर 2023 तक सभी थानों में पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेंगे। मिलने वालों में मुख्य संरक्षक मनी उरांव, सुखदेव उरांव,बाल किशन भगत, चोन्हस उरांव, अध्यक्ष रघु उरांव, सचिव शशि कुमार भगत, पुंकेस उरांव इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## गुलाम जीलानी ने सुदूर गांव के चार लोगो को 4 यूनिट खून देकर दिया मानवता का परिचय



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर अस्पताल मे चार लोगो को यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष के द्वारा सदर अस्पताल पहुंच कर ए+, बी+, ए+,ए बी + चार लोग ब्लड डोनेट कराया गया। जिला के सदर अस्पताल में भर्ती भंडरा प्रखंड, सेंहा प्रखंड,किस्को प्रखंड,पेसरार प्रखंड, सदर प्रखंड,जिला लोहरदगा के रहने वाला कम हीमोग्लोबिन के चलते डॉक्टर ने जल्द ब्लड चढ़वाने की बात कही जिससे घर वालो ने आनन फानन मे बहुत से लोगो को कॉल मिलाया अनत मे युवा उपाध्यक्ष गुलाम जीलानी को बताया जिससे काफी मुसक़ात के बाद युवा साथी आसुतोष टोपो,फैजू अंसारी खालिद अंसारी और हसन रजा से ब्लड डोनेट करा कर इंसानियत का परिचय देते हुवे कहा की किसी समाज को कभी भी किसी प्रकार का जरूरत पड़े युवा कांग्रेस हमेशा तत्पर्य है यह सुन पीड़ितों का घर वालो की आंखों से आंसू झलक आए और वह धन्यवाद प्रेषित कर रही है। रक्तदान करने के अनेको फायदे है युवा जिला प्रवक्त आसिफ अंसारी ने बताया की, रक्तदान करने से अनेको फायदे फायदे होते हैं, हेमोक्रोमैटोसिस से बचाव, बढ़ती है इम्यूनिटी, दिल की बीमारी का खतरा कम, कैंसर का खतरा कम, वजन पर नियंत्रण, मेंटल हेल्थ के लिए अच्छा और भी कई तरह के फायदे है इत्यादि,इस मौके पर कांग्रेस युवा उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी, जिला प्रवक्ता आसिफ अंसारी, मौसीब अंसारी इत्यादि लोग मौजूद थे।

## करम पूर्व संध्या समारोह कार्यक्रम को लेकर आदिवासी कर्मचारी समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरूवार को आदिवासी कर्मचारी समिति, लोहरदगा का विशेष बैठक समिति के अध्यक्ष श्री किशोर उरांव की अध्यक्षता में की गई। आज के बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया, कि इस वर्ष करम पूर्व संध्या समारोह कार्यक्रम दिनांक 24.09.2023दिन रविवार को हर्षोल्लास के साथ कार्यकर्म स्थल न्यू नगर भवन लोहरदगा ब्लॉक परिषद मनाया जाएगा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मुख्य अतिथि डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा उपायुक्त लोहरदगा एवं हरिश बिन जमां आरक्षी अधीक्षक लोहरदगा होंगे। पदधारियों को जिम्मेवारी भोजन व्यवस्था अभिषेक एक्का,सुनील मिंज, सुजीत उरांव, सुखदेव उरांव टेंट व्यवस्था अरबिंद उरांव, अनिल उरांव, जीतेन्द्र उरांव, दिनेश उरांव, विक्रम उरांव अतितियों का स्वागत समिति विनोद कुमार उरांव, बिफई उरांव, धनंजय भगत, दिनकर टाना भगत। पुष्प गुच्छ वितरण अंजू कुजूर, रेखा कुमारी, नेहा कुजूर, राधा देवी, पुष्पा कुजूर, मनीष कुजूर। आमंत्रण वितरण-सत्यदेव भगत, इंदजीत भगत ,मिडिया को आमंत्रण वितरण मिडिया प्रभारी सुधीर उरांव इन सभी को जिम्मेवारी दी गई। मौके पर किशोर उरांव, बिनोद कुमार उरांव, सुजीत उरांव, जीतेन्द्र उरांव, इंद्रजीत भगत, दिनेश उरांव अनुप उरांव बिफाई उरांव, अंजू कुजूर, रेखा उरांव,राधा देवी, अभिषेक एक्का, कालीचरण उरांव, सुखदेव उरांव, सत्यदेव भगत, अरबिंद उरांव, सुधीर उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

## करमा प्राचीनतम धर्म है : चमरा लिंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत कण्डरा स्थित लुड़कुड़िया विद्यालय के मैदान में आदिवासी रीति रिवाज के साथ धूमधाम से करमा पर्व पूर्व संध्या मनाया गया। करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों से लगभग 100 से अधिक खोड़हा दल पारम्परिक वाद्य यंत्र के साथ आदिवासी महिला पुरुष शामिल हुए। करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। वही कार्यक्रम में आये हुए सभी खोड़हा दल के लोगो का आदिवासी परम्परा के अनुसार स्वागत किया गया। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि विधयक चमरा लिंडा ने कहा कि करमा आदिवासीयों का बहुत ही प्राचीनतम त्यौहार है। आदिवासी समाज के लोग इसे बचाये रखे। अपना पर्व त्यौहार को संरक्षित करना और पहान पुजार तथा समाज के अगुवा का कर्तव्य अपना धर्म सांस्कृति को बचाये रखना और जिससे आदिवासी समाज के लोग आगे बढ़ सकेंगे। धर्म कर्म ही समाज का पहचान होता है? जिसे पालन करते हुए निभाना सभी का दायित्व है। वही करमा पर्व पूर्व संध्या में आये हुए सभी खोड़हा दल के लोगों को सान्त्वना पुरस्कार स्वरूप एक एक डेग दे कर सम्मानित किया गया।

## लीड्स संस्था के द्वारा एक दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गुरुवार को लीड्स संस्था के सहयोग से AND-HERI HILFE BONN परियोजना के तहत ग्राम गोरारजोर के टांगर टोली में एक दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट कराया गया जिसमे ग्राम गोरारजोर, पाकरटोली, पाहारसारा एवम कोरकोटजोर की टीम सामिल हुए इस टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह में जिला परिषद सदस्य प्रेमा बाड़ा, थाना प्रभारी मुन्ना रमन, कोनजोबा पंचायत के मुखिया मूंस खेस, बाघडेगा पंचायत के मुखिया राहुल रोहित तिग्गा एवम प्रखण्ड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा के हाथो किया गया। इस टूर्नामेंट में सभी 4 टीमों ने भाग लिए जिसमे फाइनल में पकरटोली एवम कोरकोटजोर ग्राम के टीम पहुंचे जिसमे पकरटोली की टीम विजेता हुई एवम कोरकोटजोर की टीम उप विजेता हुई। इस टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज अनुज केरकेट्टा, मैन ऑफ द प्लेयर अनुज केरकेट्टा, मैन आफ द मैच उत्तम तिर्की, अभिषेक एक्का एवम अरुण टोप्पो हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति रुचि को बढ़ाना और खेल के क्षेत्र में उनको आगे बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में लीड्स संस्था से श्री अनुराग जी, मनीष जी, अभिषेक जी, संदीप जी, इब्राहिम जी, विवेक जी, विनीता जी, प्रदीप जी, समीरा जी एवम ग्रामीण उपस्थित हुए।

## कर्मा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम के निमित तैयारी पूरी, 48 खोड़हा दल लेंगे भाग : बुधुवा उरांव



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 22 सितंबर शुक्रवार को कैरो मुख्यालय स्थित आदिवासी प्रखंड समिति के द्वारा कर्मा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम के निमित तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन समिति के संरक्षक प्रखंड 20 सुत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव, अध्यक्ष अम्रेन्द्र पन्ना,उपाध्यक्ष मोहन उराँव,सचिव विकास उराँव, कोषाध्यक्ष मंगलदेव उराँव,सह कोषाध्यक्ष बाबूलाल उराँव, जगबन्धन भगत, समिति सदस्यों ने बताया कि पहली बार प्रकृति का महापर्व कर्मा पर्व को लेकर प्रखंड मुख्यालय मे पुर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया है उक्त कार्यक्रम मे 48 खोड़हा दल के लोग पारंपरिक वेश-भूसा व वाद्ययंत्र लेकर कार्यक्रम मे उपस्थित होंगे। इस निमित सभी पार्टी के जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम के निमित आमंत्रित किया गया है। समिति पदाधिकारीयो ने बताया कि 10:30 बजे पूर्वाह्न बीनती प्रार्थना, 11:30 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ, एवं अतिथियों का संबोधन होगा। इस निमित उक्त कार्यक्रम मे प्रेस के माध्यम से समिति सदस्यों ने सभी दल के लोंगो को कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे बढ़-चढ़ भाग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## हमारे क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभावान से भरा पड़ा है सिर्फ उन्हें सही प्लेटफॉर्म की जरूरत है : नेसार अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के बारीडीह गांव में सेवन स्टार फुटबॉल क्लब बारीडीह के तत्वावधान तीन दिवसीय इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया फाइनल मुकाबले में जंगबाज क्लब टाकू की टीम एवं लाल बादशाह जिदो की टीम के बीच खेला गया जिसमें लाल बादशाह जीदो की टीम 2-0 से इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि नेसार अहमद विशिष्ट अतिथि कुडू थाना के प्रभारी श्री विश्वजीत सिंह लोहरदगा जिला कांग्रेस के महासचिव सलीम अंसारी बड़े जिला बीस सूत्री समिति के सदस्य संगीता उरांव,युवा कांग्रेस के लोहरदगा विधानसभा अध्यक्ष संजर अंसारी का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक रूप से जोरदार स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा फाइनल में पहुंचे दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। विजेता एवं उपविजेता समेत कुल छः टीमों को अतिथियों के द्वारा नगद राशि एवं खंसी देकर पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि नेसार अहमद ने उपस्थित खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल का खेल इस क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है जिसे ग्रामीण स्तर पर लोग उत्सव के रूप में मनाते हैं यदि खिलाड़ी इसे फीफा के नियमों एवं अनुशासित ढंग से खेलेंगे और निरंतर अभ्यास करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। इस तरह के खेल के आयोजन से ग्रामीण स्तर पर सामाजिक सद्भाव और सौहार्द बढ़ता है इस क्षेत्र के खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा है और वर्तमान राज्य सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए कई नीति बनाई है जिसका लाभ खिलाड़ियों को उठाना चाहिए ऐसे खिलाड़ियों को संरक्षण और प्रोत्साहन देना हम सब की जिम्मेदारी है। मौके पर विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने कहा कि खिलाड़ी लगन और मेहनत से ही कामयाबी हासिल होती है खासकर क्षेत्र के लोग आपसी सद्भावना बनाए और एक दूसरे को सहयोग करें।

### भ्रष्टाचार कर, आदिवासी कार्ड खेल बच नही सकते सीएम : बाबूलाल

## सरकार जाने वाली है अफसर पक्षपाती से कम ना करें : मरांडी

➲सिमडेगा जिले में सदानों को किया जा रहा है प्रताड़ित : विमला प्रधान

➲स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अफसर के गठजोड़ से हो रहा है छ्हञ्ञ एक्ट का उल्लंघन : विमला प्रधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का स्वागत भाषण करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के कोलेबिरा एवं सिमडेगा बिधानसभा के कार्यकर्ता काफी उत्साहित है और आने वाले लोकसभा एवं बिधानसभा चुनाव में नए जोश के साथ कार्य करने को तत्पर हैं। जिला संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबूलाल जी प्रदेश अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह है इस बार लोकसभा एवं बिधानसभा दोनो में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। पूर्व मंत्री सह संकल्प यात्रा के जिला संयोजक विमला प्रधान ने कहा कि जब से झारखंड में गठबंधन सरकार एवं जिले में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि चुन कर आये हैं,एक विशेष धर्म के प्रति उनकी दुर्भावना बनी हुई है।आये दिन सदानो को प्रताड़ित किया जा रहा है, पिछले दिनों बानबिरा गोकसी घटना में उल्टे सदानो पर ही केश कर उनकी गिरफ्तारी का दबाव प्रशासन पर बनाया जा रहा है,छ्हञ्ञ एक्ट की बातें करने वाले स्थानीय जनप्रतिनिधि खुद अफसरों से गठजोड़ कर जमीन की दलाली कर रहे हैं।गैरमजुरवा जमीन पर जबरजस्ती लाश गडवा कर क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व बिद्यायक निर्मल बेसरा ने कहा मोदी जी का मंत्र है सबका साथ सबका विकास, प्रधानमंत्री आवास उज्ज्वला योजना हो सबका लाभ लोगो को मिल रहा है पर बालू पर रोक लगाकर झारखंड चाहती है है कि केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति झारखंड में न हों। संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के बनने के बाद महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुवा है,महिलाओं का बैंक में खाता नही था जीरो बेलेंस में मोदी जी ने खाता खुलवाया, लोक डाउन में प्रधानमंत्री जी ने जन धन में पैसा डाला लोगो को मुफ्त राशन उपलब्द करवाया,देश के प्रधानमंत्री गरीब महिलाओं सबकी चिंता करते हैं।

## चलते चलते एक नजर

### महिला आरक्षण विधेयक को जनगणना व परिसीमन बनाएगा अधिक प्रभावी : मेघवाल



**नई दिल्ली :** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पेश किया। उन्होंने कहा कि जनगणना और परिसीमन महिला आरक्षण विधेयक को अधिक प्रभावी बनाएगा। जनगणना और परिसीमन के बाद एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं को इसका समुचित लाभ मिल पाएगा। इसलिए जनगणना और परिसीमन समय की मांग है और संविधान सम्मत भी है। मेघवाल ने कहा कि विधेयक पास होने के बाद ही जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हमारी सरकार मानकों के अनुसार इस विधेयक पर त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार भी है। हम चाहते हैं कि देश की माताओं, बहनों, बेटियों को उनका हक मिले। केंद्र सरकार की ओर से अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसका सीधा लाभ हमारी माताओं, बहनों, बेटियों को मिल रहा है। हमारी सरकार महिलाओं के हित में लगातार काम कर रही है।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सांसद रंजीता रंजन ने राज्यसभा में चर्चा के दौरान विधेयक का समर्थन किया लेकिन उन्होंने विधेयक के नाम को लेकर आपत्ति भी जताई। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' नाम ठीक नहीं है। यह दिखाता है कि हम पर दया किया जा रहा है। महिलाओं को दया की जरूरत नहीं है। यह हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसे हमें दिया जाना चाहिए था। यह किसी की ओर से उपकार या उपहार में हमें नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को परिसीमन और जनगणना का इंतजार किए बिना लागू किया जाना चाहिए।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल समस्त नारीशक्ति की आवाज़ बनेगी : भाजपा



**कटिहार :** लोकसभा से नारी शक्ति वंदन विधेयक पास होने पर कटिहार भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महिलाओं में खुशी का माहौल है।भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना झा ने गुरुवार को जिला अतिथि गृह में प्रेसवार्ता कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हमारी सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। यह बिल समस्त नारीशक्ति की आवाज़ बनेगी। साथ ही महिलाओं से जुड़े मुद्दे विधानसभा और लोकसभा में मजबूती से भी उठ सकेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आधी आबादी की चिंता की है यह बड़ी बात है। इस बिल के बाद सर्वोच्च सदन में महिलाओं से संबंधित मुद्दे उठ सकेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कुमार मालाकार, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पूनम सिंह, चांदनी देवी, नेहा किरण, नीलू शाह, भारती देवी, गीता देवी, श्वेता राय, आभा कुमारी, नीलम कुमारी, रीना तिवारी, अर्चना देवी, नेहा किरण, नीतू पासवान, पुष्पा कुमारी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लम्बे अरसे से लंबित महिलाओं के सपनों को अमलीजामा पहनाया प्रधानमंत्री जी ने : मंजूलता दुबे



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मंजूलता दुबे ने लोकसभा में नारीशक्ति वंदन अधिनियम पास किये जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को आभार जताया ।भाजपा नेत्री मंजूलता ने कहा अब नारी शक्ति को अधिकार मिलेगा ,यह एक ऐसा निर्णय है जिसमें हमारी नारी शक्ति को सही मायने में उनका अधिकार मिलेगा ।उन्होंने कहा महिलाओं को अधिकार देने ,उन्हें शक्ति देने जैसे पवित्र काम के लिये शायद ईश्वर ने मोदी जी को चुना और 2014 जे बाद से लगातार नारी सशक्तिकरण की दिशा में कई बड़े कदम उठाये हैं ,जिसने नारी को सम्मान और सुरक्षा के साथ जीने का अधिकार देने का सराहनीय कार्य किया है ।

### हाई कोर्ट से मिली याचिकाकर्ता को सात दिनों की छूट




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड हाई कोर्ट से सिविल जज, जूनियर डिवीजन के एग्जाम में निर्धारित 35 वर्ष की उम्र पार कर जाने की वजह से परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले लाल ज्ञानरंजन नाथ शाहदेव एवं अन्य को अंतरिम राहत मिली है। कोर्ट ने सिविल जज, जूनियर डिवीजन के एग्जाम में याचिकाकर्ताओं को ऑफलाइन फॉर्म भरने के लिए और सात दिन की छूट दी है। 21 सितंबर तक ऑफलाइन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। कोर्ट ने कहा है कि अब इन प्रार्थियों का एग्जाम लिया जाएगा और उनके रिजल्ट भी आएंगे। खंडपीठ ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं का रिजल्ट इस केस के अंतिम निर्णय से प्रभावित होगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को सुनवाई की।याचिकाकर्ताओं लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था वह सिविल जज, जूनियर डिवीजन की तैयारी कई वर्षों से कर रहे हैं लेकिन पिछले पांच साल से सरकार ने कोई एग्जाम नहीं लिया था। इस वजह से उनकी उम्र सीमा निर्धारित 35 वर्ष से ऊपर हो चुकी है। राज्य सरकार ने पिछले पांच साल से यह एग्जाम नहीं लिया। इसलिए हमें निर्धारित उच्च उम्र सीमा में छूट देते हुए एग्जाम देने की अनुमति दी जाए।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनीत प्रकाश एवं नेहा पांडे ने पैरवी की। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की।

# कनाडा के खिलाफ मोदी सरकार सख्त,तीन दिन में तीसरा एक्शन

## भारत ने कनाडाई लोगों के लिए निलंबित किया वीजा सेवा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता का आरोप लगाया था, जिसके बाद से ही दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है. इसी कूटनीतिक विवाद के बीच भारत ने कनाडाई लोगों के लिए वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया है.रिपोर्ट के मुताबिक, बीएलएस इंडिया वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने भारतीय मिशन की ओर से जारी नोटिस के हवाले से कहा है कि कनाडा में भारतीय वीजा से संबंधित सेवाएं अगली सूचना तक निलंबित कर दी गई हैं. कनाडा में भारत के लिए वीजा बीएलएस इंडिया ही प्रदान करता है. नोटिस में आगे कहा गया है कि



ऑपरेशनल कारणों से 21 सितंबर 2023 से भारतीय वीजा सेवाओं को अगली सूचना तक निलंबित किया जाता है. आगे के अपडेट के लिए बीएलएस इंडिया के बेवसाइट पर विजिट करते रहें.कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया है कि कनाडाई नागरिक और खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत शामिल था. इस आरोप को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है.पिछले तीन दिनों में यह तीसरी बार है जब भारत ने कनाडा पर सख्त एक्शन लिया है. इससे पहले कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए सोमवार को भारत के एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित करने का आदेश दिया था तो भारत ने भी जैसे को तैसा की नीति के तहत कनाडा के एक वरिष्ठ डिप्लोमैट को पांच दिन के अंदर कनाडा वापस जाने का आदेश दिया था.मंगलवार को कनाडा सरकार ने भारत को कनाडाई नागरिकों के लिए असुरक्षित बताते हुए एक एडवाइजरी जारी की थी और अपने नागरिकों से सावधानी बरतने के लिए कहा था. मोदी सरकार ने भी इसके बाद कनाडा में रह रहे या जाने की सोच रहे भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी.

### बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तकनीकी सलाहकार नियुक्त हुए श्रीधरन श्रीराम



एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले आगामी आईसीसी विश्व कप के लिए पूर्व टी20 मुख्य कोच श्रीधरन श्रीराम को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया है।आगामी विश्व कप के लिए बांग्लादेश के टीम निदेशक खालिद महमूद ने गुरुवार को क्रिकबज से कहा,हां,हमने उन्हें (श्रीराम) आगामी विश्व कप के लिए तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया है। बीसीबी ने पिछले साल टी20 विश्व कप से पहले श्रीराम को तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया था। तभी बोर्ड ने स्प्लिट कोचिंग शुरू करने का फैसला किया था और टेस्ट और वनडे की जिम्मेदारी रसेल डोमिंगो को सौंपी थी, जिन्होंने बाद में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। बाद में, बीसीबी ने डोमिंगो की जगह चंडिका हथुरुसिंघा को नियुक्त किया और उन्हें सभी प्रारूपों में मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया गया और इसके साथ ही बांग्लादेश के साथ श्रीराम के पहले कार्यकाल का अंत हो गया। बांग्लादेश के सभी प्रारूपों के कप्तान शाकिब अल हसन श्रीराम के बहुत बड़े प्रशंसक रहे हैं और उन्होंने टी20 विश्व कप के दौरान हमेशा उनका समर्थन किया था, जबकि पूर्व भारतीय स्टार को नजमुल हुसैन की सफलता के पीछे एक प्रमुख कारण माना जाता है।

### उपराज्यपाल ने किया शुभारंभ

## लद्दाख महोत्सव शुरू

एजेंसी

**लद्दाख :** लद्दाख के विभिन्न कलाकारों की सांस्कृतिक परेड के साथ लेह में चार दिवसीय लद्दाख महोत्सव गुरुवार को शुरू हो गया। लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा ने इस महोत्सव का शुभारंभ किया। चार दिवसीय लद्दाख महोत्सव के दौरान पर्यटकों को लेह के विभिन्न हिस्सों में होने वाले कार्यक्रमों तक ले जाने के लिए व्यवस्था की गई है। गुरुवार को सबसे पहले हुई सांस्कृतिक परेड में अपने-अपने इलाकों की कला, संस्कृति को दर्शाने वाले रंग बिरंगे परिधान, मुखौटे पहने स्थानीय कलाकारों ने लेह के कारजू इलाके से शहर के पोलो ग्राउंड तक नाच, गाकर, पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाकर समा बांधा। इस सांस्कृतिक परेड को लेह में मौजूद सैकड़ों पर्यटकों ने अपने कैमरे में कैद किया। समारोह के पहले दिन पोलो ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ फोटो प्रदर्शनी, लद्दाख एक्सपो, मूर्तिकला प्रदर्शनी के साथ लद्दाखी खान, पान, हस्तकला के प्रदर्शन हुआ। इसके साथ लद्दाख पर बने वृत चित्र व लघु फिल्में भी दिखाई गई। पर्यटन विभाग के इस महोत्सव में लद्दाख के पशु, पक्षियों की फोटो प्रदर्शनी के साथ मूर्तिकला और सैंड मंडला प्रदर्शनी भी आयोजित की जा रही है। इस मौके पर लेह हिल काउंसिल के चीफ एग्जीक्यूटिव काउंसलर ताशी ग्यालसन व लद्दाख प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। लेह में 24 सितंबर तक चलने वाले इस लद्दाख महोत्सव के दौरान स्थानीय कलाकारों के मुखौटा डांस के साथ लोक गीत, संगीत तथा क्षेत्र में प्रसिद्ध पोलो, तीरंदाजी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी बीच लद्दाख महोत्सव के साथ ही पर्यटकों के लिए पैरा ग्लाडिंग भी शुरू की गई। पैरा ग्लाडिंग करने वाले पर्यटक लेह के सेमो गोंपा से टेक आफ कर पोलो मैदान में उतरेंगे। इसके साथ एयरो शो का भी आयोजन किया जा रहा है।

## एमएसए स्कूल का अर्धवार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित, 150 मेधावी छात्र हुए सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल का अर्धवार्षिक परीक्षा (फर्स्ट टर्मिनल) का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड स्थान प्राप्त करने वालों के साथ-साथ गुड हैंडराइटिंग, अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को आज विधालय में आयोजित पैरेंट्स टिचर मिटिंग के बाद उपस्थित सैकड़ो अभिभावकों के बीच स्कूल संस्थापक मों शफीक अंसारी ने मेरिट सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किए। परीक्षा परिणाम व पुरस्कार पाकर बच्चे काफी उत्साहित दिख रहे थे। कार्यक्रम में अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल संस्थापक मों शफीक अंसारी ने कहा कि बच्चों के अंदर छिपी हर प्रतिभा को निखारना मेरा लक्ष्य। उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन से दुर रखने व प्रतिदिन स्कूल भेजने का आग्रह किया। शिक्षक अफज़ल शफीक ने कहा कम फीस में बेहतर शिक्षा देना और बच्चों का सर्वांगीण विकास




कराना ही है एम.एस.ए पब्लिक स्कूल टीम का लक्ष्य। मौके पर सभी क्लास के वर्ग शिक्षक से अभिभावकों को रूबरू करावाया गया और एक दूसरे का समस्या का समाधान निकाला गया। जिन बच्चों को सम्मानित किया गया उनमें सतीश, रिया, सोनम, उत्कर्ष, मों समीर, श्रेया कुमारी, अलिशा नाज, राजन कुमार, फैजान, अराध्या, प्रिती, अराध्या, रोजी प्रवीण, सुहानी, रितीका, समीर, लक्ष्मी, नुरैशा, ज़ीशान, चाहत, आर्यन, मयंक, शिवम, प्रिया, अमित, संस्कृति, शिवानी मिंज, मुबारक आलम, सुमन्त सिंह, सुहानी, हर्ष उरांव, अनम अफताब का नाम शामिल हैं। मीटिंग में उपस्थित पैरेंट्स मंजीत यादव, इमरान अहमद, इम्तियाज अंसारी, रबीन्द्र सिंह, संतोष, अश्विनी ठाकुर, हीरालाल, राजन उरांव, नितिश, अबुल राशिद अंसारी, हासिम अंसारी, ओमप्रकाश गिरी, रामकिशोर गिरी, निरंजन विश्वकर्मा, अनिल उरांव, रविन्द्र गिरी, दशरथ सिंह, अफरोज आलम, मुस्तफा मियां, अशोक सिंह, रिमा देवी, अफरीदा बानो, अनिमेष पाण्डेय, मनोज उरांव, विभा त्रिपाठी, पंकज कुशवाहा, नसीम अंसारी, बोलबम गिरी, सतीश शर्मा जी का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रहा ।

### भाजपा की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा का कोटा में हुआ समापन

एजेंसी

**कोटा :** भाजपा की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा के समापन पर महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में गुरुवार को विशाल जनसभा का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि असम राज्य क्षेत्रफल व अन्य दृष्टि से छोटा राज्य है। मैं सोचकर आया था कि राजस्थान में जाकर गहलोत सरकार की योजनाओं का निरीक्षण करूंगा, लेकिन जब यहां लोगों से बात की तो पता चला कि देश मे सबसे महंगा पेट्रोल-डीजल राजस्थान में है। असम में पेट्रोल-डीजल दोनों की कीमतें राजस्थान से कम हैं और राजस्थान के सीमावर्ती राज्य उत्तर प्रदेश में भी पेट्रोल की कीमतें राजस्थान के मुकाबले 13 रुपये कम है। राजस्थान में बिजली दरें भी आसमान पर है। रिजर्व बैंक के अनुसार मुद्रा स्फीति दर राजस्थान में अधिक है। राजस्थान सरकार प्रदेश की जनता से भर-भर के पैसा लूट रही है।

## पर्यावरणविद कौशल ने श्राद्धकर्म में शामिल होकर मृतक के नाम किया पौधरोपण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छतरपुर अनुमंडल के मनहु में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने स्व चूल्हन यादव और स्व रामसेवक यादव के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के नाम पर उनकी आत्मा की शांति के लिए बरगढ़, पीपल और,आम के पौधरोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि श्राद्ध में केवल मानव को भोजन साथ साथ पक्षी का भोजन की व्यवस्था बरगढ़ व पीपल के पौधे लगाने से मृत आत्मा के शांति मिलेंगी। उन्होंने श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ दिलाने के उपरांत उनके बीच एक सौ फलदार पौधों निःशुल्क वितरित किया। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पहले कैंसर पीड़ित स्व रामसेवक यादव को इलाज कराने के लिए



छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने सरकार से 5 लाख का अनुदान दिलवाया था। ताकि उनका समुचित इलाज हो सके। वावजूद उन्हें नहीं बचाया जा सका। जिसके लिए वे काफी दुःखी हैं। उन्होंने मृतक के परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले कई जीवो को अनेकों लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं। इसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है।मौके पर डाली पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी जुबेर अंसारी, बसंत विश्वकर्मा, स्व चूल्हन यादव के पुत्र रमेश यादव, देवबंद यादव, सुरेश यादव, नरेश यादव और स्व रामसेवक यादव के पत्नी मालती देवी, पुत्र रविंदर यादव, महेंद्र यादव, हरेंद्र यादव, शिवमंगल यादव, व्यास यादव, राम सकल यादव, रामप्रसाद यादव, जगनारायण, शिवनारायण, लालू साव विजय, रंजन, छोटू, गुड्डू उपस्थित थे।

## कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के आदेश में दखल से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के उस आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है, जिसके मुताबिक कर्नाटक को 28 सितंबर तक पांच हजार हजार क्यूसेक पानी हर दिन तमिलनाडु को देना था। दरअसल, कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा था कि मौजूदा जल संकट की स्थिति में उसके लिए पांच हजार क्यूसेक पानी छोड़ना संभव नहीं है, लिहाजा कोर्ट कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण को अपने इस आदेश पर पुनर्विचार करने का निर्देश दे। वहीं, दूसरी ओर तमिलनाडु सरकार ने और ज्यादा पानी की मांग की थी। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण जैसी एक्सपर्ट संस्था इसे देख रही है, वो स्थिति की समीक्षा करके उपयुक्त आदेश पास करेगी। इसमें हमारे दखल की जरूरत नहीं है। इस मामले में 31 अगस्त को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया था। हलफनामे में कहा गया था कि प्राधिकरण ने तमिलनाडु को 15 दिन के लिए पांच हजार क्यूसेक पानी देने का निर्देश दिया। प्राधिकरण ने कहा था कि कर्नाटक ने निर्देशों का पालन किया है और 26 अगस्त तक 1,49,898 क्यूसेक पानी छोड़ा। पहले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कोई भी आदेश जारी करने से फिलहाल मना किया था। कोर्ट ने प्राधिकरण को रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। इस मामले में कर्नाटक सरकार सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर चुकी है। कर्नाटक सरकार ने अपने हलफनामे में तमिलनाडु सरकार की अर्जी का विरोध करते हुए कहा है कि तमिलनाडु की मांग पूरी तरह से गलत है क्योंकि यह एक गलत धारणा पर आधारित है कि यह संकटग्रस्त साल नहीं है। बल्कि यह सामान्य बारिश का साल है। कर्नाटक सरकार का कहना है कि तमिलनाडु हमें पानी छोड़ने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। इस साल बारिश 25 फीसदी कम हुई है। यह पानी की कमी वाला साल है। जलाशयों का प्रवाह लगभग आधा हो गया है। ऐसे में हमें पानी छोड़ने को मजबूर नहीं किया जा सकता।तमिलनाडु सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मुताबिक कर्नाटक सरकार पानी नहीं छोड़ रही है। उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी 2018 को कावेरी जल विवाद मामले पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोई भी राज्य कावेरी नदी पर अपना दावा नहीं कर सकता है।

A MEGA CONSUMER EXPO
हस्तशिल्प, हैण्डलूम, फर्नीचर, ऑटोमोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक्स बाजार
(विशाल प्रदर्शनी एवं सेल)
NATIONAL ELECTRONICS
Presents
A/C Stall
Non-AC Stall
Jamshedpur
global
TRADE FAIR-2023
Participation Stalls from 8 Countries
& Different States of India
Gopal Maidan, Bistupur
Date : 15th to 26th September, 2023
Time : 01:00 pm to 09:30 pm
HUGE DISCOUNTS! FREE GIFTS! BARGAINS! SURPRISE OFFER! LUCKY DRAW!
OUR SPONSORS
नोटः इस विज्ञापन का पेपर कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की एंट्री फ्री होगी।
YAMAHA SUZUKI HYUNDAI MARUTI SUZUKI TVS PIAGGIO SENCO SONY LG VOLTAS Kelvinator Godrej Panasonic SAMSUNG metro KUTCHINA BAJAJ Bank of Baroda KTM hindware Sunflame EVEREST LIC Nilkamal Prestige aashiana KENT HAVELLS GROLIER CITI INN NIVEA